


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़

लखनऊ वर्ष : 5 अंक : 190 शनिवार, 22 अगस्त 2026 श्रावण माह, शुक्ल, दशमी, विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 5 रुपया




# यूजीसी के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट ने उठाए सवाल

## केंद्र को करना पड़ा पुनर्विचार

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार उच्च शिक्षण संस्थानों में जातीय भेदभाव रोकने के लिए बनाए गए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी के 2026 के इक्विटी नियमों पर दोबारा विचार कर रही है। ये नियम जनवरी में अधिसूचित हुए थे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने कुछ ही दिनों बाद इन पर रोक लगा दी थी। इस पर पुनर्विचार के बारे में केंद्र ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को जानकारी दी।

गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में यूजीसी के 2026 के इक्विटी नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ इस मामले की सुनवाई की। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि यूजीसी के इन नियमों पर दोबारा विचार किया जा रहा है। इसके बाद मामले की सुनवाई चार सप्ताह के लिए आगे बढ़ा दी गई। फिलहाल स्थिति यह है कि 2026 के नियमों पर रोक है, 2012 के नियम लागू हैं।




13 जनवरी को यूजीसी यानी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने उच्च शिक्षण संस्थानों में समता के संवर्धन हेतु यूजीसी समता विनियम 2026 को अधिसूचित किया। इस नियम का मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों में धर्म, नस्ल, जाति, लिंग, जन्म स्थान या दिव्यांगता के आधार पर होने वाले भेदभाव को खत्म करना है। यह नियम अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, विकलांग व्यक्तियों को किसी भी तरह के भेदभाव से सुरक्षा देता है। नए नियम को सभी विश्वविद्यालय को लागू करना होगा। इसको कैसे लागू किया जाएगा इसके लिए भी यूजीसी ने एक पूरा खाका तैयार किया है।

समान अवसर केंद्र- प्रत्येक संस्थान को वंचित समूहों के लिए नीतियों के प्रभावी कार्यान्वयन की निगरानी के लिए समान अवसर केंद्र स्थापित करने होंगे। इसमें संस्थान के पांच फैकल्टी सदस्य होंगे। इन पांच सदस्यों के लिए किसी भी कैटेगरी के लिए कोई आरक्षण नहीं है।

समता समिति- समान अवसर केंद्र को एक समता समिति बनानी होगी। इसके अध्यक्षता संस्थान के प्रमुख होंगे। इसमें एससी, एसटी, ओबीसी, विकलांगों और महिलाओं का प्रतिनिधित्व भी अनिवार्य होगा। इस समिति में कुल दस सदस्य होंगे।

समता समूह- प्रत्येक उच्च शिक्षण संस्थान निगरानी रखने तथा परिसर में किसी भी भेदभाव को रोकने के लिए एक छोटी इकाई भी गठित करेगा, जिसे 'समता समूह (इक्विटी स्क्वॉड)' कहा जाएगा। उच्च शिक्षण संस्थान आवश्यक संख्या में समता समूह गठित कर सकता है, और ऐसे समूह गतिशील रहेंगे तथा संवेदनशील स्थानों पर नियमित रूप से निरीक्षण करेंगे।

विश्वविद्यालय में दाखिले के समय सभी छात्रों को किसी भी तरह के भेदभाव नहीं करने के लिए एक घोषणा-पत्र देना होगा।

संस्थानों को यह सुनिश्चित करना होगा कि छात्रावास आवंटन, कक्षाओं या मेंटरशिप समूहों के चयन में किसी भी तरह का भेदभाव न हो और पूरी प्रक्रिया निष्पक्षता के साथ हो। छात्रों के लिए 24/7 समता हेल्पलाइन और भेदभाव की रिपोर्ट करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल बनाना होगा।

# आरएसएस पर अमेरिकी संगठन की रिपोर्ट खारिज

## विदेश मंत्रालय बोला- USCIRF पक्षपाती, ऐसे संगठनों से दूर रहें

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की विदेश यात्रा से जुड़े सवाल पर विदेश मंत्रालय ने स्थिति स्पष्ट की। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि ब्रिटेन की यात्रा के लिए उन्हें राजनीतिक मंजूरी दी गई थी। वहीं, अमेरिका यात्रा के लिए मंजूरी नहीं दिए जाने को लेकर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्रियों और अन्य गणमान्य लोगों की विदेश यात्राओं का आकलन विदेश मंत्रालय करता है। इसके बाद यात्रा के लिए राजनीतिक मंजूरी दी जाती है।

जायसवाल ने कहा कि प्रस्तावित कार्यक्रम पद और यात्रा के उद्देश्य के अनुरूप होना चाहिए। उनके मुताबिक, इस मामले में अमेरिका के लिए प्रस्तावित यात्रा इन मानकों के अनुरूप नहीं थी, इसलिए राजनीतिक मंजूरी नहीं दी गई।

भारत ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर अमेरिकी संगठन यूनाइटेड स्टेट्स कमीशन फॉर इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम की रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने संगठन की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए इसे पक्षपाती बताया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर कहा कि ऐसे संगठनों से दूरी बनाए रखनी चाहिए, क्योंकि वे अपने एजेंडे के तहत काम करते हैं और उनकी विश्वसनीयता या भरोसेमंद होने को लेकर सवाल हैं।




जायसवाल ने मीडिया ब्रीफिंग के दौरान USCIRF की रिपोर्ट को लेकर पूछे गए सवाल पर भारत का रुख स्पष्ट किया।

जायसवाल ने कहा कि जिस संगठन की रिपोर्ट का जिक्र किया जा रहा है, उससे सभी परिचित हैं। उनके मुताबिक, यह संगठन लंबे समय से भारत के खिलाफ अपमानजनक और भड़काऊ टिप्पणियां करता रहा है। उन्होंने

पाकिस्तान स्थित भारतीय उच्चायोग से जुड़े मामले पर भी विदेश मंत्रालय ने प्रतिक्रिया दी। जायसवाल ने बताया कि भारतीय उच्चायोग के सामने पार्किंग की सुविधा से जुड़े कुछ ढांचे हटा दिए गए थे। उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान से इन्हें नहीं हटाने का अनुरोध किया था, लेकिन इसके बावजूद ये ढांचे हटा दिए गए।

## महाराष्ट्र के धर्मांतरण कानून पर जमीअत की आपत्ति, मौलाना मदनी बोले, 'निजी धार्मिक पसंद में दखल गलत

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने महाराष्ट्र फ्रीडम ऑफ रिलीजन एक्ट 2026 के लागू होने पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि इस कानून के कई प्रावधान नागरिकों की अंतरात्मा की स्वतंत्रता, धार्मिक आजादी, निजता और अपनी पसंद से जीवन जीने के संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ हैं। मौलाना मदनी ने कहा कि भारत की ताकत उसकी अलग-अलग धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान में है। उन्होंने कहा, 'संविधान हर नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता देता है। अगर किसी व्यक्ति को अपनी पसंद का धर्म चुनने की आजादी नहीं होगी, तो संविधान के अनुच्छेद 25 में दिए गए धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का मतलब ही खत्म हो जाएगा।'

मौलाना मदनी के मुताबिक, महाराष्ट्र ने धर्मांतरण विरोधी कानून के मामले में उत्तर प्रदेश, गुजरात और मध्य प्रदेश के मॉडल को अपनाया है। जमीअत उलमा-ए-हिंद इन राज्यों के धर्मांतरण विरोधी कानूनों को पहले ही सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे चुकी है। उन्होंने कहा कि ऐसे कानूनों मेंप्रलोभन और धोखाधड़ीपूर्ण जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। जमीअत का कहना है कि इन शब्दों की परिभाषा स्पष्ट नहीं होने के कारण धर्म के शांतिपूर्ण प्रचार को भी अपराध के दायरे में लाया जा सकता है। मौलाना मदनी ने कहा कि एकेश्वरवाद में विश्वास रखने वाले लोगों के लिए आखिरत यानी परलोक में मिलने वाले फल और मोक्ष की शिक्षा को भी ह्यलालचह्न की श्रेणी में रखा जा रहा है। उनके अनुसार, ऐसा होने पर संविधान के अनुच्छेद 25 में मिले धर्म के प्रचार के अधिकार पर सीधा असर पड़ता है।

## महोबा में वंदे भारत से टकराया सांड, आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त; एक घंटे तक रुकी रही ट्रेन

**एजेंसी न्यूज**



**महोब।** इस वक्त की बड़ी खबर यूपी के महोबा जिले से सामने आ रही है। यहां एक वंदे भारत ट्रेन से सांड की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद ट्रेन का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। जानकारी के मुताबिक 26505 वंदे भारत ट्रेन खजुराहो से वाराणसी जा रही थी। इसी दौरान अचानक ट्रेन के सामने एक सांड आ गया। हालांकि ट्रेन चल रही थी, जिस वजह से सांड से टक्कर के बाद ट्रेन के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि जीआरपी महोबा के किड़ारी फाटक के पास यह हादसा हुआ। हादसे के बाद ट्रेन को करीब एक घंटे तक रोक कर रखना पड़ा। इसके बाद यहां इसकी मरम्मत की गई और फिर ट्रेन को रवाना किया गया। वहीं हादसे के बाद का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें ट्रेन के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त देखा जा सकता है। दरअसल, महोबा में शुक्रवार शाम बड़ा रेल हादसा होते-होते टल गया। खजुराहो से वाराणसी जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस संख्या 26505 किड़ारी रेलवे फाटक के पास अचानक ट्रैक पर आए सांड से टकरा गई। लोको पायलट के प्रयास के बावजूद ट्रेन की सांड से टक्कर हो गई। टक्कर के बाद ट्रेन के अगले हिस्से को नुकसान पहुंचा और ट्रेन को करीब 4 बजकर 26 मिनट पर रोक दिया गया। हादसे की सूचना मिलते ही महोबा जीआरपी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। राहत की बात यह रही कि हादसे में सभी यात्री सुरक्षित हैं।

## वीकेंड पर उत्तराखंड जाने वाले लोग सावधान! देहरादून-मसूरी रोड पर हुआ भारी भूस्खलन

**एजेंसी न्यूज**

**उत्तराखंड** में देहरादून-मसूरी मार्ग पर कुठाल गेट से लगभग 5 किलोमीटर आगे एक भीषण भूस्खलन हुआ है, जिससे सड़क का एक बड़ा हिस्सा ढह गया है। इस हादसे के दौरान रास्ते में एक ट्रक फंस गया है, जिसके कारण मार्ग बेहद संकरा हो गया है और गाड़ियों की आवाजाही में भारी खतरा बना हुआ है। मसूरी जाने वाले यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे इस मुख्य मार्ग के बजाय 'हाथीपांव' वाले वैकल्पिक रास्ते का इस्तेमाल करें, ताकि किसी भी परेशानी और लंबे जाम से बचा जा सके।

### विधानसभा चुनाव से पहले योगी सरकार का बड़ा फैसला

## अखिलेश-मायावती समेत 44 नेताओं को बुलेटप्रूफ जैकेट देने की कर रही तैयारी

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** यूपी में विधानसभा चुनाव से पहले योगी आदित्यनाथ सरकार ने सुरक्षा को लेकर बड़ा फैसला लिया है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव और बीएसपी सुप्रीमो मायावती समेत 44 नेताओं को बुलेटप्रूफ जैकेट देने की तैयारी है। सुरक्षा मुख्यालय ने करीब 10 लाख रुपये की लागत से बुलेटप्रूफ जैकेट्स खरीदी हैं। योगी सरकार के 11 मंत्रियों को भी बुलेटप्रूफ जैकेट्स मिलेंगी।



संजय निषाद और नंद गोपाल नंदी सहित कई मंत्रियों और नेताओं को बुलेटप्रूफ जैकेट्स दी जाएंगी। बता दें कि सुरक्षा और खुफिया इनपुट को देखते हुए एहतियातन ये फैसला लिया गया है। श्रेणी से लेकर Z+ सुरक्षा वाले नेताओं को बुलेटप्रूफ जैकेट्स दी जाएंगी।

जान लें कि इस लिस्ट में संगीत सोम और सुरेश राणा को भी शामिल किया गया है और उन्हें बुलेटप्रूफ जैकेट के रूप में सुरक्षा कवच दिया जाएगा। मंत्री-विधायकों के अलावा दूसरे प्रमुख नेताओं को भी बुलेटप्रूफ जैकेट देने की व्यवस्था है।

गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव से पहले नेताओं की सुरक्षा को लेकर योगी सरकार का ये बड़ा एहतियाती कदम है। हालांकि, बुलेटप्रूफ जैकेट देने की वजह पर सरकार की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं जारी किया गया है। माना जा रहा है कि सुरक्षा एजेंसियों के मौजूदा सुरक्षा आकलन और इनपुट के आधार पर ही इस कदम को लिया गया है। खासतौर से जिन सियासी नेताओं को पहले से सिक्योरिटी मिली हुई है, उनकी सिक्योरिटी को लेकर अतिरिक्त व्यवस्था की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में बड़े नेताओं की जनसभाओं, रैलियों और चुनावी दौरों के दौरान सिक्योरिटी को लेकर खास सावधानी बरती जाती है।

# सीएम योगी बोले- गिरगिट की तरह रंग बदलती है सपा

## पीडीए का 'पी' एक दिन पाकिस्तान कर देंगे

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गिरगिट की तरह रंग बदलने वाले पार्टी के लोग पीडीए को कैसे परिभाषित करते हैं, कभी इनका 'पी' पिछड़ा था, फिर पंडित हो गया। एक दिन ये 'पी' से पाकिस्तान कर देंगे। इनके बयानों पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

ये ऐसे गिद्ध हैं कि जिस पेड़ पर चढ़ेंगे, उसे ही सुखा डालेंगे। सबसे कष्टकारी है कि पीएम मोदी, बसपा अध्यक्ष मायावती ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल कल्याण सिंह की मृत्यु पर आकर श्रद्धांजलि दी। सपा मुखिया ने आना तो दूर, शब्दों से भी कुछ व्यक्त नहीं किया। यह दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है। यह हर उस हिंदू का अपमान था, जिसे लगता है कि कल्याण सिंह का जीवन सनातन मूल्यों और हिंदू गौरव के लिए समर्पित था।

सीएम शुक्रवार को इकाना क्रिकेट स्टेडियम में पूर्व मुख्यमंत्री पद्म विभूषण कल्याण सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित ह्यहिंदू गौरव दिवसह्न कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राम जन्मभूमि आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा कि कल्याण सिंह दबाव में नहीं आते थे।

वह कहते थे कि कल्याण सिंह टूट सकता है, झुक नहीं सकता। आंदोलन के दौरान कहा कि संघर्ष स्वीकार्य है। सत्ता दूर हो जाए, स्वीकार है। प्रभु श्रीराम का



अपमान स्वीकार्य नहीं। संतों के संघर्ष, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मार्गदर्शन और विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में चले आंदोलन का उन्होंने खुलकर समर्थन किया।

सत्ता गंवाई, लेकिन रामभक्तों पर गोली नहीं चलने दी। कल्याण सिंह के प्रति श्रद्धावान होना सनातनियों का दायित्व है। उनकी स्मृतियों को जीवित रखने और इस परंपरा को आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने कल्याण सिंह के पुत्र पूर्व सांसद राजवीर सिंह ह्यराजू भैयाह्न और पौत्र एवं मंत्री संदीप सिंह का भी धन्यवाद दिया कि वे इस परंपरा को लगातार जीवित रखने और आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

सीएम ने कहा कि महापुरुषों का अपमान करना सपा की आदत है। कन्नौज से सपा का रिश्ता रहा है, लेकिन वहां डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम पर बने सरकारी मेडिकल कॉलेज से बाबा साहेब का नाम हटा दिया। हमने फिर इसे बाबा साहेब के नाम पर किया। मैनपुरी में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर बने एक कॉलेज का नाम भी बदल दिया।

## आरक्षण के खिलाफ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन, पुलिस हिरासत में लिए गए कई प्रदर्शनकारी

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस और आरएएफ ने कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में ले लिया। प्रदर्शन के चलते जंतर-मंतर पर कुछ समय के लिए स्थिति तनावपूर्ण बनी रही।

आरक्षण व्यवस्था में बदलाव और जातिगत आरक्षण खत्म करने की मांग को लेकर शुक्रवार को सैकड़ों लोग जंतर मंतर पहुंचे। हाथों में बैनर पोस्टर और आरक्षण विरोधी नारे लिखी तख्तियां लिए प्रदर्शनकारी यहां एकत्रित हुए। प्रदर्शनकारियों ने जातिगत आरक्षण के बजाय आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर नारेबाजी की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने आरक्षण गरीब को मिले, जाति को नहीं, राष्ट्र की आवाज को सुनना होगा और भारत में आर्थिक आधार पर आरक्षण करना होगा जैसे नारे भी लगाये।

# जंतर-मंतर प्रदर्शन: 'सिर्फ भ्रष्टाचार नहीं, सिस्टम की नाकामी का भी नतीजा है विरोध'; आरएसएस ने सरकार को दी नसीहत

**एजेंसी न्यूज**

**विशाखापत्तनम। राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने जंतर-मंतर पर हुए हालिया प्रदर्शनों को केवल भ्रष्टाचार का मामला मानने से इनकार किया है। संघ के नेता सीआर मुकुंदा ने शुक्रवार को कहा कि इन प्रदर्शनों के पीछे व्यवस्था की कुछ व्यापक नाकामियां भी सामने आती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को इन कमियों को दूर करने के लिए कदम उठाने चाहिए। विशाखापत्तनम में संघ की तीन दिवसीय समन्वय समिति की बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुकुंदा ने कहा कि देश की व्यवस्थाओं में कमियां हैं, लेकिन बदलाव अव्यवस्था या विनाश के रास्ते से नहीं लाया जा सकता।

मुकुंदा ने कहा कि युवाओं की चिंताएं केवल नीट या किसी एक सरकार से जुड़ी नहीं हैं। शिक्षा, रोजगार और तेजी से बदलते समाज में युवाओं की आकांक्षाएं भी इस व्यापक चर्चा का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य को लेकर जो चिंताएं और बेचैनी है, उसे समझने और उसका समाधान करने की जरूरत है। उनके मुताबिक, देश की विभिन्न व्यवस्थाओं में मौजूद कमियों को दूर करना जरूरी है।



> जंतर-मंतर का विरोध सिर्फ भ्रष्टाचार का मुद्दा नहीं है। यह सिस्टम की नाकामी और युवाओं के भविष्य को लेकर उनकी चिंता को भी दिखाता है। इन समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार और समाज, दोनों को मिलकर काम करना होगा।

आरएसएस नेता ने कहा कि व्यवस्था को बेहतर तरीके से चलाने के लिए सरकार को जरूरी कदम उठाने होंगे और समाज को भी जागरूक होकर अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार और समाज दोनों को मिलकर काम करने की जरूरत है। उनके मुताबिक, व्यवस्था में सुधार केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि सामाजिक सहयोग से भी संभव है।

मुकुंदा ने कहा कि बदलाव अव्यवस्था या विनाश के जरिए नहीं लाया जा सकता। उन्होंने समस्याओं को रचनात्मक और सकारात्मक तरीके से हल करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं की चिंताओं को समझना होगा और व्यवस्था में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। फ्तर की बैठक में भी इसी दृष्टिकोण से इन मुद्दों पर चर्चा की गई।

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने 20 जून को जंतर-मंतर पर कथित परीक्षा अनियमितताओं के खिलाफ प्रदर्शन शुरू किया था। इसमें नीट से जुड़े आरोप भी शामिल थे। प्रदर्शनकारियों ने तत्कालीन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और कथित परीक्षा अनियमितताओं को लेकर सरकार की जवाबदेही की मांग की थी। सीजेपी का आरोप था कि बार-बार होने वाली परीक्षा संबंधी अनियमितताओं और पेपर लीक ने छात्रों और उनके परिवारों के जीवन को प्रभावित किया है। इस आंदोलन को विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के नेताओं का समर्थन भी मिला।

सीजेपी ने 25 जुलाई 2026 को 36 दिन चला अपना आंदोलन समाप्त कर दिया। संगठन ने दावा किया कि उसकी मांगों को स्वीकार किए जाने और धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद आंदोलन खत्म किया गया।

## संभल में 36 घरों और दुकानों को नोटिस भेजने की तैयारी में प्रशासन



**एजेंसी न्यूज**

**संभल।** यूपी के संभल में एक बार फिर प्रशासन ने 36 घरों और दुकानों को नोटिस जारी करने के लिए चिह्नित किया है। आरोप है कि इनका निर्माण 'संभल मास्टर प्लान 2031' के तहत नहीं किया गया है। चिह्नित किए गए सभी मकान और दुकान मानकों को खरे नहीं उतर रहे हैं। हाल ही में प्रशासन की तरफ से शाही जामा मस्जिद के पीछे वाले इलाके का निरीक्षण किया था। इस दौरान 36 घर और दुकानें ऐसी मिलीं, जिनके नक्शे मंजूर नहीं थे। फिलहाल इन सभी को नोटिस जारी किया जाएगा और अपना पक्ष रखने का मौका भी दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अवैध अतिक्रमण भी मिला, जिसे हटाया जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि संभल में शाही जामा मस्जिद के आस-पास बने 36 घरों और दुकानों को नोटिस जारी किए जाएंगे। इन पर आरोप है कि इनका निर्माण 'संभल मास्टर प्लान 2031' के तहत मंजूर किए गए बिल्डिंग नक्शों के बिना किया गया है। सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट विकास चंद्र ने बताया कि 'संभल मास्टर प्लान 2031' को लागू करने के लिए, डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के निर्देश पर प्रशासन ने विवादित मस्जिद के पीछे वाले इलाके का निरीक्षण किया था। उन्होंने कहा, "निरीक्षण के दौरान 36 ऐसे घर और दुकानें मिलीं जिनके नक्शे मंजूर नहीं थे।

## एक नजर

### सरकारी जमीन पर दोबारा कब्जा, एसडीएम से शिकायत

**शीशगढ़।** गिरधरपुर की प्रधान प्रेम बती ने एस डी एम मीरगंज निधि शुक्ला को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उनकी ग्राम पंचायत में शासन द्वारा प्रस्तावित एक पंचायत भवन का निर्माण कराया जाना है। जिसकी धनराशि भी आ चुकी है। जिस जगह पर पंचायत भवन का निर्माण होना है। उसी जगह पर गांव के ही रामेश्वर द्वारा टीन शेड डालकर अबैध कब्जा कर लिया गया था। जिसकी शिकायत उनके द्वारा एस डी एम मीरगंज को दी शिकायत के बाद विगत सप्ताह उनके आदेश पर पहुंची राजस्व टीम ने जगह को कब्जा मुक्त तो करवा दिया। लेकिन राजस्व टीम के जाने के बाद आरोपी ने जमीन पर सामान डालकर दोवारा कब्जा कर लिया है। ग्राम प्रधान का आरोप है उनके द्वारा आरोपी से जगह खाली करने की बात कही जाने पर आरोपी द्वारा उन्हें व उनके पति को जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

# ट्रक की टक्कर से तीन कांवड़िए घायल

## आक्रोशित कांवड़ियों ने लगाया दो घंटे जाम

जागरण मोर्चा कार्यालय



**फतेहगंज पूर्वी।** हरिद्वार से गोला जा रहे कांवड़ियों के जत्थे के साथ बरेली के निकासुआ-टिसुआ गांव के पास दर्दनाक हादसा हो गया। ट्रक की टक्कर लगने से तीन कांवड़िए घायल हो गए। घायलों में दिनेश सिंह (45 वर्ष) और रविंद्र पुत्र महेंद्र पाल सिंह समेत अन्य कांवड़िया शामिल हैं। दो घायलों को उपचार के लिए शाहजहांपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद कांवड़ियों में भारी आक्रोश फैल गया। आक्रोशित कांवड़ियों ने सड़क पर जाम लगा दिया, जिसके चलते करीब दो घंटे तक यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी जमा हो गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए फरीदपुर के क्षेत्राधिकारी संदीप सिंह, तहसीलदार और थाना प्रभारी राजकुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं बिथरी चैनपुर थाना प्रभारी राजेश बाबू मिश्रा के नेतृत्व में आसपास के थानों का पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद कांवड़ियों ने मामले की सूचना शाहजहांपुर के आला अधिकारियों को भी दी। इसके बाद प्रशासनिक स्तर पर हलचल तेज हो गई। शाहजहांपुर के सांसद और विधायक स्तर से भी बरेली के अधिकारियों से संपर्क किए जाने की चर्चा रही। स्थिति को देखते हुए फरीदपुर तहसील क्षेत्र के अधिकारियों ने कांवड़ियों से जाम खोलने का अनुरोध किया। काफी देर तक पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने कांवड़ियों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। अधिकारियों के आश्वासन और कार्रवाई के भरोसे के बाद कांवड़ियों का आक्रोश शांत हुआ और उन्होंने जाम खोल दिया। इसके बाद सड़क पर यातायात सुचारू हो सका। जानकारी के अनुसार, शाहजहांपुर जिले के थाना मदनापुर क्षेत्र के गांव रहदेवा, तहसील तिलहर से करीब 38 कांवड़ियों का जत्था डाक कांवड़ लेकर हरिद्वार गया था। हरिद्वार से वापस गोला जाते समय निकासुआ-टिसुआ के पास यह हादसा हुआ। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के बाद मौके पर काफी देर तक तनावपूर्ण माहौल रहा, लेकिन पुलिस-प्रशासन की तत्परता और अधिकारियों की समझाइश के बाद स्थिति नियंत्रण में आ गई। कांवड़ियों का आक्रोश, पुलिस-प्रशासन की मशक्कत और शाहजहांपुर से बरेली तक अधिकारियों के बीच बढ़ी हलचल के चलते यह हादसा क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।



# कांवड़ियों का सम्मान कर भद्रसेन गंगवार ने दी मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज।** ग्राम बहरोली में गुरुवार को कांवड़ यात्रा के दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं 119 मीरगंज विधानसभा क्षेत्र से भावी उम्मीदवार भद्रसेन गंगवार ने कांवड़ियों का गमछा पहनाकर सम्मान किया। उन्होंने हरिद्वार से गंगाजल लेने जा रहे शिवभक्तों को यात्रा की मंगलमय शुभकामनाएं देते हुए उनके सुरक्षित आवागमन की कामना की।भद्रसेन गंगवार ने कहा कि कांवड़ यात्रा भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था, श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है। बाबा भोलेनाथ की कृपा सभी कांवड़ियों पर सदैव बनी रहे और उनकी हरिद्वार यात्रा सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय हो। उन्होंने शिवभक्तों से यात्रा के दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखने और सावधानीपूर्वक यात्रा करने की भी अपील की। इस दौरान शिवभक्तों में उत्साह का माहौल रहा। कांवड़ियों ने सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रधानपति वीरपाल सागर, शिवम सक्सेना सहित तमाम शिवभक्त, ग्रामीण एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# अलीगंज में युवती की संदिग्ध मौत का खुलासा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** अलीगंज थाना क्षेत्र में युवती की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने जांच के बाद नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में आरोपी ने युवती की हत्या कर शव खेत में दफनाने की बात स्वीकार की है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जिला कारागार भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार मामला ग्राम अनिरुद्धपुर गौदिया का है। 16 अगस्त को युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत और शव खेत में दबे होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने शव को जमीन से बाहर निकलवाकर 19 अगस्त को पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कराई। इसके बाद मृतका के दादा की तहरीर पर 20 अगस्त को मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने 20 अगस्त की सुबह मुखबिर की सूचना पर गांव के एक खेत से 37 वर्षीय जयप्रकाश को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1) और 238ए के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे युवती के गांव के ही एक युवक से प्रेम-प्रसंग होने का शक था। आरोप है कि 28 जुलाई को उसने युवती को ट्यूबवेल की कोठरी में मोबाइल पर बातचीत करते देखा। इसी बात से नाराज होकर उसने दुपट्टे से युवती का गला घोंट दिया। पुलिस का दावा है कि घटना के बाद आरोपी ने शव को कुछ समय ट्यूबवेल की कोठरी में छिपाकर रखा और बाद में खेत में गड्ढा खोदकर दफना दिया। पूछताछ में शव के साथ नमक के पैकेट डाले जाने की जानकारी भी सामने आई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। मामले में साक्ष्यों और अन्य तथ्यों की जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की हुई मौत

**फतेहगंज पूर्वी।** क्षेत्र के गांव हरेली अलीपुर में शुक्रवार शाम दर्दनाक हादसे में 64 वर्षीय बुजुर्ग महेंद्र पाल पुत्र कन्हैया लाल की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। बताया जा रहा है कि शुक्रवार शाम करीब 4 बजे महेंद्र पाल रेलवे ट्रैक की चपेट में आ गए। हादसा इतना दर्दनाक था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। बुजुर्ग की मौत की खबर सुनकर परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पत्नी की दर्द भरी पुकार ने हर किसी को झकझोर दिया। पति की मौत के बाद मृतक की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। पत्नी की दर्द भरी पुकार सुनकर घटनास्थल पर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गई। परिवार में एक बेटा और एक बेटी हैं और दोनों की शादी हो चुकी है। इस दर्दनाक हादसे ने हरेली अलीपुर गांव के पास रेलवे ट्रैक की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के नजदीक रेलवे ट्रैक होने के बावजूद लोगों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं।

# गौ पूजा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय




श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

**बहेड़ी।** गंगा वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में नगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास मधुर गोपाल शास्त्री ने गौ, गोवर्धन तथा पर्यावरण संरक्षण पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि इंद्रियों का बर्धन ही गोवर्धन नाथ की पूजा है। जो कुछ भी खाएं, भगवान् का भोग लगाकर खाएं।

उन्होंने कहा, जीवन भर मनुष्य करीब 10 तरह की लकड़ी अपने उपयोग में लेता है पर एक भी पेड़ लगाने की परवाह नहीं करता जबकि 10 पेड़ तो लगाना ही चाहिए। पर्यावरण के सुरक्षित होने पर ही हम सुरक्षित रहेंगे। गौ सेवा को लेकर कथा व्यास ने कहा कि पहले घर घर में गाय पूजी जाती थी पर बदलते माहौल में गाय की जगह कुत्ते बिल्लियों ने ले ली है। जीवों को संरक्षण देना बुरा नहीं है पर गाय की सेवा सबसे उत्तम सेवा है क्योंकि उसमें 33 कोटि देवता निवास करते हैं। श्रीमद्भागवत में कथा का श्रवण करना, तुलसी जी की पूजा को गौ पूजा के समान माना गया है। ब्राह्मणों की उपेक्षा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि समाज में फैलाई जा रहीं भ्रांतियों के कारण यह सब हो रहा है जबकि भगवान् ने भी पहले ब्राहमण की ही पूजा करवाई। कार्यक्रम में यजमान सुनील रस्तोगी, रमेश सिंह, मिथलेश श्रीवास्तव, सुरेंद्र पाल सिंह, राज मंगल यादव, हरि प्रसाद तिवारी, राकेश पटेल, लल्लन तिवारी, अवधेश सक्सेना, हंसनाथ शाह, श्रीकांत तथा रामनाथ राठौर समेत सैकड़ों अन्य श्रद्धालु शामिल रहे।

# ईद मिलादुन्नबी को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट, टिटौली में जुलूस मार्ग का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मीरगंज।** ईद मिलादुन्नबी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को एसडीएम मीरगंज निधि शुक्ला और सीओ हाईवे देवेश सिंह ने थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के साथ संवेदनशील गांव टिटौली पहुंचकर जुलूस के प्रस्तावित मार्ग का निरीक्षण किया।अधिकारियों ने जुलूस मार्ग की स्थिति, संवेदनशील स्थानों और सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान स्थानीय पुलिसकर्मियों से क्षेत्र की स्थिति और संभावित संवेदनशील बिंदुओं की जानकारी ली गई। अधिकारियों ने जुलूस के दौरान विशेष सतर्कता बरतने, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती और पूरे मार्ग पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए।

सीओ हाईवे देवेश सिंह ने कहा कि ईद मिलादुन्नबी के जुलूस को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। जुलूस निर्धारित मार्ग और तय नियमों के अनुसार ही निकाला जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था में पर्याप्त पुलिस बल लगाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि माहौल बिगाड़ने या शांति व्यवस्था प्रभावित करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।एसडीएम मीरगंज निधि शुक्ला ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना है। जुलूस मार्ग का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने, अफवाहों से बचने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। प्रशासन की सक्रियता से साफ है कि पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाएगी और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की निगरानी लगातार बनी रहेगी।

# एसडीएम का स्कूल में औचक निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



निरीक्षण के दौरान बच्चों से संवाद करते एसडीएम विदुषी सिंह। -जागरण मोर्चा

**फरीदपुर (बरेली)।** उप जिलाधिकारी विदुषी सिंह ने शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय नौगंवा का औचक रुप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कुल 170 छात्र पंजीकृत पाए गए, जिनमें से 89 छात्र उपस्थित थे। विद्यालय में तैनात 8 शिक्षकों में से 7 शिक्षक उपस्थित पाए गए 1 शिक्षिका मैटरनिटी लीव पर पायी गई। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने मध्याह्न भोजन योजना के अन्तर्गत बनाए गए भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं वितरण व्यवस्था का भी अवलोकन किया। बंद पाये गए शौचालय खुलवाकर देखने पर साफ़ सफ़ाई नहीं पायी गई। स्टाफ द्वारा अवगत करवाया गया कि सफाई कर्मचारी आता ही नहीं हैं, साफ़ सफाई हेतु संबंधित को निर्देशित किया। आंगनवाड़ी केंद्र पर आंगनवाड़ी उपस्थित नहीं पायी गई, तथा आंगनवाड़ी सहायिका मौजूद मिली। हैंड वाश के लिए टोंटी तो लगी थी लेकिन पानी नहीं आ रहा था जिसे सही कराने के निर्देश दिए गए।वहीं एसडीएम ने छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित कर पठन-पाठन एवं अन्य सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली। एसडीएम ने शिक्षकों को विद्यालय में शिक्षा में रचनात्मकता का सृजन करने को कहा ताकि बच्चे पढ़ाई में रुचि लें साथ ही उनमें पढ़ाई के प्रति उत्साह बढ़े जिससे वह विद्यालय में अनुपस्थित न रहकर स्वयं विद्यालय आने को आतुर रहें। एसडीएम ने पठन-पाठन व अन्य व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

# संपत्ति कर वसूली में तेजी लाने के दिए कड़े निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** नगर आयुक्त की अध्यक्षता में शुक्रवार को संपत्ति कर विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में शासन की एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस), बिल वितरण, कर वसूली, नामांतरण और जनशिकायतों के निस्तारण की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। नगर आयुक्त ने मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को ओटीएस का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक करदाता इस योजना का लाभ उठा सकें।बैठक में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त रुख अपनाया गया। कर समाहर्ता विशाल जौहरी के बैठकों में अनुपस्थित रहने, बिल वितरण और वसूली में कमी पाए जाने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। सभी जोनल अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में शत-प्रतिशत बिल वितरण सुनिश्चित करने को कहा गया है, ताकि लोग वर्तमान छूट का लाभ पा सकें।इसके अलावा, कुछ आउटसोर्स कर्मचारियों की आईडी मिसमैच का मामला सामने आने पर मुख्य कर निर्धारण अधिकारी और जोनल अधिकारियों को जांच के आदेश दिए गए। नामांतरण के लंबित मामलों को समयबद्ध ढंग से निपटाने और हर 15 दिन में विज्ञप्ति जारी करने के निर्देश दिए गए। कर्मचारियों को ऑनलाइन नामांतरण की ट्रेनिंग भी दी जाएगी। जोनल अधिकारी अब सप्ताह में कम से कम दो दिन कार्यालयों में जनसुनवाई करेंगे।

# एनएचआईटी ने वितरित कीं डेस्क-बेंच

जागरण मोर्चा कार्यालय




नई डेस्क बेंचों पर बैठे बच्चों के साथ एनएचआईटी की टीम।

**फरीदपुर (बरेली)।** एनएचआईटी ने सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम के तहत विकासखंड फरीदपुर के प्राथमिक विद्यालय नौगंवा में विद्यार्थियों के लिए डेस्क-बेंच वितरित कीं। इस पहल का उद्देश्य विद्यालय में बच्चों को बेहतर, सुरक्षित एवं आरामदायक अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में एनएचआईटी के प्रोजेक्ट हेड अंजनी कुमार ने विद्यार्थियों को नई डेस्क-बेंच प्रदान कीं। नई डेस्क-बेंच मिलने पर विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी की झलक साफ दिखाई दे रही थी। अब बच्चों को कक्षा में बैठकर पढ़ाई करने में सुविधा होगी और उनके अध्ययन अनुभव में सुधार आएगा। विद्यालय स्टाफ ने एनएचआईटी की इस पहल को शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग, सामुदायिक विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। संस्था ने कहा कि इस तरह के प्रयासों से स्थानीय स्तर पर शिक्षा और विद्यार्थियों की सुविधाओं को बेहतर बनाने का काम निरंतर किया जाएगा। इस अवसर पर एनएचआईटी के मैनेजर कासिम खान के साथ टोल प्रबंधन के पवन कुमार, संजीव गुप्ता, ग्राम प्रधान इसरार खां, विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# कैनविज कंपनी के खिलाफ हुई एक और एफआईआर, महिला ने गंवाए 2.75 लाख

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** धोखाधड़ी और निवेश के नाम पर ठगी के आरोपों से घिरी कैनविज कंपनी और उसके संचालक कन्हैया गुलाटी के खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज हुआ है। ताजा मामला प्रेमनगर थाना क्षेत्र का है, जहां एक महिला ने एजेंट के माध्यम से कंपनी में 2.75 लाख रुपये निवेश किए। आरोप है कि शुरुआत में दो महीने ब्याज देने के बाद कंपनी ने भुगतान बंद कर दिया। हार्टमैन रोड स्थित ऊषा वाटिका निवासी रूबी गुप्ता पत्नी दीपक गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि नवादा जोगियान निवासी एजेंट अंशुल मौर्य ने उन्हें कैनविज कंपनी में रकम लगाने के लिए प्रेरित किया। एजेंट ने हर महीने की पहली तारीख को पांच प्रतिशत ब्याज और 20 महीने बाद पूरी मूल रकम लौटाने का भरोसा दिलाया। इसके बाद रूबी ने 2.25 लाख रुपये का सेंट्रल बैंक का चेक और 50 हजार रुपये नकद दे दिए।

पीड़िता के मुताबिक, कंपनी की ओर से उन्हें केवल दो माह तक ब्याज दिया गया। इसके बाद भुगतान रोक दिया गया। रकम वापस मांगने पर एजेंट टालमटोल करता रहा। उसके पिता राजेंद्र मौर्य ने भी रुपये वापस कराने का आश्वासन दिया, लेकिन रकम नहीं लौटाई। काफी प्रयासों के बाद भी रकम वापस नहीं मिलने पर पीड़िता ने एसएसपी अनुराग आर्य से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर प्रेमनगर पुलिस ने कैनविज कंपनी, कन्हैया गुलाटी और एजेंट अंशुल मौर्य के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।





राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
जन-जन की आवाज़
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद एवं उत्तराखंड में प्रसारित
WWW.jagranmorcha.com
jagranmorchadaily@gmail.com
@JagranMorchaDaily

**एक नजर**

### बरेली-हल्द्वानी रोडवेज बस में 15 यात्री बिना टिकट मिले

बरेली। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बरेली–हल्द्वानी रूट पर संचालित बस में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। लखनऊ मुख्यालय की प्रवर्तन टीम ने फुलभट्ठा क्षेत्र में औचक चेकिंग के दौरान बस संख्या यूपी 78 एलटी 5178 से 15 यात्रियों को बिना टिकट सफर करते हुए पकड़ा। टीम की रिपोर्ट के आधार पर परिचालक मनोज कुमार गुप्ता और चालक हरविंदर कुमार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की गई है। साथ ही इस रूट पर तैनात टीआई की भूमिका भी जांच के दायरे में है।क्षेत्रीय प्रबंधक मोहम्मद अजीम को इस रूट से कम आमदनी और परिचालक द्वारा टिकट न देने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद उन्होंने मुख्यालय से सघन जांच का अनुरोध किया था। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी कम आय वाले रूटों पर औचक चेकिंग जारी रहेगी।

# कांवड़ शिविर में पहुंचे जिलाधिकारी, परखी सभी व्यवस्थाएं

## कांवड़ियों को किसी भी तरह की परेशानी न हो, कमी मिलने पर तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। शुक्रवार को जिलाधिकारी ने आंवला क्षेत्र में संचालित कांवड़ शिविर का अचानक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने शिविर में कांवड़ यात्रियों के ठहरने, पेयजल, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों को मौके पर परखा।



डीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रियों को किसी भी स्तर पर असुविधा नहीं होनी चाहिए। जहां भी व्यवस्था में कमी नजर आए, उसे तत्काल दुरुस्त कराया जाए। जिलाधिकारी के शिविर पहुंचते ही संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों में सक्रियता बढ़ गई। डीएम ने केवल अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी लेने के बजाय स्वयं शिविर परिसर का भ्रमण किया और मौके पर उपलब्ध सुविधाओं को देखा। उन्होंने कांवड़ियों के ठहरने के स्थान, पेयजल की व्यवस्था, रोशनी, साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण किया। डीएम ने अधिकारियों से यह भी जानकारी ली कि कांवड़ यात्रियों की संख्या अचानक बढ़ने की स्थिति में अतिरिक्त व्यवस्थाओं को किस तरह संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा प्रशासन की प्राथमिकता है। शिविर में आने वाले किसी भी कांवड़ यात्री को परेशानी न हो और जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाए।

### समस्या सामने आए तो मौके पर हो समाधान

निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जाए। किसी सुविधा में कमी या किसी तरह की समस्या सामने आने पर उसे कागजी प्रक्रिया में उलझाने के बजाय तत्काल मौके पर समाधान कराया जाए। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने तथा शिविर में व्यवस्थाएं लगातार दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए सभी जरूरी इंतजाम पहले से सुनिश्चित किए जाएं, ताकि बाद में किसी तरह की अव्यवस्था पैदा न हो।

### भीड़ बढ़ने पर सुरक्षा मजबूत रखने के निर्देश

कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए डीएम ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। पुलिस और प्रशासनिक अमले को क्षेत्रों में कांवड़ियों की आवाजाही पर नजर रखने को कहा। डीएम ने निर्देश दिए कि भीड़ बढ़ने की स्थिति में उसे व्यवस्थित तरीके से नियंत्रित करने की पर्याप्त तैयारी रहे। किसी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए संबंधित अधिकारी और कर्मचारी अपने दायित्वों के प्रति पूरी तरह सजग रहें। कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### साफ-सफाई व्यवस्था पर भी विशेष जोर

जिलाधिकारी ने शिविर परिसर और आसपास के क्षेत्र में साफ–सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में कूड़ा एकत्र न होने दिया जाए और सफाई व्यवस्था लगातार सक्रिय रखी जाए। श्रद्धालुओं को गंदगी के बीच से होकर न गुजरना पड़े, इसके लिए नियमित सफाई कराने तथा कूड़ा उठाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने शिविर के आसपास भी स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि कांवड़ यात्रियों को साफ और व्यवस्थित वातावरण मिल सके।

### पेयजल और प्रकाश व्यवस्था की भी जांच

कांवड़ियों के लिए पर्याप्त और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर भी डीएम ने विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविर में हर समय पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था रहनी चाहिए। पानी की उपलब्धता में किसी भी तरह की कमी न आने पाए। रात के समय श्रद्धालुओं की आवाजाही को देखते हुए शिविर और उसके आसपास पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। डीएम ने कहा कि रात में पहुंचने वाले कांवड़ यात्रियों को अंधेरे के कारण किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए सभी जरूरी स्थानों पर पर्याप्त रोशनी सुनिश्चित की जाए।

**लगातार निगरानी रखने के निर्देश** निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कांवड़ शिविर की व्यवस्थाओं पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता तीनों पर विशेष ध्यान दिया जाए। किसी भी स्तर पर कमी सामने आने पर उसका तत्काल समाधान कराया जाए। जिलाधिकारी के अचानक निरीक्षण से साफ है कि प्रशासन कांवड़ यात्रा के दौरान व्यवस्थाओं को लेकर किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहता और श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जमीनी स्तर पर इंतजामों की निगरानी कर रहा है।

# कांवड़ियों की राह में कीचड़-दलदल

▸ भोलापुर रामगंगा घाट से मुख्य मार्ग तक बदहाल रास्ता, दंडवत यात्रा कर रहे शिवभक्तों की बढ़ी मुश्किलें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सावन में कांवड़ियों के लिए बेहतर व्यवस्थाओं के प्रशासनिक दावों के बीच फतेहगंज पश्चिमी के भोलापुर रामगंगा घाट की तस्वीर अलग कहानी बयां कर रही है। घाट से मुख्य सड़क तक जाने वाला रास्ता कीचड़ और दलदल से भरा पड़ा है। गुरुवार को गांव चितौली निवासी नंदकिशोर और प्रियांशु ने इसी बदहाल रास्ते से दंडवत यात्रा शुरू की। करीब सात किलोमीटर की यात्रा में शुरुआती दो किलोमीटर रास्ते पर घुटनों तक कीचड़ होने से



उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ी।

कांवड़ियों के अनुसार घाट से मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए दूसरा रास्ता नहीं है। ऐसे में कीचड़ भरे मार्ग से गुजरना उनकी मजबूरी है। सावन से पहले रास्ता दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए थे और शांति समिति की बैठकों में भी व्यवस्थाएं बेहतर रखने की बात कही गई थी। एसडीएम निधि शुक्ला ने बताया कि कर्मचारियों को मार्ग ठीक कराने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद रास्ता खराब है तो इसकी जांच कराई जाएगी। लापरवाही सामने आने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने मार्ग को जल्द दुरुस्त कराने की बात भी कही।

# कांवड़ियों पर चप्पल फेंकने के मामले में सीसीटीवी की जांच

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** बीती रात हरिद्वार से जल भरने जा रहे कांवड़ियों के जत्थे पर चप्पल फेंकने जैसी घटना घटित होने के बाद शुक्रवार को हिंदुवादी संगठनों से जुड़े तमाम लोग कोतवाली पहूँचे और आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई किए जाने की मांग की। इसके बाद पुलिस ने नैनीताल मार्ग के संबंधित क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों से घटना के सूत्र तलाशने की कार्रवाई की। मालूम हो, बीती रात बजरंग दल से जुड़े कांवड़ियों का एक जत्था नगर के मुख्य मार्ग होकर गुजर रहा था। शिवभक्त डीजे की धुन पर झूमते गाते आगे बढ़ रहे थे कि शिमला जनरल स्टोर से कुछ आगे आते ही कहीं से कांवड़ियों पर चप्पल फेंकने की बात प्रकाश में आई। गुस्साए कांवड़ियों ने डी जे लदे वाहन को वहीं रोक दिया और हंगामा शुरू हो गया। अपार भीड़ के चलते रोड जाम हो गया। मामले की सूचना पा कर सी ओ अरूण कुमार सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जैसे जैसे समझा बुझाकर कांवड़ियों को आगे रवाना किया।। शुक्रवार को विहिप के पदाधिकारियों के साथ क ई अन्य लोग थाने पहुंचे और 24 घंटे बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई। उनहोंने इस तरह की घटना को माहौल बिगाड़ने की साजिश करार दिया। इसके बाद पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। पुलिस फुटेज के आधार पर जांच किए जाने की बात कह रही है।

# नाथ कॉरिडोर की थीम पर बनेंगे भव्य सोमनाथ और विश्वनाथ द्वार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप नाथ कॉरिडोर की परिकल्पना को आगे बढ़ाते हुए बरेली विकास प्राधिकरण शहर के दो प्रमुख प्रवेश मार्गों पर भव्य सोमनाथ और विश्वनाथ द्वार का निर्माण कराएगा। नैनीताल रोड पर सोमनाथ द्वार तथा पीलीभीत रोड पर विश्वनाथ द्वार बनाया जाएगा। दोनों द्वार भगवान शिव और ज्योतिर्लिंग परंपरा से प्रेरित होंगे।




प्रस्तावित द्वारों में भव्य पत्थर का स्थापत्य, शिव प्रतिमा, त्रिशूल समेत धार्मिक प्रतीकों को प्रमुखता दी जाएगी। आधुनिक फसाड लाइटिंग के जरिए रात में भी इनकी आकर्षक छटा दिखाई देगी। प्राधिकरण का उद्देश्य इन प्रवेश द्वारों को केवल स्वागत संरचना तक सीमित न रखकर बरेली की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक बनाना है। नाथ कॉरिडोर के तहत शहर में पहले ही अवैधनाथ, अलखनाथ, त्रिवटीनाथ और केदारनाथ द्वार विकसित किए जा चुके हैं। अब सोमनाथ और विश्वनाथ द्वार इस स्थापत्य श्रृंखला को और विस्तार देंगे। इससे शहर के प्रमुख मार्गों के सौंदर्यीकरण के साथ आगंतुकों को बरेली की नाथ परंपरा और आध्यात्मिक विरासत की झलक प्रवेश करते ही मिलेगी। प्राधिकरण के अनुसार, परियोजना में भारतीय स्थापत्य परंपरा और आधुनिक डिजाइन का समन्वय किया जाएगा। दोनों मार्गों पर लैंडस्केपिंग और समग्र सौंदर्यीकरण के कार्य भी किए जाएंगे। इससे बरेली के प्रमुख प्रवेश मार्गों को नई पहचान मिलने के साथ धार्मिक विरासत और आधुनिक शहरी विकास का सुंदर संगम देखने को मिलेगा।

# फाइक इंक्लेव: तालाब की जमीन पर प्लॉटिंग की जांच शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर में जमीन की बढ़ती कीमतों के बीच तालाबों की जमीन भी अतिक्रमण और निर्माण की चपेट में आती जा रही है। फाइक इंक्लेव में तालाब की भूमि पर प्लॉटिंग किए जाने का मामला सामने आने के बाद नगर निगम ने अभिलेख खंगालने शुरू कर दिए हैं। निगम राजस्व रिकॉर्ड के साथ मौके की स्थिति का मिलान कर यह पता लगाएगा कि तालाब का मूल रकबा कितना था और वर्तमान में कितनी जमीन बची है। फाइक इंक्लेव में सरकारी जमीन को लेकर पहले भी जांच हो चुकी है। उस दौरान सरकारी चकरोड और तालाबों के साथ नजूल भूमि सामने आने की बात कही गई थी। अब तालाब की जमीन पर प्लॉटिंग की शिकायत सामने आने से पुराने रिकॉर्ड दोबारा महत्वपूर्ण हो गए




हैं। जांच में यह भी देखा जाएगा कि तालाब की कितनी भूमि निर्माण या प्लॉटिंग की जद में आई है नगर निगम के रिकॉर्ड में शहर में 150 से अधिक तालाब दर्ज बताए जाते हैं। इनमें कई तालाब अतिक्रमण की चपेट में हैं। कहीं तालाब की जमीन पर भवन खड़े होने की बात सामने आई है तो कहीं अन्य निर्माण हो चुके हैं। आबादी बढ़ने के साथ कई तालाब चारों ओर से घिरते गए और उनका क्षेत्रफल सिमटता चला गया।

हरूनगला में चार, जौहरपुर में छह और खलीलपुर में तीन तालाब दर्ज हैं। कंजादासपुर में तालाब की जमीन से आंशिक कब्जा हटाने की कार्रवाई भी हो चुकी है। वहीं, जगतपुर में भी तालाब की जमीन पर कब्जे का मामला सामने आया था नगर निगम अब शहर के तालाबों की सूची तैयार कर रहा है। इसमें अभिलेखों में दर्ज रकबा, वर्तमान स्थिति, मौके पर बची जमीन और अतिक्रमण का विवरण जुटाया जाएगा। पर्यावरण अभियंता राजीव कुमार राठी के मुताबिक तालाबों की जमीन पर कब्जे की वास्तविक स्थिति सामने लाने के लिए सूची तैयार की जा रही है। इसके आधार पर अतिक्रमण वाले स्थान चिह्नित किए जाएंगे। तालाब और अन्य सरकारी जमीनों पर कब्जे के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी भी की जा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद नगर निगम की इस कवायद से वर्षों से कब्जे की जद में रही तालाबों की जमीन पर कार्रवाई की उम्मीद बढ़ी है। तालाबों का सिकुड़ना केवल सरकारी भूमि पर कब्जे का विषय नहीं है। इससे भूजल स्तर, वर्षा जल संचयन और शहर की जल निकासी व्यवस्था भी प्रभावित होती है। अब फाइक इंक्लेव समेत अन्य इलाकों में जांच के बाद सामने आने वाली तस्वीर पर कार्रवाई की दिशा तय होगी।

# रुहेलखंड नहर खंड में कर्मचारियों का फूटा गुस्सा

▸ कथित अभद्र व्यवहार और तबादले की धमकी को लेकर कर्मचारी संगठन लामबंद, उच्चाधिकारियों से जांच की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सिंचाई विभाग के रुहेलखंड नहर खंड में अधिशासी अभियंता और कर्मचारियों के बीच चल रहा विवाद अब खुलकर सामने आ गया है। कर्मचारियों ने अधिशासी अभियंता सर्वेश सिन्हा पर बातचीत के दौरान अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने और 'तू-तड़ाक' से बात करने के आरोप लगाए हैं। इतना ही नहीं, कर्मचारी संगठनों ने दावा किया है कि विरोध करने पर प्रभाव का हवाला देकर तबादला कराने की धमकी भी दी जाती है। मामले में कर्मचारियों ने अधीक्षण अभियंता




कार्यालय में ज्ञापन देकर जांच और कार्रवाई की मांग की है।

उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष आशीष कुमार गंगवार के मुताबिक अधिशासी अभियंता के रवैये को लेकर कर्मचारियों में लंबे समय से असंतोष है। उनका आरोप है कि विभागीय समस्या अथवा काम से जुड़ी बात रखने वाले कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं किया जाता। कर्मचारियों का कहना है कि कथित तौर पर कई बार उन्हें अपमानजनक लहजे का सामना करना पड़ा। कर्मचारी संगठनों ने आरोप लगाया कि अधिशासी अभियंता खुद को एक मंत्री का रिश्तेदार बताकर अपना प्रभाव जताते हैं और कर्मचारियों को तबादला कराने की धमकी देते हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है।विरोध जताते हुए कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी अधीक्षण अभियंता कार्यालय पहुंचे। बैठक में व्यस्त होने के कारण अधीक्षण अभियंता को सीधे ज्ञापन नहीं दिया जा सका और कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया। संगठनों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को कमिश्नर को भी ज्ञापन देने की तैयारी है। अधिशासी अभियंता सर्वेश सिन्हा ने कर्मचारियों के आरोपों को बेबुनियाद बताया। उनका कहना है कि विभागीय काम शासन की मंशा के अनुरूप कराया जा रहा है। कार्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, जिनसे गतिविधियों की निगरानी होती है। उन्होंने कहा कि शासन की अपेक्षाओं के अनुसार काम नहीं करने वाले लोग दबाव बनाने के लिए इस तरह के आरोप लगा रहे हैं। फिलहाल दोनों पक्षों के आरोप-प्रत्यारोप के बीच मामला उच्चाधिकारियों तक पहुंचने लगा है। अब कर्मचारियों की शिकायत पर होने वाली जांच से ही विवाद की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी।

**रेल टिकट–घोटाला** पीतांबरपुर आरक्षण केंद्र से जुड़े मामले में व्हाट्सऐप चैट और टिकटों के आधार पर बढ़ी जांच

# तत्काल टिकटों के खेल में नया नाम सामने आया, आरपीएफ ने जांच में जोड़ा आरोपी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** तत्काल रेलवे टिकटों की कथित अवैध बुकिंग और कमीशन पर बिक्री के मामले में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की जांच का दायरा बढ़ गया है। बरेली आरपीएफ पोस्ट में दर्ज मुकदमा संख्या 649/26 में पूछताछ के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर रविन्द्र कुमार साहू को भी आरोपी के तौर पर मुकदमे से जोड़ा गया है। आरपीएफ ने उसके बयान दर्ज करने के साथ ही मोबाइल संदेशों और टिकटों से संबंधित रिकॉर्ड को जांच का हिस्सा बनाया है।

RPF के अनुसार रविन्द्र कुमार साहू पुत्र उमेश कुमार साहू करीब 24 वर्ष का है



और वर्तमान में मुंबई में रहता है। उसका मूल निवास बिहार के मधुबनी जिले में बताया गया है। जांच के सिलसिले में सम्मन मिलने के बाद वह RPF पोस्ट बरेली पहुंचा, जहां उससे पूछताछ कर बयान दर्ज किए गए। जांच में चार जुलाई 2026 को पीतांबरपुर रेलवे आरक्षण केंद्र पर तत्काल टिकट जारी किए जाने की जानकारी सामने आई। आरोप है कि रविन्द्र ने मुख्य सहायक आरक्षण पर्यवेक्षक शैलेंद्र दुबे से संपर्क कर पांच जुलाई की यात्रा के लिए दो तत्काल टिकट जारी कराए। इसके बाद इन्हें आगरा के एक बुकिंग एजेंट को कमीशन लेकर बेचने की कथित योजना थी। आरपीएफ के मुताबिक रविन्द्र के व्हाट्सऐप नंबर से शैलेंद्र दुबे के मोबाइल पर दो संदेश भेजे गए थे। इन संदेशों के बाद टिकट जारी किए जाने की बात जांच में सामने आई है। दोनों टिकटों की कुल कीमत 16,340 रुपये थी। इनमें 3 AC का टिकट 11,560 रुपये और स्लीपर टिकट 4,780 रुपये का बताया गया है। पूछताछ में सामने आया कि एक टिकट जारी होने के बाद उसका फोटो बुकिंग कर्मचारी ने रविन्द्र को भेज दिया था। वहीं, दूसरे टिकट का फोटो भेजे जाने से पहले ही आरपीएफ की कार्रवाई शुरू हो गई। जांच के दौरान टिकटों को आगे बेचने की कथित मंशा भी सामने आई है। RPF निरीक्षक मयंक चौधरी के मुताबिक बयान और जांच में मिले साक्ष्यों के आधार पर रविन्द्र की भूमिका धारा 143(1) रेलवे एक्ट के तहत पाई गई। इसके बाद 20 अगस्त 2026 को रात 8:45 बजे उसे मुकदमा संख्या 649/26 में आरोपी के रूप में संबद्ध किया गया। अब जांच में व्हाट्सऐप संदेश, संबंधित मोबाइल नंबर, टिकट, पीएनआर और आरक्षण केंद्र के रिकॉर्ड को मिलाकर देखा जा रहा है। आरपीएफ यह भी पता लगाने में जुटी है कि तत्काल टिकटों की कथित खरीद-फरोख्त में और कौन लोग जुड़े हैं। मामले में आगे की कार्रवाई जांच से सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर होगी।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
में डिस्प्ले, क्लासीफाइड, शोक संदेश, बधाई संदेश, नोटिस एवं टेन्डर नोटिस के विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें।
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413

# डीएम-एसएसपी ने कांवड़ यात्रा में सुरक्षा को लेकर कछला घाट का किया निरीक्षण



कावड़ यात्रा को लेकर निर्देश देती हुई एसएसपी अंकिता शर्मा। -जागरण मोर्चा



गंगा तट का निरीक्षण करते हुए डीएम अवनीश राय व एसएसपी। -जागरण मोर्चा



पा र्किंग व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए निर्देश देती हुई एसएसपी अंकिता शर्मा।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा-2026 को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी अवनीश राय और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने शुक्रवार को कछला गंगा घाट समेत कांवड़ यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित विभागों को श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं में किसी तरह की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

कछला गंगा घाट पर डीएम और एसएसपी ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग और घाट की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जाए और कहीं कोई कमी मिलने पर तत्काल सुधार कराया जाए।

कांवड़ यात्रा के दौरान संभावित भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था, पार्किंग, रूट डायवर्जन, बैरियर, भीड़ नियंत्रण और वैकल्पिक मार्गों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने कहा कि कांवड़ियों, श्रद्धालुओं और आमजन को आवागमन में किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। एसएसपी अंकिता शर्मा ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को कांवड़ मार्ग, प्रमुख चौराहों, संवेदनशील स्थलों और कछला घाट पर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह मजबूत रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी ड्यूटी प्वाइंट पर तैनात पुलिसकर्मियों से पूरी सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ ड्यूटी करने तथा श्रद्धालुओं की सहायता को प्राथमिकता देने को कहा।

अधिकारियों ने आपात स्थिति से निपटने के लिए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से काम करने और पुलिस बल को लगातार भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांवड़ यात्रा को 'जीरो इंसिडेंट, जीरो एक्सीडेंट' के लक्ष्य के साथ सुरक्षित, सुगम और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना प्रशासन और पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक उझानी प्रवीन कुमार, कछला चौकी प्रभारी अविनाश पुंडीर समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार

### आरके शर्मा के 60वें जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने काटा केक



आरके शर्मा के जन्मदिन के उपलक्ष में केक काटते सपा के लोग।

**बिसौली।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक पंडित आरके शर्मा के भानपुर स्थित आवास पहुंचकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान उनके 60वें जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर खुशी जताई गई और कार्यकर्ताओं ने उनके दीर्घायु होने की कामना की। पूर्व विधायक आरके शर्मा ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके क्षेत्र के किसी भी कार्यकर्ता की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी। कार्यकर्ताओं के हितों की रक्षा करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ हमेशा मजबूती से खड़े रहेंगे और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद उपाध्याय, पंडित राजकुमार शर्मा, सुधाकर शर्मा, जिला सचिव आकाश मिश्रा, लखन कैलासी, आशीष कैलासी, दीपेश यादव, सुधीर गुप्ता, ओमेंद्र सिंह यादव, अन्नू यादव, अवनेश शंखधार, वंश मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं शुभचिंतक मौजूद रहे।

### कांवड़ियों पर अधिक से अधिक पुष्पवर्षा कराने के निर्देश

**बदायूं।** श्रावण मास के अंतिम सप्ताह में कांवड़ियों की सुविधा और सुरक्षा को लेकर प्रशासन को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। कांवड़ यात्रा मार्ग पर जगह-जगह कांवड़ियों पर अधिक से अधिक पुष्पवर्षा कराने के साथ ही उनके लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा गया है। कांवड़ियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और यात्रा मार्ग पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में प्रदेश के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा करते हुए टूटे तारों को दुरुस्त कराने और खराब ट्रांसफार्मरों को तत्काल बदलवाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विद्युत व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री शहरी एवं ग्रामीण आवास योजना, पेयजल योजना, आयुष्मान भारत योजना, विभिन्न पेंशन योजनाओं और किसान सम्मान निधि सहित लाभार्थीपरक योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ पाने के लिए अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। लाभार्थियों से किसी भी प्रकार के आर्थिक सहयोग की अपेक्षा किए जाने की शिकायत मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने कांवड़ियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कछला से बदायूं तक कई स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर स्थापित कराने के निर्देश दिए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर श्रद्धालुओं को तत्काल चिकित्सीय सुविधा मिल सके। वहीं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पर्याप्त राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने तथा दुर्घटना की स्थिति में प्रभावित लोगों को शीघ्र मदद पहुंचाने के निर्देश दिए। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने जनपद में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में यूरिया और डीएपी खाद उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने समितियों पर पीओएस मशीन में दर्ज खाद के स्टॉक और गोदाम में उपलब्ध वास्तविक स्टॉक में अंतर की शिकायत उठाते हुए मौके पर सत्यापन कराने को कहा। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने अपने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने लाभार्थीपरक योजनाओं की धनराशि जनप्रतिनिधियों के माध्यम से वितरित कराने की बात कही। बैठक में सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, जितेंद्र सिंह, शारदेंदु पाठक समेत अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## मॉडर्न गेस्ट हाउस में दरोगा-सिपाही से मारपीट करने के आरोपियों को लिया हिरासत में

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र स्थित मॉडर्न गेस्ट हाउस में गुरुवार को दरोगा और सिपाही के साथ मारपीट का मामला सामने आया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मारपीट करने के आरोपियों को अपने साथ थाने ले गई। पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है।

बताया गया कि मॉडर्न गेस्ट हाउस में पुलिस विभाग में तैनात एक दरोगा और सिपाही रहते हैं। गुरुवार को किसी बात को लेकर गेस्ट हाउस में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर कुछ लोगों ने दरोगा और सिपाही के साथ मारपीट कर दी। घटना के बाद गेस्ट हाउस में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर सिविल लाइंस थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला।

पुलिस ने मारपीट के आरोपियों को थाने ले जाकर उनसे पूछताछ शुरू कर दी। घटना के पीछे क्या कारण रहा और विवाद किस बात को लेकर हुआ, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद घटना में शामिल लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय लोगों के मुताबिक मॉडर्न गेस्ट हाउस में पहले भी कई बार मारपीट और विवाद की घटनाएं हो चुकी हैं। इसके बावजूद यहां विवादों पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है। गेस्ट हाउस में रहने वाले लोगों की सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों से जानकारी जुटाने के साथ ही पूरे घटनाक्रम की पड़ताल कर रही है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली के खिलाफ चलेगा विशेष अभियान, सड़कों पर अतिक्रमण भी हटेगा

जागरण मोर्चा कार्यालय



सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित करते एडीएम अरुण कुमार। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में शुक्रवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक एडीएम प्रशासन अरुण कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

एडीएम ने जुलाई माह में हुई सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा करते हुए पाया कि अधिकांश हादसे ट्रैक्टर-ट्रॉली की अन्य वाहनों से टक्कर के कारण हुए। इस पर उन्होंने ट्रैक्टर-ट्रॉली चालकों के खिलाफ विशेष प्रवर्तन अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही हाईवे और प्रमुख मार्गों पर लगातार निगरानी रखने को कहा।

उन्होंने सड़कों के किनारे उगी झाड़ियों की वजह से दृश्यता प्रभावित होने का संज्ञान लेते हुए वन विभाग को सफाई कराने के निर्देश दिए। गंगा एक्सप्रेस-वे पर पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सेफ्टी वॉल की मरम्मत के संबंध में आवश्यक पत्राचार करने को कहा।

बिसौली और बिल्सी क्षेत्रों में हुई दुर्घटनाओं को देखते हुए संबंधित स्थानों पर जरूरी सुरक्षात्मक कार्य कराने के निर्देश दिए गए। शहर के इंदिरा चौक, पुलिस लाइन चौराहा समेत प्रमुख चौराहों पर धूमिल हो चुकी जेब्रा क्रॉसिंग को दोबारा दुरुस्त कराने को कहा गया।

एडीएम ने हाईवे सुरक्षा समिति को हाईवे से अवैध अतिक्रमण और ढाबों आदि को हटाने के साथ ही मार्गों का नियमित निरीक्षण कर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विद्यालयों में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराने तथा कार्यक्रमों के फोटोग्राफ उपलब्ध कराने को भी कहा।

बैठक में क्षेत्राधिकारी यातायात, एआरटीओ प्रवर्तन, लोक निर्माण विभाग, यातायात पुलिस, एनएचएआई, 108 एंबुलेंस, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी तथा उद्योग और व्यापार जगत से जुड़े लोग मौजूद रहे।

## डी पॉल स्कूल में टैलेंटिया कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

जागरण मोर्चा कार्यालय




कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** डी पॉल स्कूल में विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से टैलेंटिया (प्रतिभा) कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गायन, नाटक, भाषण, स्किट और चित्रकला के माध्यम से अपनी रचनात्मकता एवं आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गायन के बाद स्कूल के प्रबंधक फादर डॉ. मार्टिन बीसी, प्रधानाचार्या सिस्टर लिसी थॉमस, स्टाफ सेक्रेटरी दुर्गा शर्मा, हेड बॉय प्रखर वत्स एवं हेड गर्ल मान्या मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद चारों हाउस के विद्यार्थियों ने एक-एक प्रेरणादायक नृत्य प्रस्तुत किया। सुरमय गायन, प्रभावशाली नाटक, भाषण और हास्य-रचनात्मक स्किट ने दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं विद्यार्थियों की चित्रकला ने भी सभी का ध्यान आकर्षित किया।

प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल रहा और विद्यार्थी प्रस्तुतियों का आनंद लेते नजर आए।

प्रबंधक फादर डॉ. मार्टिन बीसी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभा समारोह जैसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई विशेष प्रतिभा होती है, जरूरत केवल उसे पहचानकर उचित मंच प्रदान करने की है। टैलेंटिया प्रतियोगिता मात्र नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानने, निखारने और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का सशक्त माध्यम है।

## ई-लॉटरी से कृषि यंत्रों के लाभार्थियों का चयन

**बदायूं।** कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए आवेदन करने वाले किसानों और एफपीओ में से लाभार्थियों का चयन शुक्रवार को ई-लॉटरी के माध्यम से किया गया। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला की मौजूदगी में जिलास्तरीय समिति के समक्ष पूरी प्रक्रिया संपन्न हुई। सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन, प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू (सीआरएम) समेत अन्य योजनाओं के तहत 16 जुलाई से 10 अगस्त 2026 तक कृषि यंत्रों के लिए बुकिंग कराई गई थी। इसमें फार्म मशीनरी बैंक, कस्टम हायरिंग सेंटर, किसान ड्रोन और एकल कृषि यंत्रों के लिए किसानों एवं एफपीओ ने आवेदन किया था। शुक्रवार को बुकिंग कराने वाले सभी पात्र कृषकों एवं एफपीओ को ई-लॉटरी प्रक्रिया में शामिल किया गया।

## ब्राह्मण समाज की एकजुटता और संगठन मजबूती पर जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय



ब्राह्मण सभा की बैठक के बाद स्तुति करते समाज के लोग। -जागरण मोर्चा

**दातागंज।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद, अवध प्रांत उत्तर प्रदेश की जनपद बदायूं इकाई की बैठक गुरुवार को दातागंज ब्लाक के ग्राम जमालपुर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राम अवतार मिश्रा ने की, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष शिव ओम तिवारी ने किया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने और समाज में आपसी एकता एवं सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दातागंज तहसील अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा ने देवी-देवताओं एवं भगवान परशुराम के आवाहन के साथ पंचोपचार पूजन-अर्चन कर कराया। इसके बाद चालीसा एवं परिषद के सात सूत्रीय संकल्पों का वाचन किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राम अवतार मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने हमेशा पूरे विश्व को एक परिवार मानकर मानवता की भलाई के लिए कार्य किया है। समाज के लोगों को स्वयं भी सशक्त बनने के प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए शिक्षा को प्राथमिकता देना जरूरी है। कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता, इसलिए जो भी कार्य मिले, उससे ईमानदारी से आजीविका अर्जित करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जीवन में मित्र बनाना जरूरी है, लेकिन किसी पर आंखें बंद कर विश्वास नहीं करना चाहिए। समाज के लोगों को एक-दूसरे के प्रति सहानुभूति और सहयोग की भावना रखते हुए विपरीत परिस्थितियों में एक-दूसरे की मदद करनी चाहिए। आपसी सहयोग और एकजुटता से ही समाज सुखी और संपन्न बन सकता है।

जिला उपाध्यक्ष शिव ओम तिवारी ने कहा कि अधिक से अधिक ब्राह्मणों को संगठन से जोड़कर परिषद को मजबूत किया जाए। समाज में आपसी एकता बनाए रखना जरूरी है, क्योंकि संगठन और एकता में ही शक्ति होती है। एकजुट होकर किए गए प्रयासों से ही सामाजिक कार्य सफल होते हैं।

बैठक में मनु मिश्रा, राजेश चंद्र तिवारी, प्रयाग मिश्रा, विवेक तिवारी, अनिल कुमार तिवारी, साकेत मिश्रा, मोनू तिवारी, कामता प्रसाद शर्मा, विनय कुमार शर्मा उर्फ केतक शर्मा, शिव ओम तिवारी और शैलेंद्र कुमार मिश्रा सहित अन्य लोगों ने भी विचार व्यक्त किए। बैठक के समापन के बाद सभी उपस्थित लोगों को अल्पाहार कराया गया।

बैठक | मालवीय आवास गृह में आयोजित की गई राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी की मासिक पंचायत

## योगी सरकार में छह हजार रुपये पेंशन की आशा : धर्मेंद्र सिंह

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम में मौजूद दिव्यांग। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी की मासिक पंचायत गुरुवार को मालवीय आवास गृह में आयोजित की गई। पंचायत में दिव्यांगजनों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर चर्चा हुई। पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने नायब तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम दस सूत्रीय मांगपत्र सौंपा।

धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि दिव्यांगजनों को अपनी जायज मांगों और समस्याओं के समाधान के लिए लगातार अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। कई मामलों में दिव्यांगजनों की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया जाता। उन्होंने आरोप लगाया कि आएदिन दिव्यांगजनों को परेशान किया जा रहा है और कुछ मामलों में उन्हें फर्जी मुकदमों में फंसाया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि दिव्यांगजनों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए। उन्होंने दिव्यांगजनों की पेंशन बढ़ाकर छह हजार रुपये प्रतिमाह किए जाने की मांग की। साथ ही पात्र दिव्यांगों के अंत्योदय राशन कार्ड शीघ्र बनवाने की मांग उठाई गई।

रामबाबू गुप्ता ने आरोप लगाया कि उसावां जाने वाली रोडवेज बसों में दिव्यांग यात्रियों के साथ कथित तौर पर गलत व्यवहार किया जाता है। उन्होंने संबंधित परिवहन अधिकारियों से ऐसे मामलों पर रोक लगाने की मांग की। वहीं विकास भवन में सक्रिय दलालों पर भी कार्रवाई की मांग की गई। आरोप लगाया गया कि पेंशन बनवाने, रुकी पेंशन शुरू कराने सहित अन्य कार्यों के नाम पर दिव्यांगजनों से कथित रूप से ठगी की जा रही है। शिकायतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई न होने से नाराजगी जताई गई। दिव्यांग विभाग में लंबित समस्याओं के शीघ्र समाधान और अधिकारियों द्वारा दिव्यांगजनों की शिकायतें सुनने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी की गई।

इस दौरान रामबाबू गुप्ता, राजेश बागरे, विनोद सिंह, पप्पू, वैसर अली, भीमसेन, तेजपाल, ललित, रामरतन, हरपाल, राजेश कुमार शर्मा, कृष्णपाल, प्रेमपाल, मोर कली, नन्हे लाल, राजू, सुंदर लाल, सुरेश, राम रहीम, अरविंद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एडीएम ने बाढ़ प्रभावित भुंडी गांव का किया निरीक्षण, राहत कार्यों में तेजी के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय



बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करते एडीएम वित्त। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने शुक्रवार को तहसील दातागंज क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित ग्राम भुंडी का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ की स्थिति, बंधों की सुरक्षा और प्रभावित ग्रामीणों के लिए की जा रही राहत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बंधे सुरक्षित पाए गए, हालांकि गांव के अंदर खेतों में कुछ स्थानों पर कटान की स्थिति सामने आई।

एडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित लोगों को आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराने के साथ ही राहत एवं बचाव कार्यों पर लगातार नजर रखी जाए। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं और आवश्यकताएं भी जानीं तथा प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उप जिलाधिकारी दातागंज विनोद कुमार सिंह ने बताया कि बाढ़ प्रभावित लोगों को अब तक एक हजार राहत किट वितरित की जा चुकी हैं। आवश्यकता के अनुसार आगे भी राहत किट का वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में मेडिकल कैंप भी लगाए गए हैं, जहां ग्रामीणों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

इसके बाद एसडीएम दातागंज ने रामगंगा क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ की स्थिति और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। अधिकारियों से कहा गया कि जलस्तर और बाढ़ की स्थिति में किसी भी तरह के बदलाव की जानकारी तत्काल उच्चाधिकारियों को दी जाए। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।





# भैंस बेचकर लौट रहे व्यक्ति की जेब से एक लाख उड़ाने वाले तीन बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

## पुलिस पर फायरिंग में सिपाही घायल, जवाबी कार्रवाई में तीनों बदमाशों के पैर में लगी गोली

जागरण मोर्चा कार्यालय

**उसावां।** थाना उसावां पुलिस ने 18 जुलाई को भैंस बेचकर लौट रहे व्यक्ति की जेब काटकर एक लाख रुपये चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से तीन तमंचे, सात जिंदा कारतूस, तीन खोखा कारतूस और 26,750 रुपये की नकदी बरामद हुई है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में तीनों आरोपी घायल हुए, जबकि बदमाशों की फायरिंग में एक सिपाही भी घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार, 18 जुलाई को एक व्यक्ति भैंस बेचकर टैम्पू से जा रहा था। इसी दौरान आरोपियों ने उसकी जेब काटकर एक लाख रुपये पार कर दिए थे। मामले में थाना उसावां में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी।

बुधवार रात मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि हजरतपुर रोड पर सिद्धराज मंदिर के पास तीन संदिग्ध बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़े हैं। सूचना पर थाना उसावां और हजरतपुर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने से आरक्षी राजू के दाहिने हाथ में चोट आई।



आरोपी को लाती पुलिस। -जागरण मोर्चा



आरोपी को मुठभेड़ के बाद लाती हुई पुलिस। -जागरण मोर्चा

पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की, जिसमें तीनों बदमाशों गौरव, रोकी और सुरजीत के पैर में गोली लगी। घायल आरोपियों और सिपाही को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गौरव पुत्र रतन सिंह निवासी ममापुर थाना कायमगंज, रोकी पुत्र सौकीन उर्फ अंतराम निवासी ममापुर थाना कायमगंज और सुरजीत पुत्र रामकुमार निवासी लकुला थाना कादरीगेट, फर्रुखाबाद के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने 18 जुलाई की घटना में शामिल होना स्वीकार किया। पुलिस के मुताबिक आरोपी वारदात के लिए दोबारा क्षेत्र में आए थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से 315 बोर के तीन तमंचे, सात जिंदा कारतूस, तीन खोखा कारतूस और 26,750 रुपये बरामद किए हैं। मुठभेड़ के संबंध में थाना उसावां में मुकदमा संख्या 137/2026 धारा 109(1) बीएनएस और आर्म्स एक्ट की धाराओं में दर्ज किया गया है।

पुलिस के मुताबिक गौरव पर पहले से तीन, रोकी पर एक और सुरजीत पर दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष उसावां व हजरतपुर के नेतृत्व में दोनों थानों की पुलिस शामिल रही। अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बीबीपुर में डेंगू-मलेरिया के मरीजों से मिले कांग्रेस जिलाध्यक्ष

## 22 अगस्त को धरने का ऐलान, क्षेत्र की जनता रही साथ, जलभराव, सफाई और इलाज की व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों से किया संवाद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** डेंगू और मलेरिया के बढ़ते प्रकोप की शिकायतों के बीच कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव शुक्रवार को बीबीपुर गांव पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर गांव की स्थिति की जानकारी ली और बीमार लोगों से मिलकर उनका हालचाल जाना। ग्रामीणों ने गांव में जलभराव, गंदगी और स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाल स्थिति की शिकायत की। समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर अजीत यादव ने शनिवार 22 अगस्त को गांव में धरना देने का ऐलान किया।

ग्रामीणों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष को बताया कि गांव में बड़ी संख्या में लोग डेंगू और मलेरिया से पीड़ित हैं। ग्रामीणों के अनुसार, 150 से अधिक मरीज निजी अस्पतालों में उपचार करा रहे हैं। इलाज पर भारी खर्च होने से परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। कई लोग कर्ज लेकर तो कुछ महिलाएं अपने गहने बेचकर बच्चों का उपचार कराने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग पर प्रभावी कार्रवाई न करने और केवल खानापूर्ति करने का आरोप लगाया।



गांव में जल भराव देखते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव। -जागरण मोर्चा



ग्रामीणों से जानकारी लेते कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अजीत यादव। -जागरण मोर्चा

ग्रामीणों ने बताया कि जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण गांव में जलभराव की स्थिति गंभीर बनी हुई है। मुख्य मार्ग पर घुटनों तक पानी भरा है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। बीबीपुर से फतेहपुर जाने वाला मार्ग भी जलभराव के कारण बंद बताया गया। गांव के दो तालाब गंदगी और कूड़े से पटे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि तालाबों की सफाई और जलनिकासी की व्यवस्था नहीं होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है।

ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने 22 अगस्त को गांव में धरना देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि धरने के माध्यम से गांव में जलभराव की समस्या दूर कराने, सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने, तालाबों की सफाई कराने और बीमार लोगों के समुचित उपचार की मांग उठाई जाएगी। उन्होंने कहा कि निजी अस्पतालों में इलाज करा रहे ग्रामीणों के उपचार का खर्च भी सरकार को वहन करना चाहिए।

अजीत यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन का दावा जमीनी स्तर पर विफल साबित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि डेंगू और मलेरिया से बचाव के लिए चलाए जा रहे दस्तक अभियान समेत अन्य सरकारी अभियान कागजों तक सीमित हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की जिंदगी और स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी और समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करेगी।

इस दौरान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष दीपक मिश्रा, जिला सचिव राजीव पटेल, नवनीत यादव, सेवानिवृत्त कानूनगो सुरेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान धीरेन्द्र सिंह समेत कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

# ड्रग इंस्पेक्टर पर रिश्वत लेने के आरोप, मेडिकल स्टोर से रकम लेने का वीडियो वायरल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** राजकीय मेडिकल कॉलेज के सामने संचालित एक मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री की शिकायत पर हुई छापेमारी के बाद ड्रग इंस्पेक्टर पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आरोप है कि कार्रवाई के दौरान मेडिकल स्टोर संचालक से मोटी रकम की मांग की गई और ड्रग इंस्पेक्टर की मौजूदगी में एक कथित दलाल ने रकम ली। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं।

बताया जा रहा है कि राजकीय मेडिकल कॉलेज के सामने स्थित मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री की शिकायतें सामने आने के बाद ड्रग विभाग की टीम ने छापेमारी की थी। कार्रवाई के दौरान ड्रग इंस्पेक्टर दुकान के अंदर मौजूद रहे। आरोप है कि इसी दौरान एक व्यक्ति ने मेडिकल स्टोर संचालक से कथित रूप से मोटी रकम ली। इसका वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया है।



ड्रग इंस्पेक्टर लवकुश कुमार।



ड्रग इंस्पेक्टर से मिले रिश्वत के रुपये।




रुपए लेते हुए ड्रग इंस्पेक्टर के साथी।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिले में कई मेडिकल स्टोरों पर नियमों को ताक पर रखकर प्रतिबंधित और बिना चिकित्सकीय परामर्श के बिकने वाली दवाओं की बिक्री की शिकायतें सामने आती रहती हैं। इसके बावजूद प्रभावी कार्रवाई न होने से विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठते रहे हैं। अब वायरल वीडियो ने इन आरोपों को और हवा दे दी है। लोगों का कहना है कि यदि किसी मेडिकल स्टोर पर नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए, न कि कथित रूप से लेनदेन के बाद मामला दबा दिया जाए।

वायरल वीडियो में एक व्यक्ति को मेडिकल स्टोर के अंदर रुपये लेते हुए दिखाए जाने का दावा किया जा रहा है। हालांकि वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि वीडियो में दिखाई दे रही रकम किस उद्देश्य से ली गई और उसमें मौजूद व्यक्ति की वास्तविक भूमिका क्या है। इन तथ्यों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

मामले को लेकर सोशल मीडिया पर लोग ड्रग विभाग के अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठा रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि वीडियो सही है तो पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पाए जाने वाले अधिकारी और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री के आरोपों की भी जांच होनी चाहिए।

इस मामले में विभागीय अधिकारियों का आधिकारिक पक्ष सामने आना अभी बाकी है। यह भी जांच का विषय है कि छापेमारी के दौरान कौन-कौन सी दवाएं मिलीं, उनके नमूने लिए गए या नहीं और मेडिकल स्टोर के खिलाफ कोई विधिक कार्रवाई की गई अथवा नहीं। वीडियो वायरल होने के बाद अब लोगों की नजर विभागीय जांच और प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी है।

> आज मैं लखनऊ एक मीटिंग में आया हूं। किस तरह का वीडियो वायरल हुआ है, मुझे कोई जानकारी नहीं है। बदायूं पहुंचने के बाद ही कुछ बता सकता हूं।
>
> **-लवकुश कुमार, औषधि निरीक्षक बदायूं**

मामले की निष्पक्ष जांच होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि वायरल वीडियो में लगाए गए आरोप कितने सही हैं और कथित रूप से ली गई रकम का वास्तविक उद्देश्य क्या था। फिलहाल वीडियो वायरल होने के बाद ड्रग विभाग की पारदर्शिता और मेडिकल स्टोरों की जांच व्यवस्था को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

## संक्षेप समाचार

### भूसे की बुर्जी पर फंदे से लटका मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

**सहसवान।** कोतवाली क्षेत्र के गांव अलैहदादपुर धोबई में शुक्रवार को एक युवक का शव उसके खेत में बनी भूसे की बुर्जी पर फंदे से लटका मिला। शव मिलने की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के स्वजन ने एक महिला के परिजनों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव निवासी ज्ञानचंद्र (23) दादरी, गाजियाबाद में कंक्रीट प्लांट पर मजदूरी करता था। उसके भाई ओमेंद्र के मुताबिक, ज्ञानचंद्र का एक महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। 14 अगस्त को महिला बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई थी। महिला के परिवार वालों को ज्ञानचंद्र पर शक था। आरोप है कि इसी मामले में उसे 15 अगस्त को गांव बुलाया गया था। शुक्रवार को ग्रामीणों ने ज्ञानचंद्र का शव उसके खेत में बनी भूसे की बुर्जी के बोंगे से रस्सी के सहारे फंदे पर लटका देखा। जानकारी मिलते ही उसके स्वजन मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के स्वजन ने आरोप लगाया कि महिला के परिवार वालों ने ही ज्ञानचंद्र की हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया। उन्होंने मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल नरेश कुमार सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। शिकायती पत्र प्राप्त होने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।



ज्ञानचंद का फाइल फोटो।

### डीएम-एसएसपी के आदेश के बाद भी कब्जा नहीं छोड़ रहे भूमाफिया

**बदायूं।** जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत के बावजूद भूमि पर कथित अवैध कब्जा और निर्माण नहीं रुकने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने फैजगंज बेहटा थाना पुलिस और तहसील प्रशासन पर भूमाफिया से मिलीभगत का आरोप लगाते हुए दोबारा जिलाधिकारी से कार्रवाई की गुहार लगाई है। पीड़ित का कहना है कि करीब 50 साल पुराने बैनामे के आधार पर वह भूमि का स्वामी है, इसके बावजूद दबंग लोग जबरन कब्जा कर निर्माण करा रहे हैं। जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में पीड़ित ने बताया कि उसकी गाटा संख्या 1687, रकबा 0.153 हेक्टेयर भूमि ग्राम मिर्जापुर बेहटा में स्थित है। आरोप है कि प्रदीप कुमार पुत्र राजकुमार, सुधीर कुमार व संजीव कुमार पुत्रगण किशोर कुमार निवासी फैजगंज बेहटा और उनके परिवारीजन पिछले कई दिनों से भूमि पर अवैध कब्जा करने के साथ ही निर्माण कार्य करा रहे हैं। पीड़ित के अनुसार उसने 18 अगस्त को जिलाधिकारी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर मामले की शिकायत की थी। शिकायतकर्ता का कहना है कि जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी बिसौली को भूमि पर हो रहे कथित अवैध निर्माण को तत्काल रुकवाने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद आरोप है कि तहसील प्रशासन और थाना फैजगंज बेहटा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य बंद नहीं कराया। इससे आरोपितों के हौसले बढ़ गए और वे लगातार निर्माण कार्य करा रहे हैं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर उसे और उसके परिवार के लोगों को जान-माल का नुकसान पहुंचाने की धमकियां भी दी जा रही हैं। शिकायतकर्ता ने अधिकारियों से आशंका जताई कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो विवाद बढ़ सकता है और कोई अप्रिय घटना हो सकती है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मांग की है कि संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट लिखित आदेश जारी कर भूमि पर कथित अवैध कब्जा और निर्माण कार्य तत्काल रुकवाया जाए। साथ ही मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने इससे पहले एसएसपी से भी मामले में हस्तक्षेप कर कार्रवाई की मांग की थी। हालांकि, उसके मुताबिक अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

### देसी शराब की दुकान से 70 पेटी शराब गायब, सेल्समैन से पूछताछ

**बदायूं।** थाना क्षेत्र के गांव कसेर स्थित देसी शराब की दुकान से करीब 70 पेटी शराब गायब होने का मामला सामने आया है। शुक्रवार सुबह सेल्समैन ने दुकान का ताला खोलने के बाद शराब की पेटियां गायब होने की सूचना मैनेजर को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दुकान का निरीक्षण किया। जांच के दौरान चोरी के स्पष्ट साक्ष्य नहीं मिलने पर पुलिस ने सेल्समैन को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह सेल्समैन गणेश दुकान पर पहुंचा। दुकान का ताला खोलने के बाद उसने मैनेजर सुरेंद्र यादव को फोन कर बताया कि अज्ञात चोर दुकान से करीब 70 पेटी देसी शराब ले गए हैं। सेल्समैन ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के भी गायब होने की बात कही। इसके बाद मैनेजर ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दुकान का निरीक्षण किया। पुलिस को मौके पर चोरी से संबंधित कोई स्पष्ट निशान या अन्य ठोस साक्ष्य नहीं मिले। इसके बाद पुलिस ने सेल्समैन को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस दुकान में रखे स्टॉक और उपलब्ध अभिलेखों की भी जांच कर रही है। मैनेजर सुरेंद्र यादव ने सेल्समैन की भूमिका पर संदेह जताते हुए शराब की पेटियां कहीं अन्यत्र ले जाकर गायब किए जाने की आशंका व्यक्त की है। उनका कहना है कि मामले की जांच के बाद ही शराब के गायब होने की वास्तविक स्थिति सामने आएगी। बताया गया है कि सेल्समैन के पास मोहनपुर में शराब का गोदाम भी है। इसके बावजूद बड़ी मात्रा में शराब का स्टॉक गोदाम के बजाय जंगल क्षेत्र में स्थित दुकान पर रखा गया था। इसी स्टॉक में से करीब 70 पेटियां गायब होने की बात सामने आई है। पुलिस अब स्टॉक का मिलान कराने के साथ ही दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे और अन्य तथ्यों की भी जांच कर रही है। थानाध्यक्ष राजेश कौशिक ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। सेल्समैन द्वारा शराब की पेटियां कहीं अन्यत्र ले जाने की आशंका समेत सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। पूछताछ और जांच पूरी होने के बाद ही मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।




इसी शराब की दुकान पर हुई चोरी।

**आस्था** | कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा करना सौभाग्य की बात : प्रियंका सिंह चौहान

# कांवड़ यात्रियों की सेवा में नखासा बाजार में लगा भंडारा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**उसावां।** नगर पंचायत की ओर से शुक्रवार को नखासा बाजार में कांवड़ यात्रियों की सेवा के लिए भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्षा प्रियंका सिंह चौहान के नेतृत्व में आयोजित भंडारे में दूर-दराज से गुजर रहे कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पूरे आयोजन स्थल पर सेवा, श्रद्धा और उत्साह का माहौल नजर आया।

भंडारे का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्षा प्रियंका सिंह चौहान ने किया। क्षेत्रीय विधायक राजीव कुमार सिंह 'बब्बू भैया' के बड़े भाई डॉ. अरविंद कुमार सिंह भी कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने कांवड़ यात्रियों को प्रसाद वितरित कर उनकी सेवा की और आयोजन की सराहना की।



भंडारे में शिव भक्तों को प्रसाद वितरण करती प्रियंका अनिल चौहान अध्यक्ष उसावा।

नगर पंचायत अध्यक्षा प्रियंका सिंह चौहान ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा करना सौभाग्य की बात है। इसी भावना के साथ नखासा बाजार में भंडारे का आयोजन किया गया, ताकि यात्रा के दौरान गुजरने वाले कांवड़ यात्रियों को भोजन और प्रसाद उपलब्ध कराया जा सके।

भंडारे में चेयरपर्सन पति अनिल सिंह चौहान के साथ नगर पंचायत के सभासद धनमेश कश्यप, पवन कुमार गुप्ता, रामकिशोर, महावीर राठौर, सेवाराम, ध्रुव सिंह चौहान, ओमेन्द्र कश्यप, प्रेमपाल सहित सभी सभासदों ने सहभागिता की। चेयरपर्सन प्रतिनिधि अरुल प्रताप सिंह, धर्मेंद्र सिंह चौहान, किशोर सिंह, रक्षपाल सिंह समेत स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

आयोजकों और कार्यकर्ताओं ने कांवड़ यात्रियों का स्वागत करते हुए उन्हें भोजन और प्रसाद कराया। श्रद्धालुओं ने भी प्रसाद ग्रहण कर आयोजनकर्ताओं का आभार जताया। भंडारे के दौरान कांवड़ यात्रियों की सेवा में लोगों का उत्साह देखते ही बना। आयोजन ने धार्मिक आस्था के साथ सेवा भावना और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

## चलती रोडवेज से उतरते समय युवक गिरा गंभीर रूप से घायल

**दहगवां।** दहगवां चोराहा पर शाम 6:00 बजे के लगभग एक युवक को रोडवेज में चढ़ जाने पर और रोडवेज के चलने पर उसके उतरने वक्त वह गिर पड़ा जिससे उसके पैर चलती रोडवेज के पहिए के नीचे आ गए जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है बताया जाता है कि पन्नालाल 60 वर्षीय पुत्र कल्लू निवासी रिसौली थाना बिल्सी के निवासी अपनी पुत्री के यहां जरीफनगर थाना क्षेत्र के ग्राम दिहौरा गांव में आए हुए थे और वह वापस रोडवेज बस के द्वारा दहगवां स्टैन्ड से उझानी के लिए जा रहे थे उन्होंने स्टैंड पर सिकंदराबाद डिपो की बस के लिए हाथ दिया वह रुक गई इसके रोकने पर वह रोडवेज में चढ़ गए जिस पर कंडक्टर ने बताया कि यह बस उझानी नहीं जाएगी उधर रास्ता बंद है इसलिए बस सहसवान तक जाएगी जिस कारण वह रोडवेज से उतरने लगे और गिर गए जिससे उनका पर पहिए के नीचे आ गया।

# लेखपालों ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन, ट्रैप कार्रवाई के विरोध में सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन की ओर से लेखपालों के खिलाफ की जा रही ट्रैप कार्रवाइयों के विरोध में शुक्रवार को प्रदर्शन किया। लेखपालों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया और उप जिलाधिकारी प्रियंका गोयल को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की।

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ तहसील बिसौली के अध्यक्ष अमित कुमार ने आरोप लगाया कि हाल के दिनों में लेखपालों के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण तरीके से झूठी ट्रैप कार्रवाई की जा रही है। इससे लेखपालों की सेवा, सामाजिक प्रतिष्ठा और पारिवारिक जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि संघ ऐसी कार्रवाइयों का विरोध करता है और शासन स्तर पर उचित समाधान की मांग की जाएगी।



एसडीएम बिसौली को ज्ञापन देते लेखपाल संघ के लोग। -जागरण मोर्चा

तहसील मंत्री संदीप कुमार ने बताया कि प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर 22 अगस्त को प्रदेश की सभी तहसीलों में थाना समाधान दिवस का बहिष्कार किया जाएगा। इस दौरान लेखपाल सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक तहसील मुख्यालय पर शांतिपूर्ण धरना देंगे। उन्होंने कहा कि मांगों के समाधान तक संगठन लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध जारी रखेगा।

प्रदर्शन के दौरान अनमोल मिश्रा, राहुल सिंह, मोहित शर्मा, शिवहरी पंकज, नेमसिंह, शोभित कुमार, श्रीधर मिश्रा, दीपक चौधरी, सुमित कुमार, मोनू कुमार, गुरमीत सिंह, अरविंद कुमार, लोकपाल सिंह और श्रीदत्त शर्मा समेत अन्य लेखपाल मौजूद रहे।





## एक नजर

### ताला तोड़कर नगदी सामान लाखों के जेवर चोरी

**खुदागंज।** बीती रात अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर कमरे का ताला तोड़कर नकदी समेत लाखों रुपए के जेव रात चोरी कर लिए सुबह जागने पर परिजनों को चोरी के बारे में पता चला मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। खुदागंज थाना क्षेत्र के ग्राम कंधरापुर निवासी नितिन बाबू पुत्र देव शरन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती रात जब वह घर पर सो रहे थे तभी घर में घुसकर अज्ञात चोरों ने उनके कमरे का ताला तोड़कर 30000 नकदी समेत लाखो रुपए के सोने व चांदी के जेबरात चोरी कर लिए पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है पुलिस मामले की जांच में जुट गई है पुलिस द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करने के उपरांत साक्ष संकलित किए गए वही अज्ञात चोरों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी हेतु दो टीमों का गठन किया गया मामले की विवेचना उप निरीक्षक घनश्याम बहादुर को सौंपी गई है।

# पीडीए का 'पी' पाकिस्तान बना देंगे.... सीएम योगी का बड़ा हमला

## कहा-गिरगिट की तरह रंग बदलती है समाजवादी पार्टी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि गिरगिट की तरह रंग बदलने वाली पार्टी के नेता पीडीए की परिभाषा भी बदलते रहते हैं। कभी पी का मतलब पिछड़ा था, फिर पंडित हो गया और एक दिन यही लोग पी का मतलब पाकिस्तान कर देंगे। मुख्यमंत्री यहां भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजस्थान तथा हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल पद्म विभूषण कल्याण सिंह 'बाबूजी' की पांचवीं पुण्यतिथि पर आयोजित 'हिंदू गौरव दिवस' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने बाबूजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

योगी ने कहा कि बाबूजी दबाव में काम करने वाले व्यक्ति नहीं थे। वह कहा करते थे, ''कल्याण सिंह टूट सकता है, झुक नहीं सकता।'' उन्होंने कहा कि राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान बाबूजी ने स्पष्ट कर दिया था कि संघर्ष स्वीकार है, सत्ता जाना स्वीकार है, लेकिन भगवान श्रीराम का अपमान स्वीकार नहीं है। आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर और रामलला के विराजमान होने पर बाबूजी की स्मृति स्वाभाविक रूप से सामने आती है। उन्होंने कहा कि कल्याण सिंह ने संतों के नेतृत्व और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मार्गदर्शन में चले राम जन्मभूमि आंदोलन का खुलकर समर्थन किया।

सत्ता जाने की परवाह किए बिना उन्होंने रामभक्तों पर गोली नहीं चलाने का दृढ़ निर्णय लिया। सपा पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा कि बाबूजी के निधन के समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिल्ली से लखनऊ पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। एसजीपीजीआई से लेकर बाबूजी के आवास, अलीगढ़ और नरौरा में अंतिम संस्कार तक प्रधानमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के सदस्य मौजूद रहे, लेकिन सपा अध्यक्ष न तो इन कार्यक्रमों में आए और न ही उन्होंने बाबूजी की स्मृति में दो शब्द कहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है। बसपा प्रमुख मायावती ने बाबूजी को श्रद्धांजलि दी, लेकिन सपा अध्यक्ष की ओर से कोई संवेदना तक व्यक्त नहीं की गई। मुख्यमंत्री ने इसे बाबूजी के साथ-साथ सनातन मूल्यों और हिंदू गौरव में विश्वास रखने वाले लोगों का अपमान बताया। योगी ने आरोप लगाया कि महापुरुषों का सम्मान नहीं करना सपा की आदत रही है। उन्होंने कहा कि कन्नौज में सपा सरकार के दौरान सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय से डॉ. भीमराव आंबेडकर का नाम हटाया गया, जिसे भाजपा सरकार ने फिर बहाल किया।

इसी तरह मैनपुरी में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के नाम से जुड़े संस्थान का नाम हटाए जाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने औरैया में उनके नाम पर नया चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी व्यक्ति को महान उसका पद नहीं, बल्कि उसकी सोच और कर्म बनाते हैं। कल्याण सिंह का जीवन उन सभी लोगों के लिए प्रेरणा है, जिनके लिए राष्ट्र सर्वोपरि है और भारत के सनातन मूल्य एवं आदर्श महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि 'हिंदू गौरव दिवस' बाबूजी के जीवन से प्रेरणा लेकर उनकी विरासत को आगे बढ़ाने का अवसर है।

# यूपी की युवा ताकत और जापान की टेक्नोलॉजी का होगा संगम, हेल्थकेयर-रोबोटिक्स से रोजगार तक खुलेंगे नए रास्ते

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश और जापान के बीच हेल्थकेयर और केयर इकोनॉमी के क्षेत्र में सहयोग की नई संभावनाएं खुलती नजर आ रही हैं। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित यूपी-जापान हेल्थकेयर एंड केयर इकोनॉमी पार्टनरशिप के सेक्टोरल सेशन में मेडिकल शिक्षा, रोबोटिक्स, फार्मा, तकनीकी हस्तांतरण और कुशल मानव संसाधन के क्षेत्र में साझेदारी पर विस्तार से चर्चा हुई।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि जापान की अत्याधुनिक तकनीक और उत्तर प्रदेश की विशाल युवा शक्ति का मेल हेल्थकेयर सेक्टर में निवेश, रोजगार और तकनीकी विकास के नए अवसर पैदा कर सकता है। जापान में बढ़ती उम्र की आबादी के बीच केयरगिविंग और प्रशिक्षित मानव संसाधन की मांग को देखते हुए यूपी के युवाओं के लिए जापान में रोजगार के रास्ते खोलने पर भी जोर दिया गया।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निवेश के लिए अनुकूल माहौल तैयार कर चुका है। बेहतर कानून-व्यवस्था, एक्सप्रेसवे, एयर कनेक्टिविटी और आधारभूत सुविधाओं ने प्रदेश की संभावनाओं को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 47 से बढ़कर 83 से अधिक हो गई है। नर्सिंग और पैरामेडिकल शिक्षा का भी विस्तार हुआ है। ऐसे में प्रदेश जापान को डॉक्टर, फार्मासिस्ट, नर्सिंग स्टाफ और मेडिकल तकनीशियन जैसे प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। युवाओं को जापानी कंपनियों की जरूरतों के अनुरूप जापानी भाषा और कार्य संस्कृति का प्रशिक्षण देने की संभावनाओं पर भी जोर दिया गया।

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित घोष ने कहा कि जापानी कंपनियों के लिए उत्तर प्रदेश में निवेश की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि फार्मा क्षेत्र में एक ही दिन 12 कंपनियों के साथ एमओयू किए गए हैं। जापानी तकनीक को प्रदेश में लाने के साथ रोबोटिक्स के क्षेत्र में भी काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि करीब 400 एकड़ में मेडिकल टेक पार्क विकसित करने की योजना है। पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेजों के निर्माण में भी जापानी निवेशकों और कंपनियों की भागीदारी की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि जापान की तकनीक और यूपी की युवा शक्ति का संगम विकास की नई संभावनाएं पैदा करेगा। उन्होंने बताया कि युवाओं को तकनीकी कौशल के साथ विदेशी भाषाओं का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

वहीं श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि सरकार का लक्ष्य 'हर हाथ को काम' उपलब्ध कराना है। प्रदेश के स्किल्ड, सेमी स्किल्ड और नॉन-स्किल्ड मानव संसाधन को देश ही नहीं, विदेशों में भी रोजगार के अवसरों से जोड़ने की दिशा में काम किया जा रहा है। श्रम एवं सेवायोजन विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. एम.के. शन्मुगा सुन्दरम ने कहा कि भारत और उत्तर प्रदेश के पास विशाल युवा श्रम शक्ति है, जबकि जापान तेजी से वृद्ध होती आबादी और श्रमिकों की कमी की चुनौती से जूझ रहा है। ऐसे में जापान में केयरगिविंग, कंस्ट्रक्शन, मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में यूपी के प्रशिक्षित युवाओं के लिए बड़े अवसर बन सकते हैं। उन्होंने सुरक्षित और व्यवस्थित प्रवासन के जरिए यूपी के युवाओं को वैश्विक रोजगार बाजार से जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। कौशल विकास विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने कहा कि यूपी में आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों का बड़ा नेटवर्क है।

# देश में ओला-उबर और डिलीवरी सेवाओं के लिए नए नियम लागू, अब बिना कारण बताए नहीं कर सकेंगे ड्राइव कैंसिल

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कैब और डिलीवरी सेवाओं को अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए राज्य सरकार ने नई नियमावली लागू की है। इसके तहत ओला, उबर समेत अन्य ऐप आधारित एग्रीगेटर सेवाओं के संचालन के लिए कई मानक तय किए गए हैं। सरकार ने upmyfleet.com एग्रीगेटर पोर्टल भी शुरू किया है।

नई व्यवस्था में यात्रियों की सुरक्षा, ड्राइवरों के कल्याण, वाहनों के प्रदूषण नियंत्रण और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। इसके अलावा कैब का किराया पारदर्शी रखने और यात्रियों की शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के प्रावधान किए गए हैं।

सरकार का उद्देश्य ऐप आधारित परिवहन और डिलीवरी सेवाओं में कंपनियों, ड्राइवरों और ग्राहकों के बीच जवाबदेही तय करना है। नई व्यवस्था से बुकिंग के बाद मनमानी, किराए को लेकर विवाद और शिकायतों के निस्तारण में होने वाली देरी पर अंकुश लगाने की उम्मीद है।

प्रदेश में एप आधारित टैक्सी और डिलीवरी सेवाओं को नियंत्रित करने के लिए परिवहन विभाग ने उत्तर प्रदेश मोटर यान (समूहक और वितरण सेवा प्रदाता) नियमावली, 2026 का प्रस्ताव जारी किया है। प्रस्ताव के मुताबिक, अगर कोई चालक राइड बुक करने के बाद बिना किसी वैध कारण के राइड कैंसिल करता है तो उससे दस फीसदी की कटौती कुल किराये में से की जाएगी। दूसरी तरफ राइड बुक करने वाले यात्री को अगली बुकिंग में कुछ रियायत दी जाएगी। वहीं अगर राइड बुक करने के बाद यात्री उसको रद करता है है तो उससे किराये का दस प्रतिशत या अधिकतर सौ रुपये तक वसूली अगली बुकिंग में की जाएगी।

# मायावती बोलीं- वंदे मातरम के गायन को लेकर राजनीति उचित नहीं, जनहित के मुद्दों पर ध्यान देने की नसीहत दी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने वंदे मातरम् के गायन को लेकर जारी राजनीतिक बहस को अनुचित बताया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को अपने स्वार्थ के बजाय जनहित के मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने युवाओं, स्कूली बच्चों और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हुई जनहानि जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सरकारों को गंभीरता से काम करने की नसीहत दी।

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने देश में वंदे मातरम् गायन को लेकर चल रही राजनीति को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् गायन पर संसद में पारित कानून पहली बार नहीं आया है। बसपा सुप्रीमो ने शुक्रवार को जारी अपने बयान में कहा कि केंद्र व राज्यों में सत्ता परिवर्तन के दौरान राजनीतिक दल अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए या कमियां छिपाने को ऐसा करते हैं। एक-दूसरे के बनाए कानूनों को भी बदलते रहते हैं।

बसपा सुप्रीमो ने सरकारों से जनहित के मुद्दों पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने 'जेन-जी' युवाओं और 'जी-अल्फा' स्कूली बच्चों के मुद्दों को भी उठाया। साथ ही देश के कुछ जगहों में आई बाढ़ से हुई जान-माल की हानि का भी जिक्र करते हुए कहा कि इन सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर केंद्र व राज्य सरकारों को ध्यान देना चाहिए। सभी राजनीतिक पार्टियों को भी इन पर समुचित ध्यान देना चाहिए। यह वर्तमान में देश व जनहित में समय की सबसे जरूरी मांग है।

# लखनऊ हत्याकांड का सीसीटीवी : 30 मिनट में तीन मौतें, बैंक के सामने मैनेजर पत्नी को गोली मारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** लखनऊ के गोमतीनगर में एक बैंक कर्मचारी महिला की उसके पति ने गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी ने घर पहुंचकर अपनी बहन की भी हत्या की और खुदकुशी कर ली। पुलिस ने घर से सीसीटीवी रिकॉर्डिंग कब्जे में ली है। मृतका की बहन ने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट साझा की है।

लखनऊ हत्याकांड में नए-नए अपडेट सामने आ रहे हैं। घटना से पहले दो दिन तक रेकी गई। हर एक पहलू को समझा कि पत्नी कहां पर किस टाइम आती है, कब बाहर आती है। फिर 30 मिनट में दो हत्याएं और सुसाइड। पुलिस की शुरुआती जांच में घटना की कई वजह सामने आई हैं।

18 अगस्त को फैमिली कोर्ट में तलाक मामले में सुनवाई थी। इस दौरान मानस और दिव्या के बीच एलिमनी को लेकर विवाद हुआ। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इसके बाद मानस इतना परेशान हो गया कि उसने पत्नी और बहन की हत्या करके सुसाइड करने की प्लानिंग कर डाली। उसने दो असलहे खरीदे। फिर पूरी वारदात को अंजाम दे डाला। वहीं, घटना जुड़े सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं। इसमें दिख रहा है कि जैसे पति अपनी मैनेजर पत्नी को गोली मारता है। गोली की आवाज आती है। आवाज सुनकर बैंक कर्मी बाहर आए। फिर हड़कंप मच जाता है। इसमें कई चीजे साफ-साफ नजर आ रही हैं। देखिए और समझिए पूरा घटनाक्रम।

गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे मानस ऑटो से सीधे पत्नी दिव्या के ICICI बैंक पहुंचा। दिव्या को फोन करके बाहर बुलाया। दोनों के बीच पहले विवाद और मारपीट हुई, फिर मानस ने दिव्या के चेहरे पर सटाकर दो गोली मार दी। पूरी घटना बैंक के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। इसके बाद वह ऑटो से ही मौके से भाग गया। पसीने से तरबतर होकर 2 किमी दूर अपने घर पहुंचा। कमरे का दरवाजा बंद किया। टीवी पर तेज आवाज में हनुमान चालीसा चला दी। इसके बाद बहन शीबा के सिर में गोली मार दी। फिर खुद की कनपटी में गोली मारकर सुसाइड कर लिया।

एडीसीपी पूर्वी अमोल मुर्कुट ने बताया कि छानबीन में पता चला कि दिव्या का सहयोगी उनकी मदद के लिए बढ़ा तो मानस ने गोली मारने की धमकी देते हुए उस पर असलहा तान दिया। इस पर युवक बैंक की ओर भागा। इस बीच बैंक से दूसरा सहयोगी दिव्या की मदद के लिए दौड़ा, लेकिन मानस ने असलहा दिखाकर उसे भी धमका दिया। इसके बाद मानस ने सर्विस रोड पर बनी पुलिया पर दिव्या का सिर दे मारा। फिर असलहे से फायर किया लेकिन गोली नहीं चली। इस पर उसने वह असलहा बैग में डाला और दूसरा निकालकर दिव्या के सिर से सटाकर गोली मार दी। इससे अफरातफरी मच गई। लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही मानस ऑटो में बैठकर भाग निकला। पुलिस आयुक्त तरुण गाबा के मुताबिक पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। मानस ने अचानक ऐसा कदम क्यों उठाया, इसका पता लगाया जा रहा है। दिव्या ने इसी साल जनवरी में तलाक की अर्जी दी थी। उसने स्त्री धन और एक करोड़ रुपये हर्जाने के लिए भी पारिवारिक न्यायालय में अर्जी दी थी। रिश्तेदारों ने बताया कि मानस तलाक नहीं चाहता था। वह पत्नी के साथ रहना चाहता था। इसी बात पर दोनों में कई बार झगड़ा हुआ था। कुछ माह पहले मानस पत्नी से मिलने बैंक गया था, जहां दोनों में जमकर विवाद हुआ था। बैंककर्मियों ने बीचबचाव कर दोनों को शांत कराया था। मानस ने इसी साल मार्च में पत्नी के साथ रहने की न्यायालय में अर्जी भी दी थी।

## संक्षेप समाचार

### कनिष्ठ सहायक भर्ती में 50 अभ्यर्थियों का चयन, आयोग ने जारी किया परिणाम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) ने औद्योगिक विकास विभाग में कनिष्ठ सहायक के पदों पर भर्ती का अंतिम चयन परिणाम जारी कर दिया है। शुक्रवार को जारी परिणाम में कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा के आधार पर 50 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। आयोग ने चयन प्रक्रिया में निर्धारित मेरिट, आरक्षण और अन्य नियमों का पालन किए जाने की जानकारी दी है। आयोग के मुताबिक, शुरुआत में कनिष्ठ सहायक के 62 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। बाद में विभाग से प्राप्त संशोधित अधियाचन के आधार पर पदों की संख्या घटाकर 54 कर दी गई। संशोधित पदों के आधार पर चयन प्रक्रिया पूरी करते हुए 50 अभ्यर्थियों को अंतिम रूप से चयनित किया गया है। चयनित 50 अभ्यर्थियों में 34 अनारक्षित, सात अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), पांच आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), तीन अनुसूचित जाति और एक अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी शामिल हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि क्षैतिज आरक्षण के तहत उपलब्ध अभ्यर्थियों को उनकी मूल श्रेणी में समायोजित किया गया है। महिला, दिव्यांगजन समेत अन्य क्षैतिज आरक्षण प्रावधानों को भी नियमानुसार लागू किया गया। आयोग ने चयन परिणाम के साथ श्रेणीवार कटऑफ भी जारी की है। अनारक्षित वर्ग की कटऑफ 65 अंक, ओबीसी की 62 .50, ईडब्ल्यूएस की 63 .75, एससी की 26 .75 और एसटी की 50 अंक रही। दिव्यांगजन की एएसडी/एचएच/डीई/ओएच श्रेणी की कटऑफ 54 .75 तथा अन्य दिव्यांगजन श्रेणी की 44 .25 अंक रही। महिला अभ्यर्थियों की कटऑफ 42 अंक दर्ज की गई। आयोग ने बताया कि पांच अभ्यर्थियों को औपबंधिक रूप से शामिल किया गया है। इनका अंतिम चयन आयोग के निर्णय के अधीन रहेगा। साथ ही अंतिम चयन परिणाम उच्च न्यायालय में लंबित संबंधित याचिकाओं में पारित होने वाले आदेशों के अधीन रहेगा। चयनित अभ्यर्थियों के नाम और श्रेणीवार कटऑफ आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है।

### लखनऊ में तेज बारिश से उमस से मिली राहत, 22 अगस्त को फिर एक्टिव होगा मानसून



**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ में पिछले चार दिनों से लगातार बारिश का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को शहर के कुछ इलाकों में रिमझिम बारिश हुई, जबकि सुबह से ही आसमान में धूप और बादलों की आँख मिचौली जारी थी। वही IMD ने आने वाले दिनों में तेज बारिश और गरज-चमक का दौर जारी रहने की संभावना जताई है। लगातार बारिश से शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। वही लखनऊ में 24 घंटे में 42 .2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। जबकि इससे पहले 15 से 17 अगस्त के बीच 75 .5 मिमी बारिश हुई थी। इस तरह चार दिनों में राजधानी में कुल 117 .7 मिमी पानी बरसा। हालांकि तेज बारिश ने शहर की व्यवस्थाओं की भी परीक्षा ली। कई इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया। जलभराव के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कुछ स्थानों पर बारिश के साथ बिजली गुल होने से लोगों की मुश्किलें और बढ़ गईं। राजधानी के जानकीपुरम, संजय गांधी पुरम, अलीगंज और फैजुल्लागंज समेत कई क्षेत्रों में जबरदस्त जलभराव हुआ। कई जगह लोगों को घरों से बाहर निकलने में परेशानी हुई, जबकि कुछ घरों में भी पानी पहुंच गया। प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, भदोही, महोबा जिलों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है जबकि फतेहपुर, प्रतापगढ़, वाराणसी, जौनपुर, हमीरपुर, ललितपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, औरैया, जालौन, झांसी में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

### जूनियर डॉक्टर से छेड़छाड़ के आरोप में सीवीटीएस विभागाध्यक्ष निलंबित, डॉ. प्रद्युम्न बने नए विभागाध्यक्ष

**लखनऊ।** लखनऊ स्थित आयुर्वेद संस्थान में कनिष्ठ महिला डॉक्टर से छेड़छाड़ के आरोप में हृदय एवं वक्ष शल्य विभाग के अध्यक्ष को निलंबित किया गया है। उनके स्थान पर नए विभागाध्यक्ष की नियुक्ति हुई है। प्रशासन मामले की विभागीय जांच कर रहा है। पूर्व शिकायतों की भी चर्चा सामने आई है। राजधानी स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्वेद ज्ञान संस्थान में सीवीटीएस विभाग के एचओडी डॉ. एपी जैन को एक जूनियर महिला डॉक्टर से छेड़छाड़ के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। मामले में संस्थान प्रशासन की ओर से विभागीय कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है कि डॉ. जैन पर पूर्व में भी जूनियर महिला डॉक्टरों के साथ कथित अभद्रता और छेड़छाड़ के आरोप लग चुके हैं। नर्सिंग कर्मियों और अन्य स्टाफ की ओर से भी पहले शिकायतें किए जाने का दावा किया जा रहा है। हालांकि, आरोप है कि इन शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। सूत्रों के मुताबिक, मौजूदा शिकायत के करीब पांच दिन बाद कार्रवाई की गई। परिवार की ओर से एफआईआर कराने की चेतावनी दिए जाने के बाद निलंबन की कार्रवाई किए जाने की बात भी सामने आई है। पूर्व में मानवाधिकार और महिला आयोग में भी डॉ. जैन के खिलाफ शिकायतें पहुंचने का दावा किया जा रहा है। निलंबन के बाद डॉ. प्रद्युम्न को सीवीटीएस विभाग का नया विभागाध्यक्ष बनाया गया है। मामले में संस्थान प्रशासन की आधिकारिक जांच और संबंधित पक्षों के बयान के बाद आरोपों की स्थिति और स्पष्ट होगी।

### CM योगी के साथ सेल्फी के लिए क्रेजी हुए जापानी बच्चे, भारतीय दर्शन से परिचित कराकर दिया संदेश, तस्वीरें

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री आवास पर शुक्रवार को एक ऐसा दृश्य देखने को मिला जिसमें कूटनीति की औपचारिकता की जगह बच्चों की मुस्कान थी, भाषाओं की दूरी की जगह संवाद था और दो देशों की संस्कृति के बीच दोस्ती का एक सहज सेतु बनता दिखाई दे रहा था। उत्तर प्रदेश-जापान निवेश बैठक के क्रम में आयोजित विशेष कार्यक्रम 'ए डायलॉग विद द फ्यूचर' में जापान के यामानाशी प्रान्त से आए 13 विद्यार्थियों और उनके फैकल्टी सदस्यों ने लखनऊ के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और यामानाशी प्रान्त के गवर्नर कोटारो नागासाकी की मौजूदगी में हुआ यह संवाद आने वाले भारत-जापान संबंधों की उस तस्वीर को सामने ला रहा था, जिसकी नींव आज की युवा पीढ़ी के मन में रखी जा रही है। मुख्यमंत्री ने जापान के यामानाशी से आए विद्यार्थियों और उनके फैकल्टी सदस्यों तथा लखनऊ के युवा साथियों का आत्मीय स्वागत करते हुए जापानी अभिवादन 'ओहायो गोजाइमासु' से अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि लखनऊ उत्तर प्रदेश की राजधानी है और 25 करोड़ से अधिक आबादी वाला उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा राज्य है। यह प्रदेश भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना का प्रमुख केंद्र है और इसे 'हार्टलैंड ऑफ इंडिया' के रूप में भी देखा जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल विद्यार्थियों का मिलन नहीं है। यह दो संस्कृतियों, दो परंपराओं और दो देशों की युवा पीढ़ियों का मिलन है। अगले वर्ष भारत और जापान के राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं और ऐसे समय में दोनों देशों के ये विद्यार्थी भविष्य के राजदूत के रूप में इस संबंध को नई ऊंचाई देने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर भारत की सबसे बड़ी युवा कार्यशक्ति वाले उत्तर प्रदेश के बच्चे हैं और दूसरी ओर तकनीक, परंपरा और प्रतिबद्धता के लिए पहचाने जाने वाले जापान के बच्चे। एक बच्चा लखनऊ के किसी गांव से आया है और दूसरा जापान के किसी गांव से। एक हिंदी बोलता है, दूसरा जापानी, लेकिन दोनों के बीच सबसे बड़ी समानता यह है कि दोनों अपने भविष्य की कहानी लिख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जापान से आए विद्यार्थियों के लिए भारत की विविधता में एकता, वसुधैव कुटुम्बकम्, भारतीय भाषाओं, दर्शन, पर्व और त्योहारों तथा उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को समझने का यह अवसर है। उन्होंने कहा कि जापान की नई पीढ़ी भारत को केवल एक बाजार के रूप में नहीं, बल्कि एक साझा सभ्यतागत मित्र के रूप में जाने, यह इस संवाद की बड़ी उपलब्धि होगी।

## एक नजर

### आईजीआरएस शिकायतों पर एडीएम सख्त

**चंदौसी।** बहजोई में डीएम अंकित खंडेलवाल के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट तथा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यप्रिय सिंह की अध्यक्षता में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण एवं फीडबैक की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों के संतुष्ट एवं असंतुष्ट फीडबैक,आईजीआरएस पोर्टल तथा हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पोर्टल पर आख्या अपलोड करने से पूर्व उसका गहनता से परीक्षण एवं अवलोकन अवश्य कर लिया जाए, ताकि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित हो सके। अपर जिलाधिकारी ने समस्त विभागों की शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन शिकायतों का अभी तक निस्तारण नहीं हुआ है, उनका स्थलीय निरीक्षण करते हुए नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

# गणेश चौथ मेले को लेकर एसडीएम ने की बैठक

## बैठक में तैयार हुई कार्ययोजना

जागरण मोर्चा कार्यालय



चंदौसी तहसील परिसर में गणेश चौथ मेले को लेकर बैठक करते एसडीएम। -जागरण मोर्चा

**चंदौसी।** तहसील सभागार में शुक्रवार को मेला गणेश चौथ के 66वें आयोजन को लेकर उप जिलाधिकारी आशुतोष तिवारी की अध्यक्षता में श्री गणेश मेला परिषद, चंदौसी के पदाधिकारियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागवार मेले की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्यों के लिए कार्ययोजना तैयार करने के दिशा-निर्देश दिए गए।

एसडीएम आशुतोष तिवारी ने मेले के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा पूर्व में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी लेते हुए उन्हें समयबद्ध ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला परिषद के पदाधिकारियों से भी आवश्यक सुझाव मांगे, ताकि मेले के दौरान श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

विद्युत विभाग को रथयात्रा मार्ग पर बिजली के तारों को व्यवस्थित कर आवश्यकतानुसार ऊंचा करने, पोलों पर पन्नी लगाने तथा मेले के दौरान विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही रथयात्रा के दौरान विद्युतकर्मियों की टीम की उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया।

नगर पालिका को रथयात्रा मार्ग को गड्ढामुक्त कराने, प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने, पेयजल के लिए वाटर कूलर लगाने तथा कूड़े का समय से उठान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

रेलवे विभाग से मुरादाबाद-चन्दौसी-अलीगढ़ तथा बरेली-चन्दौसी-अलीगढ़ मार्गों पर मेले के दौरान स्पेशल ट्रेन चलाने, उनकी समय-सारिणी सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा करने तथा यात्रियों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया।

रोडवेज विभाग से चन्दौसी से अलीगढ़, मुरादाबाद एवं बिसौली के लिए अतिरिक्त बसों का संचालन करने, यात्रियों के लिए पेयजल व्यवस्था दुरुस्त कराने तथा बसों की समय-सारिणी चस्पा करने की मांग की गई। रात्रि के समय बसों को नगर के अंदर से संचालित करने तथा सम्भल तिराहा, पथरा मोड़ और बदायूं चुंगी पर अतिरिक्त अस्थायी बस स्टैंड बनाए जाने का सुझाव भी रखा गया।दूरसंचार विभाग से रथयात्रा मार्ग पर दूरभाष के तारों को ऊंचा करने तथा मेले के दौरान बेहतर नेटवर्क व्यवस्था के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करने का अनुरोध किया गया।पुलिस एवं यातायात विभाग को सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत नगर में लगे सीसीटीवी कैमरों को सक्रिय कराने, किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने तथा अतिरिक्त फायर ब्रिगेड वाहन की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। मेले के दौरान नगर में बड़े वाहनों की नो-एंट्री लागू करने, सीता रोड, कैथल गेट एवं मनिहार चौक पर बैरिकेडिंग कराने तथा ई-रिक्शों का वन-वे संचालन कराने जैसे महत्वपूर्ण सुझाव भी रखे गए।स्वास्थ्य विभाग से मेले के दौरान अतिरिक्त चिकित्सा कैंप लगाने तथा श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों के लिए शुगर एवं ब्लड प्रेशर की जांच सहित आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। बैठक में मेला परिषद की ओर से गणेश मंदिर के आगे नाला निर्माण के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़क की मरम्मत, माल गोदाम रोड की सड़क की मरम्मत तथा शनिदेव मंदिर से पथरा तिराहे तक सड़क की मरम्मत कराने का भी अनुरोध किया गया। इसके अलावा नगर में बंदरों एवं आवारा कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने के लिए विशेष अभियान चलाने की मांग भी रखी गई।बैठक में सुझाव प्रस्तुत करते हुए मेला सचिव हरिगोपाल वार्ष्णेय, मेला इंचार्ज रविन्द्र कुमार रूपी, ललित किशोर गुप्ता, मनोज गुप्ता मीनू, अरविन्द गुप्ता, प्रभात कृष्णा, सतीश अरोरा, अशोक शर्मा आदि ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाओं से अवगत कराया।

इस अवसर पर नगरपालिका से ईओ सतेन्द्र प्रकाश, जेई अनुज कुमार, सफाई निरीक्षक सुनील कुमार, पुलिस प्रशासन से प्रभारी निरीक्षक संत कुमार, परिवहन विभाग से स्टेशन प्रभारी राजीव यादव, विद्युत विभाग से एसडीओ अवधेश कुमार, स्वास्थ्य विभाग से सीएमएस डॉ. हरविंदर सिंह, रेलवे विभाग से स्टेशन अधीक्षक राजू कुमार एवं मनोज कुमार, दूरसंचार विभाग से अवर अभियंता वरुण कुमार सिंह एवं विवेक सक्सेना, फायर विभाग से सीएफओ ओमकार शर्मा, एडीओ पंचायत मनोज कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। मेला परिषद की ओर से विनय सर्राफ, लोकेन्द्र शर्मा, प्रजीत लालू, सतेन्द्र मामा, मेजर शशिकांत गुप्ता, मुकेश ब्रेड, प्रवीण पूसी बाबा, अजय आर्य, शुभम अग्रवाल, नीरज बच्चन, मो. फईमुद्दीन, अजय वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने ली शपथ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** रोटरी क्लब सिटी स्टार का भव्य शपथ ग्रहण समारोह एवं गवर्नर ऑफिशियल विजिट अत्यंत हर्षोल्लास के साथ सीता रोड स्थित छोटू महाराज के परिसर में संपन्न हुआ। इस गरिमामय समारोह की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. अमोल कंचन एवं सचिव मनोज अग्रवाल ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम का कुशल संचालन डिस्ट्रिक्ट पब्लिक इमेज चेयर रोटेरियन अनुराग मित्तल द्वारा किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गवर्नर रोटेरियन पायल गौड़ उपस्थित रही। आगामी गवर्नर रोटेरियन काव्य रस्तोगी ने इंस्टॉलेशन ऑफिसर की भूमिका निभाई, जबकि वर्ष 2028-29 के गवर्नर रोटेरियन प्रतीक सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।अतिथियों का सम्मान एवं संबोधन किया गया। इस अवसर पर विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में एसडीएम चंदौसी को समाज में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 'वोकेशनल सर्विस अवार्ड' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंडलाध्यक्षों मनीष शारदा और डीके शर्मा की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।अपने संबोधन में मुख्य अतिथि पायल गौड़ ने रोटरी क्लब सिटी स्टार द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की और क्लब को इन कार्यों को और अधिक विस्तार देने के लिए प्रेरित किया। इंस्टॉलेशन ऑफिसर काव्य रस्तोगी ने क्लब को 'एक सितारे के रूप में चमकने' की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि प्रतीक सिंह सहित अन्य अतिथियों ने भी अपने वक्तव्य में क्लब के सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें समाज सेवा के क्षेत्र में सदैव अग्रणी रहने का आह्वान किया। आभार एवं उपस्थिति कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के सभी सदस्यों एवं रोटरी ऐन्स का विशेष सहयोग रहा। अंत में, असिस्टेंट गवर्नर अंकित जैन ने समारोह में पधारे सभी अतिथियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर संजय गुप्ता, असिस्टेंट गवर्नर, संजीव बंसल, विवेक गर्ग, हेमंत अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, विवेक अग्रवाल कागजी, पुनीत अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, अमित अग्रवाल, विशाल रस्तौगी, डॉक्टर सर्वेश सक्सेना, डॉक्टर पंकज वार्ष्णेय, डॉक्टर अमित अग्रवाल, सुनीता, कंचन, मीतू अग्रवाल, चारु अग्रवाल, पायल मित्तल, ज्योति जैन, शिल्पा अग्रवाल आदि का सहयोग रहा और मेरठ, चंदौसी, मुरादाबाद, बहजोई, बबराला, संभल, हसनपुर से आए रोटेरियन भारी संख्या में उपस्थित रहे।



चंदौसी मे एसडीएम को सम्मानित करतें रोटरी क्लब के पदाधिकारी।

## प्रधानाचार्य पर सरकारी बोर्ड हड़पने का आरोप

**चंदौसी।** बनियाठेर के बेरीखेड़ा गांव स्थित आकांक्षा विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य पर गांव के ही बिशनपाल ने स्कूल के बाहर लगे सरकारी बोर्ड को उखाड़ कर स्कूल में रख लिया था जिसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई थी मौके पर पहुंची पुलिस ने शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार से बात की तो उन्होंने बताया कि यह बोर्ड काफी समय पहले उखड़ गया था जिसे मैने अंदर रखवा दिया अगर किसी ने शिकायत की है तो वह उसे पुनः बाहर लगवा देंगे वहीं शिकायतकर्ता विशनपाल ने अपनी शिकायत निस्तारण की बात कहते हुए लिखित में राजीनामा पत्र सौंप दिया है।

# सिल्वर स्टोन स्कूल में एकल गायन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** जीके सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अंतर-सदन एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ अपनी गायन प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता को दो वर्गों में विभाजित किया गया जिसमें जूनियर वर्ग कक्षा 6 से 8 तक सीनियर वर्ग कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता भाग लिया।

जूनियर वर्ग के परिणाम में प्रथम स्थान पर रिंकू ब्लैकबेरी हाउस, द्वितीय स्थान पर आरूब खान रास्पबेरी हाउस, तृतीय स्थान पर मोहम्मद कैफ रास्पबेरी हाउस ने बाजी मारी। सीनियर वर्ग के परिणाम में प्रथम स्थान पर दुआ ब्लूबेरी हाउस, द्वितीय स्थान पर अनु स्ट्रॉबेरी हाउस, तृतीय स्थान पर मोकाशी रास्पबेरी हाउस ने बाजी मारी। कार्यक्रम में विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज गुप्ता चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर योजना गुप्ता की गरिमामय उपस्थिति रही। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रेरणादायक शब्दों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को निखारने, आगे बढ़ने तथा भविष्य में भी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों को अपनी गायन प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ आत्मविश्वास, रचनात्मकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम के प्रधानाचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय ने सभी अतिथियों प्रबन्धन शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया।




जीके सिल्वर स्टोन स्कूल में एकल गायन प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी।

# गन्ना कार्यालय पर प्रदर्शन जारी रहा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शुक्रवार को दूसरे दिन भी जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय पर पहुंच कर धरने पर बैठे। जहां विभाग से मिलों द्वारा लेट भुगतान करने पर ब्याज देने की मांग की।

पुराने बाईपास रोड स्थित जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय पर बृहस्पतिवार की सुबह संगठन के जिलाध्यक्ष कुलदीप चौधरी के नेतृत्व में काफी संख्या में संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचे। जहां उन्होंने स्पष्ट शब्दों कहा कि जब तक हमें हमारे गन्ने का ब्याज का बुरा नहीं मिलेगा तब तक किस धन्य पर बैठा रहेंगे। किसानों ने प्रशासन को चेताया कि अगर हमारे गन्ने के ब्याज का ब्यौरा नहीं मिलेगा तो किसान बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। क्षेत्र की शुगर मिलों पर लेट भुगतान करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि न्यायालय के आदेश के अनुसार पेराई सत्र तक का अगर किसानों को 14 दिन के अंदर भुगतान नहीं किया जाता तो मिलों को भुगतान पर किसानों को ब्याज देना होगा। लेकिन क्षेत्र की मिले किसानों को समय से भुगतान नहीं दे पा रही हैं। जिससे किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर मिले भुगतान लेट कर रही है तो उसे पर किसानों को ब्याज देना होगा। अगर किसानों की यह मांगे नहीं मानी जाती है तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। धरने में विकास शर्मा, राजवीर सिंह, अरुण कुमार, सुरजीत सिंह, धीरज सिंह, गौरव चौधरी, गोलेंद्र सिंह, मुन्ना सिंह आदि मौजूद रहे।



चंदौसी मे जिला गन्ना अधिकारी के कार्यालय पर बैठे संगठन के पदाधिकारी।

# पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** शुक्रवार को एबीसी किड्ज मांटेसरी स्कूल में पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्री-नर्सरी से एलकेजी तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विद्यालय परिसर में पौधे लगाए।

इस अवसर पर विद्यालय की संचालिका संगीता भार्गव ने बच्चों को वृक्षों के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का अनमोल आधार हैं। वे हमें स्वच्छ वायु प्रदान करने के साथ-साथ पर्यावरण को संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बच्चों को पौधों की देखभाल करने और अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। नन्हे बच्चों ने शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में पौधे लगाए तथा उनमें पानी डालकर उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। बच्चों में पौधारोपण को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को छोटी उम्र से ही प्रकृति के प्रति प्रेम, जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण की भावना से जोड़ने का प्रयास किया गया। स्कूल का यह प्रयास बच्चों के मन में पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम रहा। नन्हे-मुन्नों के हाथों लगाए गए पौधों ने विद्यालय परिसर को हरियाली और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम में शालू, निशा,काजल, लक्षिता, हुमा कुमुद, वंशिका, अध्या, रूपाली, संतोष, दीपा आदि अध्यापिकाओं का सहयोग रहा।



चंदौसी के एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में पौधारोपण करतें नन्हे-मुन्ने बच्चें।

## संक्षेप समाचार

### दुकान में नकब लगाकर हजारों का माल चोरी

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव गुमथल में चोरों ने दुकान में नकब लगाकर चोर हजारों का सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी। गांव निवासी राहुल पुत्र शिव शंकर ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसने गुरुवार की रात 8 :00 बजे दुकान को बंद करके घर गया था। शुक्रवार की सुबह 8 :00 जब वह दुकान को खोलने पहुंचा तो देखा की शटर के बराबर में कूमल लगा था। दुकान खोलकर देखा तो दो बैटरी इनवर्टर व अन्य खानें का सामान गायब था। चोर लगभग दुकान से 20 से 25 हजार रुपये का सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित में थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर।

### महिला की हत्या करने पर पति को 10 वर्ष का कारावास

**चंदौसी।** थाना रजपुरा क्षेत्र में वर्ष 2019 में हुई विवाहिता की दहेज हत्या के मामले में न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाया है। अपर जिला जज की अदालत ने मृतका के पति महीपाल को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 4,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। वहीं, साक्ष्य के अभाव में ससुर व देवर को दोषमुक्त कर दिया गया। मामला रजपुरा के सैंडोरा निवासी नरेशपाल की पुत्री रेखा से जुड़ा है। उनका आरोप था कि विवाह के बाद से ही पति महीपाल, ससुर ऋषिपाल और देवर जीतपाल नकदी व गाड़ी के लिए रेखा को प्रताड़ित कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर 12 दिसंबर 2019 को आरोपियों ने रेखा की हत्या कर दी। मृतका के शरीर पर चोटों के गहरे निशान मिले थे, जिसके बाद पिता ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।अदालत में पीड़ित पक्ष की ओर से एडीजीसी हरिओम प्रताप सैनी और हरीश सैनी ने पैरवी की। शुक्रवार को दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने पति को सजा सुनाई।



धनारी क्षेत्र के दिनौरा पुलिस चौकी का लोकार्पण करते डीएम व एसपी।

### डीएम और एसपी ने किया पुलिस चौकी का लोकार्पण

**चंदौसी।** शुक्रवार को जनपद सम्भल में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के क्रम में और पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने एवं जनता की सुरक्षा हेतु थाना धनारी की नवीन पुलिस चौकी दिनौरा का लोकार्पण/उद्घाटन जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल व पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद संभल कृष्ण कुमार की उपस्थिति में मिशन शक्ति अभियान 5 .0 के तहत स्थानीय बालिका आयुषी द्वारा किया गया। जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, आमजन को त्वरित एवं प्रभावी पुलिस सहायता उपलब्ध कराने तथा क्षेत्र में पुलिस की उपस्थिति को और प्रभावी बनाए जाने के उद्देश्य से नवीन पुलिस चौकी का निर्माण कराया गया।नवीन पुलिस चौकी के संचालित होने से क्षेत्र में पुलिस की पहुंच एवं उपस्थिति मजबूत होगी तथा आमजन की शिकायतों के त्वरित निस्तारण, अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं पुलिस सहायता उपलब्ध कराने में और अधिक सुविधा होगी।

लापरवाही | नियमों की अनदेखी और परिवहन विभाग की उदासीनता से बढ़ा हादसे का खतरा

# ई-रिक्शा में स्कूलीं बच्चों का जोखिम भरा सफर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** ई-रिक्शों में स्कूली बच्चे जोखिम भरा सफर कर रहे हैं। शुक्रवार को ऐसे ही कुछ नजारे सामने आए हैं, जिनमें ई रिक्शों में सफर के दौरान हादसे का अंदेशा बना हुआ है। ई-रिक्शा चालकों की लापरवाही दिख रही है तो परिवहन विभाग कार्रवाई के लिए उदासीन बना है। सवाल उठता है कि ऐसे ई-रिक्शों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही। अभिभावकों ने बच्चों को स्कूलों तक पहुंचाने और वापस घर लाने के लिए ई-रिक्शों को लगाया हुआ है। कई स्कूलों ने भी खुद ई -रिक्शों की व्यवस्था की हुई है। ई-रिक्शों में सफर के दौरान स्कूली बच्चे बड़ा जोखिम उठा रहे हैं। शुक्रवार को बहजोई रोड से आवास विकास, कैथल गेट, संभल गेट, बिसौली गेट, बड़ा बाजार,फव्वारा चौक, सुभाष रोड, तक ऐसे कुछ नजारे सामने आए हैं। दोपहर में स्कूल की छुट्टी होने के बाद ई रिक्शा बहजोई चौराहे की तरफ बढ़ता दिखा। ई-रिक्शा में कई बच्चे सवार थे। खास बात यह है कि ई रिक्शा के पीछे लगे तख्ते पर दो से तीन चार बच्चे बैठे नजर आए। इनमें एक बच्चा आईकार्ड खेलता हुआ सड़क की तरफ झुका था। दूसरा नजारा बहजोई चौराहा का था। यहां ई रिक्शा में कई बच्चे सवार थे। चालक के दोनों तरफ साइड में भी बच्चे बैठे हुए थे। यह तस्वीरें तो सिर्फ उदाहरण के तौर रहीं जबकि कई ई रिक्शों में बच्चों को खतरनाक तरीके से बैठाकर सफर कराया गया। सबसे बड़ी बात यह है कि ई-रिक्शा चालक नियमों की अनदेखी और बच्चों सुरक्षित सफर कराने के लिए गंभीर नहीं हैं तो परिवहन विभाग द्वारा कार्रवाई की जानी चाहिए लेकिन उदासीनता का माहौल बना है। इस हालात में ई-रिक्शों में स्कूली बच्चों द्वारा सफर किए जाने के दौरान हादसे का अंदेशा बना हुआ है।



बहजोई रोड पर ई रिक्शा के पीछे बैठकर जातें स्कूली बच्चे।



आवास विकास कालोनी में ई-रिक्शा के पीछे बैठकर जाते बच्चे।

# लापरवाह 24 पंचायत सहायकों को मिला कारण बताओ नोटिस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में पंचायत सहायकों की कार्यप्रणाली की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा में सामने आया कि कई पंचायत सहायक अपनी निर्धारित ग्राम पंचायत में निवास नहीं कर रहे हैं, नियमित उपस्थित नहीं रहते और सचिवालय के कार्यों में घोर लापरवाही बरत रहे हैं।इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन करने पर कुल 24 पंचायत सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इनमें विकासखंड बनियाखेड़ा के 7, जुनावई के 7 और बहजोई के 10 पंचायत सहायक शामिल हैं। इन सभी को पद से हटाने की वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है।सीडीओ गोरखनाथ भट्ट ने स्पष्ट किया कि पंचायत सहायकों का मुख्य दायित्व ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना और सचिवालय के कार्यों को सुचारू रूप से चलाना है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं होगी। उन्होंने संबंधित खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) को नियमित निगरानी के निर्देश दिए हैं और चेतावनी दी है कि भविष्य में ऐसी लापरवाही मिलने पर और कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## गीता सार



**प्रशान्तमनसं ह्येनं योगिनं सुखमुत्तमम् ।**
**उपैति शांतरजसं ब्रह्मभूतमकल्मषम् ॥**

**भावार्थ :** योग में स्थित मनुष्य का मन जब परमात्मा में एक ही भाव में स्थिर रहता है और जिसकी रज-गुण से उत्पन्न होने वाली कामनायें भली प्रकार से शांत हो चुकी हैं, ऐसा योगी सभी पाप-कर्मों से मुक्त होकर परम-आनंद को प्राप्त करता है।

# वंदे मातरम् पर विवाद

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की पंक्तियां गाने को लेकर देश में बवाल मचा हुआ है। विवाद की शुरुआत स्वतंत्रता दिवस के दिन कांग्रेस मुख्यालय में तिंरगा फहराने के बाद इस गीत के गायन से हुई। कार्यक्रम के दौरान सोनिया गांधी के व्यवहार का वीडियो सामने आने के बाद बवाल मच गया। इस वीडियो में दिख रहा है कि गीत की पहली दो लाइनों के गायन के बाद सोनिया गांधी बात करने लगती हैं। जबकि नए नियम के तहत इस पूरे गीत का गायन करना अनिवार्य है। ऐसे में कहा जा रहा है कि सोनिया गांधी ने इस गीत का अपमान किया। वहीं कांग्रेस पार्टी का तर्क है कि वह इस गीत की शुरुआती केवल दो लाइनों को गाने के लिए बाध्य है। पार्टी का कहना है कि वह 1937 के कोलकाता कांग्रेस अधिवेशन में लिए गए फैसले के हिसाब से केवल दो लाइनों का ही गायन करेगी। इस अधिवेशन में गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगौर, महात्मा गांधी, पंडित



जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल जैसे दिग्गज मौजूद थे। उनकी सहमति से ही वंदे मातरम् गीत की केवल दो लाइनों को गाने का फैसला किया गया। इसको लेकर प्रस्ताव पारित किया गया। वंदे मातरम् गाने को लेकर हाल ही में एक विवाद खड़ा हुआ है, वर्किंग कमिटी इस गाने की अहमियत समझाना चाहती है। यह गाना बंकिमचंद्र चटर्जी के नॉवेल "आनंदमठ" में है, लेकिन उनकी बायोग्राफी में बताया गया है कि यह गाना नॉवेल से बहुत पहले और अलग से लिखा गया था और बाद में इसे इसमें शामिल कर लिया गया। इसलिए इस गाने को किताब से अलग माना जाना चाहिए। इसे 1896 में रवींद्रनाथ टैगोर ने म्यूजिक दिया था। ब्रिटिश सरकार ने इस गाने और "वंदे मातरम्" शब्दों को देशद्रोही माना और हिंसा और डरा-धमकाकर इसे दबाने की कोशिश की। अप्रैल 1906 में ए. रसूल की अध्यक्षता में बारीसाल में हुए बंगाल प्रोविंशियल कॉन्फ्रेंस के एक सेशन में पुलिस ने डेलीगेट्स और वॉलंटियर्स पर बेरहमी से लाठीचार्ज किया और उनके पहने हुए "वंदे मातरम्" बैज बुरी तरह फाड़ दिए गए। कुछ डेलीगेट्स को "वंदे मातरम्" चिल्लाते हुए इतनी बुरी तरह पीटा गया कि वे बेहोश होकर गिर पड़े। तब से पिछले तीस सालों में पूरे देश में "वंदे मातरम्" के साथ कुर्बानी और तकलीफ के अनगिनत उदाहरण जुड़े हैं। यह गाना और इसके शब्द खासकर बंगाल में और आम तौर पर भारत के दूसरे हिस्सों में ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ देश के विरोध के सिंबल बन गए। "वंदे मातरम्" शब्द ताकत का नारा बन गया, जिसने हमारे लोगों को प्रेरणा दी और एक ऐसा अभिवादन, जो हमें हमेशा देश की आजादी के लिए हमारे संघर्ष की याद दिलाता है। धीरे-धीरे गाने के पहले दो हिस्सों का इस्तेमाल दूसरे प्रांतों में भी फैल गया और उन्हें एक खास देश का महत्व मिलने लगा। गाने का बाकी हिस्सा बहुत कम इस्तेमाल हुआ और अब भी बहुत कम लोग इसे जानते हैं।

## सम सामयिक

# नींद संकट का गहराता साया



**वीना गौतम**

रात के 11 बजे के बाद भी अब शहरों में ज्यादातर घरों की बत्तियां जलती रहती हैं। मोबाइल स्क्रीन पर अंगूठे चल रहे होते हैं, लैपटॉप खुले होते हैं, ओटीटी पर अगला एपिसोड शुरू हो चुका होता है, साथ ही अगले दिन की मीटिंग, परीक्षा या काम का तनाव दिमाग में घूम रहा होता है। सुबह अलार्म बजता है तो आंखें खुलती हैं, लेकिन शरीर और दिमाग जैसे अभी सोना चाहते हैं। यह स्थिति धीरे-धीरे सामान्य जीवन का हिस्सा बनती जा रही है। सवाल है क्या भारत में नींद की कमी अब व्यक्तिगत आदत से निकलकर सार्वजनिक स्वास्थ्य की समस्या बन रही है? साल 2025 में एक होम इंटीरियर और स्लीप-सोल्यूशन कंपनी वेकफिट के वार्षिक सर्वे में 4500 से अधिक भारतीयों की नींद की आदतों का अध्ययन किया गया। हालांकि यह कोई सरकारी सर्वे नहीं, वेकफिट का अपने कारोबार की सहूलियत के लिए किया गया वार्षिक इन-हाउस सर्वे है, इसलिए इसके आंकड़ों को पूरे भारत की आबादी का प्रतिनिधि आंकड़ा नहीं माना जाना चाहिए। फिर भी इससे भारत में बदलती नींद की आदतों की एक महत्वपूर्ण तस्वीर सामने आती है।

सर्वे में 58 प्रतिशत लोगों ने बताया कि वे रात 11 बजे के बाद सोते हैं, जबकि 44 प्रतिशत सुबह उठने पर तरोताजा महसूस नहीं करते। करीब 84 प्रतिशत लोग सोने से ठीक पहले फोन इस्तेमाल करते हैं और 51 प्रतिशत ने देर रात तक स्क्रॉलिंग या बिंज-वॉचिंग को अपनी देर रात तक जागने की वजह बताया। दरअसल स्लीप क्राइसिस का अर्थ केवल कम घंटे सोना नहीं है। बार-बार नींद खुलना, सोने में बहुत देर लगना, सुबह जल्दी जाग जाना, पर्याप्त समय बिस्तर पर बिताने के बावजूद तरोताजा न महसूस करना और दिन में अत्यधिक नींद आना भी खराब नींद के संकेत हैं। भारत में उपलब्ध शोध को एक साथ देखने पर समस्या और गंभीर दिखाई देती है। साल 2025 में ही प्रकाशित एक भारतीय मेटा-विश्लेषण में 100 अध्ययनों को शामिल किया गया। इसमें सामान्य आबादी में अनिद्रा की संयुक्त अनुमानित दर 15.1 प्रतिशत, अवरोधक स्लीप एपनिया की 14.6 प्रतिशत और बेचैनी में पैर झटकने की 6.6 प्रतिशत पाई गई। मरीजों वाले समूहों में ये आंकड़े क्रमशः 32.3 प्रतिशत, 48.1 प्रतिशत और 13.1 प्रतिशत थे। अध्ययनों में काफी विविधता थी, इसलिए इन आंकड़ों को पूरे देश की अनुमानित दर मानने के बजाय उपलब्ध शोध का समेकित अनुमान समझना चाहिए। सवाल है इस गायब होती नींद का सबसे बड़ा दुश्मन कौन है? निश्चित रूप से मोबाइल फोन। दरअसल जब से हाथ में स्मार्टफोन आया है तब से इसने हमारे सोने और जागने की सीमा को लगभग मिटा दिया है। वेकफिट के 2025 सर्वे में 84 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने सोने से पहले फोन इस्तेमाल करने की बात कही है। उम्र समूह 25-30 में तो यह आंकड़ा 90 प्रतिशत था। अगर अलग अलग जगहों के हिसाब से देखें तो गुरुग्राम में 94 प्रतिशत और बंग्लुरु में 90 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने सोने से पहले फोन इस्तेमाल करने की बात कही। स्मार्ट फोन के संदर्भ में समस्या केवल स्क्रीन की रोशनी नहीं है। सोशल मीडिया की लगातार बदलती सामग्री, नोटिफिकेशन, काम के संदेश और 'एक वीडियो और' वाली आदत दिमाग को आराम की



इमेज

स्थिति में जाने से रोक सकती है। देर रात तक जागने की आदत फिर अगले दिन जल्दी उठने की मजबूरी से जुड़ती है और धीरे-धीरे नींद का कर्ज जमा होता जाता है। सर्वे में 59 प्रतिशत लोगों ने काम के दौरान दिन में नींद आने की बात कही। 35 प्रतिशत लोग भविष्य की चिंता के कारण रात में जागते रहते हैं यानी तकनीक और तनाव दोनों मिलकर नींद के समय को प्रभावित कर रहे हैं। देखने वाली बात यह भी है कि नींद का संकट स्त्री और पुरुषों को समान रूप से प्रभावित नहीं करता। क्योंकि 2025 के इस सर्वे में 59 प्रतिशत महिलाओं ने रात 11 बजे के बाद सोने की बात कही, जबकि पुरुषों में यह आंकड़ा 42 प्रतिशत ही था। इसलिए आधी महिलाओं ने सुबह थकान महसूस करने की बात कही, जबकि पुरुषों में यह तादाद 42 प्रतिशत थी। रात में तीन या उससे अधिक बार नींद खुलने की शिकायत भी महिलाओं में 13 प्रतिशत और पुरुषों में 9 प्रतिशत थी। महिलाएं काम, घर, बच्चों और देखभाल की दोहरी जिम्मेदारियां उठाती हैं इसलिए कई महिलाओं के लिए नींद का समय और गुणवत्ता दोनों प्रभावित होती हैं। आज की इस डिजिटल जीवनशैली के अलावा रात की शिफ्ट भी नींद की बड़ी चुनौती है। स्वास्थ्यकर्मियों, कॉल सेंटर कर्मचारियों, सुरक्षा कर्मचारियों, ड्राइवरों और कई सेवा क्षेत्रों में रात की ड्यूटी सामान्य हो चुकी है। लगातार बदलती शिफ्ट शरीर की प्राकृतिक रिदम को प्रभावित कर सकती है। यही कारण है कि नींद को केवल 'खाली समय में किया जाने वाला आराम' समझना गलत है। शरीर की जैविक घड़ी, हार्मोन, चयापचय और मानसिक स्वास्थ्य सभी नींद से जुड़े हैं। कम या खराब नींद का असर केवल ध्यान, प्रतिक्रिया की गति, निर्णय लेने की क्षमता और मूड पर ही नहीं पड़ता बल्कि इसका असर उच्च रक्तचाप, मोटापा, टाइप-2 डायबिटीज, हृदय रोग और मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। कम नींद मोटापे और डायबिटीज से सीधे जुड़ी है तथा नींद की कमी पहले से उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोगों में रक्तचाप कि समस्या और बढ़ा सकती है। हृदय स्वास्थ्य के संदर्भ में भी नींद महत्वपूर्ण है। विशेषज्ञों के अनुसार अधिकांश वयस्कों को नियमित रूप से कम से कम सात घंटे नींद की जरूरत होती है। सात घंटे से कम सोने वाले वयस्कों में कई स्वास्थ्य समस्याओं की संभावना अधिक पाई जाती है। कम या खराब नींद के दुष्प्रभाव केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहते। नींद में कमी से काम में गलतियां, सड़क दुर्घटनाओं का जोखिम और उत्पादकता पर असर पड़ता है। लेकिन इस सबके बीच यह भी समझना जरुरी है कि हर देर से सोने वाला व्यक्ति 'स्लीप-डिप्राइव्ड' नहीं होता। असली समस्या तब है, जब व्यक्ति को नियमित रूप से पर्याप्त नींद न मिले या पर्याप्त समय सोने के बाद भी वह तरोताजा न हो। इसी तरह सात घंटे का आंकड़ा सभी लोगों के लिए बिल्कुल समान नियम नहीं है। उम्र के अनुसार नींद की जरूरत बदलती है। लेकिन स्वस्थ वयस्कों के लिए नियमित रूप से पर्याप्त अवधि और अच्छी गुणवत्ता वाली नींद जरूरी है।

## श्रीरामचरितमानस



**राम नाम सिव सुमिरन लागे।**
**जानेउ सतीं जगतपति जागे॥**
**जाइ संभु पद बंदनु कीन्हा।**
**सनमुख संकर आसनु दीन्हा॥2॥**

**भावार्थ :** शिवजी रामनाम का स्मरण करने लगे, तब सतीजी ने जाना कि अब जगत के स्वामी (शिवजी) जागे। उन्होंने जाकर शिवजी के चरणों में प्रणाम किया। शिवजी ने उनको बैठने के लिए सामने आसन दिया॥2॥

## मानसून

# त्वचा-बालों पर दें खास ध्यान

**नीलोफर**

मई जून की तपती गर्मी के बाद हम सबको इंतजार होता है बारिश के मौसम का। चिलचिलाती गर्मी से राहत दिलाने वाला बारिश का मौसम अपने साथ लाता है बारिश की फुहारें और ठंडक। गर्मी और उमस से निजात दिलाने वाले बारिश के मौसम में बैक्टीरिया और तमाम तरह के इंफेक्शन के कारण यह मौसम मुसीबत का मौसम भी बन जाता है। मौसम के इस बदलाव के अनुसार ही हमें अपने ब्यूटी रूटीन में बदलाव करना जरूरी हो जाता है।

तेज गर्मी के बाद बरसात में जब वातावरण में ठंडक हो जाती है तो हमें प्यास भी कम लगती है और हम कम पानी पीते हैं। लेकिन हम यह भूल जाते हैं कि हमारे शरीर में पानी की जरूरत अभी भी उतनी ही है, जितनी गर्मी के दिनों में होती है। क्योंकि इस मौसम में हवा भले ही नमी वाली हो, लेकिन यह नमी केवल हमारी त्वचा पर तेल तो बढ़ाती है, उसे भीतर से नमी प्रदान नहीं करती। अपनी त्वचा को नमी प्रदान करने के लिए हमें पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए। त्वचा को चमकदार बनाने के लिए यह जरूरी है। इस मौसम में हल्के मॉश्चराइजर का उपयोग हमारी त्वचा को नम बनाये रखता है। उमस के कारण रोमछिद्रों के बंद होने के खतरे बढ़ते हैं। इसलिए चेहरे को बार-बार धोएं और दिन में दो बार चेहरा धोने से त्वचा पर जमा अतिरिक्त ऑयल कम होता है और रोमछिद्र बंद नहीं होते। बारिश के दिनों में बादलों के कारण



भले ही सूरज न दिखे, लेकिन उसकी अल्ट्रावॉयलेट किरणें और उसके हमारे त्वचा पर होने वाले दुष्प्रभाव के खतरे कम नहीं होते। क्योंकि सूरज की अल्ट्रावॉयलेट किरणें बादलों को भेद सकती हैं और हमारी त्वचा के रंग और टैनिन पर इसका बुरा असर होता ही है। कोलोजन का क्षरण होता है। सनस्क्रीन के जरिये ही हम अपनी त्वचा को टैनिन से बचा सकते हैं। इसलिए इस मौसम में सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। लगातार कई दिन तक बारिश होना, मौसम में तब्दीली होना, उमस बढ़ना, इन तमाम वजहों से सिर की त्वचा प्रभावित होती है। बार-बार बारिश की बूंदें जब हमारे बालों पर पड़ती हैं तो सिर की त्वचा पर फंगस होने की भी आशंका रहती है, जिससे रुसी होना, खुजली, दुर्गंध और बाल झड़ने की समस्याएं हो सकती हैं। इन दिनों रोज बाल धोना संभव नहीं होता, क्योंकि उनको सुखाना भी एक चुनौती होता है। इसलिए जब बारिश के दिनों में बाल धोएं तो सिर की त्वचा को अच्छी तरह सुखाना भी जरूरी है वरना गर्मी और उमस के कारण इस मौसम में सिर में जुएं भी हो सकती हैं। मानसून का मौसम गर्मी के मौसम की तुलना में स्वास्थ्य संबंधी ज्यादा परेशानी वाला मौसम होता है।

## तिथि विशेष

# विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस

हर वर्ष 21 अगस्त को विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया जाता है। यह दिन समाज में वरिष्ठ नागरिकों के योगदान, अनुभव और अधिकारों को सम्मान देने के साथ-साथ उनके प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करने का अवसर है। वरिष्ठ नागरिक किसी भी परिवार और समाज की महत्वपूर्ण धरोहर होते



हैं। उनके जीवन का अनुभव नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शन और प्रेरणा का स्रोत बन सकता है। बढ़ती उम्र के साथ व्यक्ति को स्वास्थ्य, आर्थिक सुरक्षा, सामाजिक सहभागिता और भावनात्मक सहयोग की आवश्यकता अधिक होती है। ऐसे में परिवार और समाज का दायित्व है कि वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन प्रदान किया जाए। आधुनिक जीवनशैली और बदलती पारिवारिक संरचना के कारण कई बुजुर्ग अकेलेपन का सामना करते हैं। इसलिए उनके साथ समय बिताना, उनकी बात सुनना और उनकी जरूरतों को समझना बेहद जरूरी है। वरिष्ठ नागरिकों ने अपने जीवन के लंबे समय में परिवार, समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने अपने अनुभव, श्रम और त्याग से आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य की नींव तैयार की है। उनके अनुभवों का लाभ लेकर युवा पीढ़ी जीवन की अनेक चुनौतियों का बेहतर ढंग से सामना कर सकती है। इस दिवस का उद्देश्य केवल वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करना ही नहीं, बल्कि उनके अधिकारों और कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है। सरकार और सामाजिक संस्थाओं द्वारा बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन और अन्य कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जाती हैं। इन सुविधाओं की जानकारी वरिष्ठ नागरिकों तक पहुंचाना भी आवश्यक है।

## पर्यटन

# बटु गुफाओं में थाईपुसम उत्सव

**समीर चौधरी**

मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर की स्काइलाइन पर एक नजर डालते ही मुझे एहसास हो गया था कि यह शहर विविध धर्मों व संस्कृतियों का केंद्र है। मुझे जहां एक तरफ मलेशिया की सबसे वैभवशाली मस्जिद नेगारा दिखाई दी, तो वहीं दूसरी तरफ बटु गुफाओं नामक 400 मिलियन वर्ष पुरानी चुना पत्थर की पहाड़ी थी, जिसमें भगवान कार्तिकेय का मंदिर है। फिर थेयान होऊ नाम का छह मंजिला बौद्ध मंदिर भी दिखाई दिया, जो चीन की समुद्री-देवी माजू को समर्पित है। लेकिन मेरी दिलचस्पी बटु गुफाओं में थी, जहां थाईपुसम उत्सव मनाया जाना था, 1 फरवरी 2026 को। जब तमिल माह थाई में पूर्णिमा का चांद पुसम तारे से संरेखित हो जाता है, तो थाईपुसम मनाया जाता है, क्योंकि तब माता पार्वती ने राक्षस सुरपद्मन को पराजित करने के लिए भगवान मुरुगन (भगवान कार्तिकेय) को दैविक वेल (भाला) दिया था।

इमेज

बटु गुफाओं की यात्रा के लिए मैंने बहुत सवेरे की ट्रेन पकड़ी। गुफाएं राजधानी से 13 किमी उत्तर में हैं। प्राचीन समय में चूने के पिंड वाली गुफाएं देशज तेमू लोग शरणस्थल के रूप में प्रयोग करते थे। स्टेशन से बाहर निकलने पर मैंने देखा कि मंदिर को जाने वाले रास्ते पर एक तरफ मेहराब व गोपुरम हैं और दूसरी तरफ प्राकृतिक झरना। बटु गुफाओं का मंदिर पर्यटकों को अपनी लोकेशन व 140 फीट ऊंची भगवान कार्तिकेय की मूर्ति के कारण आकर्षित करता है। मलेशिया के तमिल भगवान कार्तिकेय को प्यार से भगवान मुरुगन पुकारते हैं। यह मूर्ति 300 लीटर शुद्ध सोने के पेंट से पुती हुई है। मेरा स्वागत बंदरों ने किया जो खाने की चीजों की तलाश में थे। बटु गुफाओं की दैविक गुंजार को देखकर मैं आनंदित हो गया। यहीं तीन दिन का वार्षिक थाईपुसम उत्सव होता है। उत्सव की तिथि से पहले भक्तगण 48 दिन का कड़ा व्रत व तपस्या करने के बाद एक साथ चाइनाटाउन से युद्ध के भगवान मुरुगन का सम्मान करने के लिए गुफाओं में आते हैं। थाईपुसम विशेषरूप से इसलिए विख्यात है कि उत्सव के दौरान भक्तगण धातु के मांसशलाका व हुक बींधते हैं। जिन्होंने प्रायश्चित करने की शपथ ली होती है वह निर्धारित दिनों में व्रत रखते हैं। वह दूध भरे मटके भी अपने सिर पर या कवाड़ी (लकड़ी का सजा हुआ अर्द्ध गोलाकार फ्रेम) पर रखकर लाते हैं, भगवान मुरुगन को अर्पित करने के लिए। मंदिर कांप्लेक्स के भीतर



एक जगह ईंटों का ढेर लगा हुआ था और कोने में एक बैनर टंगा था, जिस पर लिखा था- 'मंदिर प्रबंधन सभी आने वालों व भक्तों से आग्रह करता है कि अपनी स्वेच्छा से सहयोग व मदद करें एक ईंट या एक बाल्टी पदार्थ को ऊपरी गुफा तक पहुंचाने में'। जब मैंने अनेक भक्तों व छोटे-छोटे बच्चों को निर्माण सामग्री सीढ़ियों से ऊपर ले जाते हुए देखा तो मैं भी 'ईंट-सेवा' करने के लिए प्रेरित हुआ। अच्छे कार्य के लिए मेरा यह छोटा सा योगदान था। ईश्वर हर व्यक्ति को उसके श्रम का पूरा-पूरा बदला देता है। एक साथी यात्री ने कहा कि उसकी यात्रा अधिक अर्थपूर्ण हो गई है, क्योंकि उसने सामाजिक कार्य में छोटा सा योगदान दिया। उसकी बेटी को भी मंदिर के मरम्मत कार्य में सहयोग करके अच्छा लगा। भगवान मुरुगन मंदिर तक पहुंचने के लिए 272 सीढ़ियां चढ़ना पड़ता है। उन्हें देखकर हममें से बहुत के तो होश उड़ गए कि हम मंदिर तक जा भी सकेंगे या नहीं। नियमित आने वाले भक्तों ने हमें यह कहकर प्रेरित किया कि दैविक शक्ति हमें सीढ़ियां चढ़ने की ताकत प्रदान करेगी; और वास्तव में ऐसा ही हुआ। युवाओं का एक ग्रुप दिल को स्पर्श करने वाले भजन गा रहा था, उनके संगीत ने पूरे वातावरण की दिव्यता में चार चांद लगा दिए थे। हम सीढ़ियां चढ़ने लगे। जब मैंने सबसे बड़ी गुफा में प्रवेश किया तो गणपति व लक्ष्मी सहित अनेक देवी देवताओं को समर्पित रंगीन आले देखे। अनेक हिंदू देवी देवताओं की पौराणिक कथाएं पूरे मंदिर में जगह-जगह पर प्रदर्शित की हुई थीं। अनेक जगहों पर चूने के पिंडों से पानी टपक रहा था। जब कुछ बूंदें मुझ पर गिरीं तो मैंने उन्हें दैविक आशीर्वाद समझा। एक तरफ से गुफा खुली हुई थी, वहां से तेजी से पानी बहता हुआ निकला, हम सभी पर कुछ और पानी बरसा। बटु गुफाओं में भक्तों के लिए हर दिन उत्सव है, जिसका जश्न वह पूजा व प्रसाद से करते हैं। कुआलालंपुर का एक परिवार प्रसाद बांट रहा था, मुझे भी वह प्राप्त हुआ। इस परिवार को व्यापार में जबरदस्त घाटा हो गया था। आर्थिक तंगी से निकलने का कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा था। लेकिन भगवान मुरुगन की कृपा से सब ठीक हो गया, विशेषकर उस सपने के बाद जिसमें उन्होंने देखा था कि भगवान मुरुगन उनके पास आशीर्वाद देने के लिए आये हैं। इसके कुछ सप्ताह बाद चमत्कार हुआ और उनका कारोबार पहले से भी अधिक अच्छा हो गया। इसलिए अपने जन्मदिवस पर अपनी भक्ति व एहसानमंदी को व्यक्त करते हुए वह प्रसाद बांट रहे थे। मैं वहां बैठकर प्रसाद खा रहा था और भगवान मुरुगन की अपने ऊपर कृपा को महसूस कर रहा था।

## वायरल

# वायरल वीडियो में बुजुर्ग को दनादन घास और भूसा खाते देख लोग भौचक



उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिले के एक गांव से नाग पंचमी पर सामने आया एक ऐसा हैरान करने वाला वीडियो सामने आया। गांव के 70 साल के बुजुर्ग बुद्धिराम हर साल नाग पंचमी के दिन अचानक अजीब हरकतें करने लगते हैं। वे इंसानी बर्ताव छोड़कर मवेशियों की तरह जमीन पर बैठ जाते हैं और गाय-भैंसों की तरह भूसा और हरी घास चबाने और जानवरों की नांद से सीधे पानी भी पीने लगते हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि बुद्धिराम पर यह असर हर तीन साल में सिर्फ नागपंचमी के दिन ही होता है। ग्रामीणों का मानना है कि इस दिन उनके शरीर में 'महिषासुर' का प्रवेश होता है। गांव के माता मंदिर में पूजा के बाद वे सीधे चारे की तरफ बढ़ जाते हैं। सिलसिला साल 1975 से लगातार चला आ रहा है। एक्सपर्ट्स इसे 'पाइका सिंड्रोम' से जोड़कर देख रहे हैं।




## X का एक्सरे

कांग्रेस कार्यसमिति ने राष्ट्र-विरोधी फैसला लिया। मैं देश को याद दिलाना चाहता हूं कि 1937 में मुसलमानों को खुश करने वंदे मातरम् को बांटकर कांग्रेस ने देश के बंटवारे की नींव रखी थी। आज नरेंद्र मोदी सरकार ने राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए कांग्रेस की इस गलती को सुधार दिया है और इसे कानूनी आधार भी दिया है।



**अमित शाह**

मैंने आपको और पापा को आखिरी बार 35 साल से अधिक समय पहले साथ देखा था। जिस दिन पापा हमें छोड़कर गए, तब से मैंने आपको हर चुनौती का सामना अटूट साहस और गरिमा के साथ करते देखा है। सिर्फ प्रियंका और मैं जानते हैं कि आप किन परिस्थितियों से गुजरी हैं और पापा के बाद आपकी जिंदगी कितनी कठिन रही।



**राहुल गांधी**

मैंने जब फिल्म का टीजर रिलीज किया था, मुझे ऐसी धमकियां आनी शुरू हो गईं। लगभग 10 से 15 हजार ऑडियो, कॉल, इंस्टाग्राम और फेसबुक मैसेंजर पर मैसेज आए। मुंबई से जो कॉल आए, उन्होंने कहा कि फिल्म रिलीज करो, मार देंगे। मैंने उनके आईपी एड्रेस वगैरह देखे। उनकी वॉइस सुनी तो ज्यादातर की भाषा मुंबई की ही थी।



**अमित जानी**

पुलिस ने अमानवीय तरीके से युवक की पिटाई की और थाने में कई दिनों तक उस पर करंट लगाया गया, जिसके निशान उसके शरीर पर पाए गए। वे लगातार आगाह करते रहे हैं कि बिहार को पुलिस स्टेट बनाया जा रहा है और सम्राट चौधरी की यही मंशा है, जिसे वे सफल नहीं होने देंगे। हाजीपुर में भी एक हत्या की घटना हुई है।



**तेजस्वी यादव**

## एक नजर

### यूपी में 31 अगस्त तक बढ़ा टीकाकरण

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में बच्चों को डिप्थीरिया (गलाघोंटू) और टिटनेस जैसी घातक बीमारियों से बचाने के लिए चल रहा विशेष टीकाकरण अभियान अब 31 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है। पहले यह अभियान 3 से 7 अगस्त तक निर्धारित था, लेकिन भारी बारिश और कांवड़ यात्रा के कारण बड़ी संख्या में बच्चे टीका लगवाने से वंचित रह गए थे।परिवार कल्याण महानिदेशक डॉ. शुभा मिश्रा ने बताया कि छूटे हुए सभी पात्र बच्चों को कवर करने के लिए यह फैसला लिया गया है। इस अभियान के तहत सभी सरकारी, गैर-सरकारी, सहायता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई स्कूलों और मदरसों में टीके लगाए जा रहे हैं। इसमें 5-6 वर्ष के बच्चों को डीपीटी-2 बूस्टर, 10 वर्ष के बच्चों को टीडी-10 और 16 वर्ष के बच्चों को टीडी-16 वैक्सीन दी जा रही है।

### यूपी में नई परिवहन नियमावली लागू

**लखनऊ (एजेंसी)।** योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में ऐप आधारित परिवहन और डिलीवरी सेवाओं को अधिक सुरक्षित व जवाबदेह बनाने के लिए 'उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली 2026' लागू कर दी है। इसके साथ ही upmyfleet.com एग्रीगेटर पोर्टल की भी शुरुआत की गई है। 22 मई 2026 की अधिसूचना के तहत अब सभी एग्रीगेटर और डिलीवरी सेवा प्रदाताओं के लिए लाइसेंस और सुरक्षा जमा राशि से जुड़े कड़े नियम तय किए गए हैं।इस नई व्यवस्था के दायरे में कैब, कूरियर, पैकेज और पार्सल पहुंचाने वाले सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म आएंगे। नई नियमावली में यात्रियों की सुरक्षा, ड्राइवरों के कल्याण, प्रदूषण की निगरानी, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने और किराये में पारदर्शिता लाने के लिए महत्वपूर्ण मानक बनाए गए हैं। इससे ग्राहकों की शिकायतों का तुरंत समाधान हो सकेगा।

# भारत-जापान संबंध युवाओं का भविष्य : योगी



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भरोसा जताया कि भारत और जापान की ताकतें साथ आएंगी तो दोनों देशों के बच्चों के बेहतर भविष्य के साथ नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां जापान के यामानाशी प्रांत के गवर्नर कोटारो नागासाकी की उपस्थिति में, जापान से आये हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के 13 छात्र-छात्राओं और भारतीय (लखनऊ) छात्रों के समागम को संबोधित कर रहे थे। योगी आदित्यनाथ ने दोनों देशों की विशेषता बताते हुए कहा कि जापान की अपनी ताकत, स्व अनुशासन और त्वरित निर्णय की क्षमता है, गुणवत्ता, टीम वर्क और नवाचार है, वहीं भारत की अपनी ताकत युवा शक्ति है, हमारी प्रतिभा, हमारी विविधता, हमारी सृजनात्मकता और साथ लेकर चलने की भावना है। मुख्यमंत्री ने भरोसा जताते हुए कहा कि मेरा विश्वास है कि जब भारत और जापान की ताकतें साथ आएंगी तो केवल दोनों देशों के बच्चों का ही भविष्य बेहतर नहीं होगा, बल्कि वैश्चिक स्तर पर नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। उन्होंने जापानी छात्रों को उप्र की आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत की जानकारी देते हुए कहा 25 करोड़ से अधिक की आबादी इस राज्य में निवास करती है और उप्र भारत के आध्यात्मिक पर्यटन के केन्द्र के रूप में जाना जाता है। लखनऊ अवध क्षेत्र के अंतर्गत आता है। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम का जन्म अयोध्या में हुआ था। यह हजारों वर्ष पहले की घटना है। उन्होंने कहा कि इसी उप्र में कल आप लोग आगरा गये और ताजमहल देखा होगा, यह हमारे ब्रज क्षेत्र का हिस्सा है। आप आगरा, मथुरा होते आए हैं और मथुरा भगवान श्रीकृष्ण की पावन जन्मभूमि भी है। कल आप, दुनिया की प्राचीनतम नगरियों में से एक वाराणसी जाएंगे। सारनाथ में भगवान गौतम बुद्ध ने पहला उपदेश दिया था। भारत की आध्यात्मिकता का प्रमुख केन्द्र उप्र है और राज्य में जापान के यामानाशी से जुड़े हुए इन युवा विद्यार्थियों के साथ में लखनऊ के विद्यार्थियों का संवाद अभिभूत करने वाला है। उप्र के मुख्यमंत्री ने कहा ''यह भारत और जापान के प्राचीन सांस्कृतिक संबंध हैं और जो अगले वर्ष राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने वाले हैं, उन संबंधों को और मजबूती प्रदान करने के फ्यूचर एंबेसडर के रूप में यहां पर वहां की युवा पीढ़ी बैठी हुई है। उन्होंने कहा भारतीय बच्चों के लिए महत्वपूर्ण है कि वह जापान के बच्चों से जानें कि कार्यसंस्कृति क्या होती है। लाइट फिलासफी, जापानी अनुशासन, टीम वर्क, आपसी आदर, समयबद्धता क्या है और इसे समझने का एक अवसर भी है। इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी ताकत एक दूसरे से सीखना है। योगी ने इस समागम में दोनों देशों की संस्कृति, शिक्षा व्यवस्था और पद्धति को करीब से समझने पर जोर देते हुए कहा कि जापान का दर्शन, सामाजिक सामंजस्य हमें सिखाता है कि समाज साथ-साथ मिलकर आगे बढ़े। जापान के यामानाशी प्रांत के गवर्नर कोटारो नागासाकी ने अपने संबोधन में दोनों देशों के आपसी संबंधों पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री और उप्र के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। जापानी में बोलते हुए उन्होंने दोनों देशों के बीच अपार संभावनाएं जताईं। जापान के एक छात्र ने नमस्ते से अपने संबोधन की शुरुआत की और फिर जापानी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया। एक जापानी छात्रा ने भी संबोधन दिया। छात्रों ने एक जापानी गीत भी सुनाया।

# अमीनाबाद पुलिस चौकी हटाने से कोर्ट का इनकार

**लखनऊ (एजेंसी)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने अमीनाबाद पुलिस चौकी को कथित अवैध निर्माण बताते हुए उसे हटाने अथवा ध्वस्त करने के अनुरोध वाली जनहित याचिका में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। अदालत ने कहा कि पुलिस चौकी क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा और सुविधा के लिए होती है, पुलिसकर्मियों के निजी उपयोग के लिए नहीं, ऐसे में मौजूदा परिस्थितियों में चौकी को ध्वस्त करने का आदेश देना उचित नहीं होगा। न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति मंजिव शुक्ला की पीठ ने एम एल यादव की जनहित याचिका पर यह आदेश दिया। सुनवाई के दौरान याची ने कहा कि अमीनाबाद पुलिस चौकी का निर्माण अवैध तरीके से किया गया है और इसे हटाया जाना चाहिए। इसके लिए किसी अन्य उपयुक्त भूमि का अधिग्रहण कर पुलिस चौकी का निर्माण किया जा सकता है। अदालत ने कहा कि अमीनाबाद अत्यंत भीड़भाड़ वाला और घनी आबादी वाला क्षेत्र है, वहां शायद ही कोई ऐसी खाली जमीन उपलब्ध हो, जहां नयी पुलिस चौकी का निर्माण किया जा सके। अदालत ने कहा कि उपयुक्त भूमि के अधिग्रहण की बात कहना जितना आसान है, उसे व्यवहार में लाना उतना ही कठिन है। पीठ ने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में यदि वहां पुलिस चौकी का निर्माण किया गया है तो यह ऐसा मामला नहीं है जिसमें अदालत उसके ध्वस्तीकरण का आदेश दे। अदालत ने स्पष्ट किया कि पुलिस चौकी क्षेत्र के लोगों के हित में ही कार्य करती है। हालांकि, अदालत ने याची को पुलिस आयुक्त, लखनऊ के समक्ष प्रत्यावेदन देने की छूट दी है।

# पेयजल मिशन, ऊर्जा निगम तथा लोनिवि के अवरुद्ध कार्यों से सदन में हंगामा

जागरण मोर्चा कार्यालय



बीडीसी बैठक का बहिष्कार कर धरने में बैठे ज्येष्ठ प्रमुख सहित अन्य।




समस्याएं सुनते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** निर्धारित रोस्टर के तहत आयोजित क्षेत्र समिति की बैठक में पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सहित मार्गों का मुद्दा छाया रहा। हर-घर नल हर-घर जल योजना के नाम पर सदन में बीडीसी सदस्यों ने जमकर हंगामा काटा। सदस्य घरों में पानी न मिलने, कनेक्शन न मिलने, लाइन न पड़ने तथा खोदी गई भूमिगत लाइन के गड्ढों को न पाटे जाने से खासे आहत थे। वक्ताओं ने अधिकारियों को जमकर लताड़ा और कहा कि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़े विभाग के कार्यों से सरकार की खासी फजीहत हो रही है। अंतः में जल संस्थान, जल निगम तथा पेयजल निगम के अधिकारियों को दो साल से बजट नहीं मिलने की बात करनी पड़ी। कमोवेश यही स्थिति ऊर्जा निगम की भी रही। उपभोक्ता के विभाग के भारी भरकम बिलों की अदायगी के बाद भी हवा में झूलते तार, लो वोल्टेज, तार व बिजली के खंबे एवं घोषित व अघोषित कटौती के बाद भी सुविधाओं का टोटा बताया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, कृषि मंडी समिति, शिक्षा विभाग आदि विभागों ने जन समस्याएं सुनीं। क्षेत्र समिति अध्यक्ष सरिता राणा की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में पिछली कार्रवाई पर चर्चा नहीं हुई। सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह राणा को बार-बार सरकारी विभागों की संवेदनहीनता संबंधी मामलों पर हस्तक्षेप करना पड़ा। उन्होंने पेयजल मिशन के अधिकारियों से एक निर्धारित समय सीमा में जन समस्याओं के निस्तारण के निर्देश देने पड़े। बैठक का संचालन वीडीओ संजय गांधी व एडीओ पंचायत शबनम कुरेशी ने किया। सदन में सोमनाथ मौर्य, नवीन कन्याल, नरेंद्र भट्ट, सरस्वती भट्ट, दीपा देवी, माया जोशी, प्रेम प्रकाश पासी, कमलेश थापा, लक्ष्मण सिंह राणा, किशन चंद कुक्कू, कमल मेहरा, किशन पाल, गीता ज्याला, माया चंद, कमलदीप राणा, गौरव नेगी, भागीरथ राणा, ललिता देवी, गायत्री देवी, सुरेश राणा आदि ने समस्याएं गिनाई। इस दौरान सहायक अभियंता पीपी तिवारी, डॉक्टर वीपी सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा, ललित मोहन पांडे, डयशपाल, प्रेम प्रकाश गिरी आदि विभागाधिकारी मौजूद थे। इस दौरान जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाथ ने सदन में उठी समस्याओं को तत्काल हल करने के निर्देश दिए। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि सदन में प्रतिभाग न करने वाले विभागाधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

### बीडीसी एवं ग्राम प्रधानों का धरना प्रदर्शन

**खटीमा।** क्षेत्र पंचायत द्वारा संचालित विकास कार्यों से असंतुष्ट ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख भागीरथी राणा, कई ग्राम प्रधानों और बीडीसी सदस्यों ने क्षेत्र समिति की बैठक का पूरी तरह बहिष्कार कर दिया। स्वयं की उपेक्षा का गंभीर आरोप लगाते हुए आक्रोशित जनप्रतिनिधियों ने ब्लॉक सभागार के बाहर धरना दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र पंचायत वर्तमान प्रधानों और बीडीसी सदस्यों की अनदेखी कर पुराने जनप्रतिनिधियों से कार्य करा रही है। साथ ही विद्युत उपकरण वितरण सहित अन्य विकास कार्यों में भारी पक्षपात किया जा रहा है। इसके बाद प्रतिनिधियों ने खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) संजय कुमार गांधी से मुलाकात कर कार्यों में पारदर्शिता की मांग की। बीडीओ गांधी ने बजट मिलते ही सभी ग्राम सभाओं में समान रूप से विकास कार्य कराने का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया।

### अधिकारियों द्वारा सिर्फ कागजी खानापूर्ति

**खटीमा।** क्षेत्र समिति की बैठक में खासा हंगामा मचा रहा। क्षेत्र समिति सदस्य इस बात से खफा थे कि सरकारी विभाग व उनके अधिकारी बीडीसी के प्रति बेहद संवेदनहीन रहते हैं। उन्होंने वन विभाग सहित ऊर्जा निगम सहित अन्य विभागों के प्रति खासा आक्रोश जाताया कि क्षेत्र समिति की बैठक में रेंजर, एसडीओ, डीएफओ के बजाय वन दरोगा तथा ऊर्जा निगम के एसडीओ, एक्शन, अधीक्षण अभियंता के बजाय अवर सहायक अभियंता उपस्थित होकर खाना पूर्ति करते हैं। इस मामले में बीडीसी सदस्यों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए वन दरोगा के समक्ष कोई समस्या नहीं उठाई।

# 13 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**खटीमा।** ऑपरेशन प्रहार के तहत चौकी सत्रहमील मझौला पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को 13 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 20 अगस्त की शाम चौकी सत्रहमील मझौला पुलिस ग्राम जाधवपुर जाने वाले रास्ते पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान टुल्लू पंप की आड़ में आने-जाने वाले लोगों को अवैध कच्ची शराब बेच रहे एक व्यक्ति को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से करीब 13 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी की पहचान बलदेव सिंह (40) पुत्र लाल सिंह, निवासी पक्की खमरिया, थाना नानकमत्ता, ऊधमसिंह नगर के रूप में की है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के विरुद्ध थाना खटीमा में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कराया जा रहा है। कार्रवाई टीम में चौकी प्रभारी सत्रहमील मझौला उपनिरीक्षक किशोर पंत, हेड कांस्टेबल राजेंद्र प्रसाद और कांस्टेबल दुर्गा नाथ शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि अवैध कच्ची शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### जिला सहकारी बैंक के लिए 14.90 करोड़ मंजूर

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने जिला सहकारी बैंक बलरामपुर के गठन के लिए 14.90 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। यह प्रदेश का 51वां जिला सहकारी बैंक होगा, जिसका कार्यक्षेत्र बलरामपुर और गोंडा जिले होंगे। शासन ने बजट जारी करने के साथ ही बैंक स्थापना की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए हैं।सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र लगातार मजबूत हो रहा है। इस बैंक के शुरू होने से बलरामपुर और गोंडा के किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से मात्र तीन प्रतिशत की दर पर फसली ऋण (केसीसी) मिलने लगेगा।

# नगर तराई नहर पार पूर्णागिरी मंदिर से आगे हाथियों का आतंक

जागरण मोर्चा कार्यालय



**खटीमा।** नेपाल से लगे नगरा तराई ग्राम सभा के लोहियाहेड नहर पार कापड़ी व कैनाल कालौनी में लगभग पांच एकड़ में खड़ी धान की फसल हाथियों के झुंड ने बर्बाद कर दी। ग्रामीण अपनी फसल को हाथियों द्वारा रौंदी जा रही फसल को देखते रह गए। लोहियाहेड नहर पार पूर्णागिरी मंदिर से आगे हाथियों का इन दिनों खूब आतंक है। झुंड में आने जाने वाले हाथी धान की खड़ी हरी-भरी फसल को बूरी तरह रौंदी जा रही है। यहां फसल को हाथियों के आक्रमण से बचाने की कोई व्यवस्था नहीं है। बीते रात दान सिंह धामी, ममता, नरेंद्र सिंह खोलिया, जमन सिंह धामी, खड़क सिंह भंडारी आदि लोगों की लगभग 5 एकड़ फसल रोदी गई है। ग्रामीण जंगली जानवरों से अपनी फसल को बचा नहीं पा रहे। किसान जंगली जानवरों से अपनी फसल को बचाने की मांग कर रहे हैं।

# जुलूसे मोहम्मदी में नहीं बजेगा डीजे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** खटीमा में बुधवार 26 अगस्त को जुलूसे मोहम्मदी शान-ओ-शौकत और अनुशासन के साथ निकाला जाएगा। जुलूस की व्यवस्थाओं, अनुशासन और संचालन को लेकर इस्लामनगर स्थित मदरसा गौसिया में शहर के उलमा एवं सम्मानित लोगों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जुलूस को शांतिपूर्ण और धार्मिक वातावरण में संपन्न कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि जुलूस में डीजे, बाजे तथा किसी भी प्रकार के ऐसे साधन नहीं लाए जाएंगे, जिससे माहौल प्रभावित हो। जुलूस में कार, टुक-टुक, मोटरसाइकिल समेत अन्य वाहनों को भी शामिल करने पर रोक रहेगी। आतिशबाजी, खेलकूद, हंसी-मजाक, गाली-गलौज और अन्य अनुशासनहीन गतिविधियों से दूर रहने की अपील की गई। आयोजकों ने लोगों से अपील की कि जुलूस में इस्लामी परिधान पहनकर, हाथ में इस्लामी झंडा लेकर अदब और अनुशासन के साथ शामिल हों। वुजू के साथ दुरूद एवं नात पढ़ने तथा किसी भी प्रकार के राजनीतिक नारे लगाने से बचने की अपील की गई। इसके साथ ही धूम्रपान, गुटखा, पान, नशे और जुए से दूर रहने का आह्वान किया गया। बैठक में कहा गया कि पैगंबर हजरत मोहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के मुबारक जन्म के अवसर पर समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और सद्भाव बनाए रखने के साथ देश और कौम की सेवा करने तथा सामाजिक बुराइयों को दूर करने का संकल्प लिया जाए। पिछली परंपरा के अनुसार जुलूस अपने निर्धारित पुराने मार्गों से होते हुए खटीमा चौराहे पर पहुंचेगा, जहां सलाम और दुआ के साथ इसका समापन होगा। हजरत मौलाना इरफानुल-हक कादरी की सरपरस्ती में हुई बैठक में मुफ्ती फरियाद आलम, हाफिज इरशाद तहसीनी, मुफ्ती सईद अनवर इरशादी, मुफ्ती शाहिद मंजरी, हाफिज इसरार अहमद, मौलाना अमानुल हक कादरी, हाफिज शराफत अजहरी, हाफिज अब्दुल बासित, हाफिज जफरुद्दीन, मौलाना अदील फैयाजी, हाफिज नफीस अहमद, मौलाना तौसीफ (मुखिया), हाफिज इरशाद मुशाहिदी, मौलाना रजी मरकजी सहित शहर के अन्य सम्मानित लोग और प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**उपलब्धि** — खटीमा का प्रदेश- देश व दुनिया में लहराया परचम

# अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट में उत्कृष्टता के लिए IIHCA को मिला प्रतिष्ठित सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय




IIHCA के प्रतिनिधि ने अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट में उत्कृष्टता प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त किया।

**खटीमा।** इश्था इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड कलिनरी आर्ट्स (IIHCA), खटीमा को वर्ष 2025-26 के लिए "अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट में उत्कृष्टता पुरस्कार" से सम्मानित किया गया है। संस्थान को यह सम्मान लगातार दूसरी बार मिला है। इससे पहले वर्ष 2024-25 में भी संस्थान को इसी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

यह सम्मान विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और उन्हें अंतरराष्ट्रीय हॉस्पिटैलिटी उद्योग के लिए तैयार करने की दिशा में संस्थान के प्रयासों की मान्यता माना जा रहा है। सम्मान टीपीएससी कनेक्ट-2026 "द पावर ऑफ पार्टनरशिप" कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन 20 अगस्त को नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर के स्टीन ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में पर्यटन एवं हॉस्पिटैलिटी कौशल परिषद, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम, राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद तथा कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी और उद्योग जगत के प्रतिनिधि मौजूद रहे। IIHCA विद्यार्थियों को हॉस्पिटैलिटी एवं कलिनरी उद्योग के लिए तैयार करने पर केंद्रित है। संस्थान में करीब 80 प्रतिशत तक व्यावहारिक प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरणों पर प्रशिक्षण तथा सिटी एंड गिल्ड्स के अंतरराष्ट्रीय पाठ्यक्रम के अनुरूप शिक्षा प्रदान की जाती है। संस्थान को पर्यटन एवं हॉस्पिटैलिटी कौशल परिषद की ओर से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में मान्यता प्राप्त है और यह सिटी एंड गिल्ड्स, लंदन से भी मान्यता प्राप्त संस्थान है। संस्थान के विद्यार्थियों को भारत के अलावा दुबई, बहरीन, सऊदी अरब, ओमान, कुवैत, फ्रांस, न्यूजीलैंड और मॉरीशस सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय स्थानों पर इंटर्नशिप एवं रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। क्रूज लाइन उद्योग में भी संस्थान के विद्यार्थियों ने अपनी पहचान बनाई है। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद IIHCA के मैनेजिंग डायरेक्टर नवीन चौहान ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य युवाओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण, वैश्विक अनुभव और अंतरराष्ट्रीय करियर के अवसरों के लिए तैयार करना है, ताकि वे भारत के साथ-साथ दुनिया के विभिन्न देशों में हॉस्पिटैलिटी उद्योग में सफल करियर बना सकें। उन्होंने कहा कि यह सम्मान संस्थान के निरंतर प्रयासों की पहचान है और इससे उत्तराखंड सहित देश के युवाओं को वैश्विक हॉस्पिटैलिटी उद्योग में आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। कार्यक्रम में टीपीएससी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजन बहादुर, एनएसडीसी के मुख्य परिचालन अधिकारी प्रशांत सिन्हा, एनसीवीईटी के कार्यकारी सदस्य प्रो. (डॉ.) अशोक कुमार गावा, एमएसडीई के निदेशक अमित मीणा, आईएचएस के मुख्य कार्यक्रम अधिकारी कर्नल महेंद्र सिंह पयाल, एमएसडीई की सचिव सुश्री देवाश्री मुखर्जी, आईएफएस, इंटरग्लोब फाउंडेशन की उपाध्यक्ष एवं सीएसआर प्रमुख डॉ. मोनिका बनर्जी, द जॉब प्लस की मुख्य विकास अधिकारी दिव्या कृष्ण, टीपीएससी के उपाध्यक्ष उद्योग वैभव वर्मा, टीपीएससी के सीएसआर प्रबंधक प्रकाश दास सहित अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।



पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने किया नवनिर्मित टाइल्स रोड का लोकार्पण।

# नई टाइल्स रोड का लोकार्पण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** नगर पालिका परिषद खटीमा की ओर से वार्ड नंबर आठ में निर्मित टाइल्स रोड का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने किया। इस दौरान सभासद नफीस सहित वार्ड के स्थानीय लोग मौजूद रहे। लोकार्पण के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि नगर क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। वार्ड में टाइल्स रोड बनने से स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र की सड़क व्यवस्था में भी सुधार होगा। स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण कार्य के लिए नगर पालिका का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सड़क बनने से वार्डवासियों को काफी राहत मिलेगी। नगर पालिका की ओर से क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए विकास कार्य लगातार किए जा रहे हैं।

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorcha.com









लखनऊ, शनिवार, 22 अगस्त 2026


# उद्योग और व्यापार बंधु की बैठक में उठा औद्योगिक समस्याओं से लेकर टूटी सड़कों तक का मुद्दा

## डीएम ने लंबित निवेश आवेदन तत्काल निस्तारित करने के दिए निर्देश, औद्योगिक फीडर की ट्रिपिंग सीजन शुरू होने से पहले दूर करने को कहा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिले में उद्योगों को गति देने, निवेश से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण और व्यापारियों की स्थानीय समस्याओं के समाधान को लेकर जिला प्रशासन ने गंभीरता दिखाई है। शुक्रवार को गांधी सभागार में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति, निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा तथा व्यापार बंधु समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में औद्योगिक इकाइयों की बिजली समस्या से लेकर शहर की सड़क, नाली, सीवर, पेयजल और सार्वजनिक शौचालय जैसी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक की शुरुआत निवेश मित्र पोर्टल पर विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा से हुई। समीक्षा में बाट-माप विभाग के दो, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का एक तथा भूजल विभाग के दो आवेदन निर्धारित समयावधि में लंबित पाए गए। इस पर अपर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागाध्यक्षों को लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि निवेश से जुड़े आवेदनों को अनावश्यक रूप से लंबित रखने के बजाय समयसीमा के भीतर कार्रवाई की जाए, ताकि उद्यमियों को विभागीय प्रक्रियाओं के कारण परेशानी न हो।

बैठक में मैसर्स एवी मौरी, यूपीसीडा औद्योगिक आस्थान भरा पचपेड़ा में चल रहे निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि कार्यदायी संस्था द्वारा नदी की ओर से लगभग 80 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा कराया जा चुका है। शेष कार्य धनराशि प्राप्त होने के बाद पूरा कराया जाएगा।

इस दौरान औद्योगिक क्षेत्र में फीडर की बार-बार ट्रिपिंग की समस्या भी सामने आई। इससे ट्रायल में बाधा उत्पन्न होने और औद्योगिक गतिविधियों पर असर पड़ने की बात कही गई। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को कार्यदायी संस्था से शेष निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने तथा विद्युत विभाग से समन्वय कर बिजली संबंधी समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए।



गांधी सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह। –जागरण मोर्चा

बैठक में मुख्यमंत्री प्रशिक्षु प्रोत्साहन रोजगार योजना की भी समीक्षा की गई। आईटीआई प्रधानाचार्य ने बताया कि शासन की ओर से इस वर्ष अप्रेंटिसशिप के लिए 300 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके सापेक्ष अब तक 92 प्रशिक्षुओं को अप्रेंटिसशिप के लिए रखा जा चुका है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक प्रशिक्षुओं को अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराए जाएं, जिससे युवाओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण के साथ रोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिल सके।

उद्यमी अश्वनी अग्रवाल ने औद्योगिक फीडर में बार-बार होने वाली ट्रिपिंग की समस्या को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि बिजली की बार-बार आवाजाही के कारण औद्योगिक इकाइयों के संचालन में असुविधा उत्पन्न हो रही है। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी सीजन शुरू होने से पहले औद्योगिक फीडर की ट्रिपिंग की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि उत्पादन प्रभावित न हो और उद्यमियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिल सके। व्यापार बंधु समिति की बैठक में व्यापारियों ने शहर की विभिन्न समस्याओं को जिलाधिकारी के सामने रखा। वार्ड संख्या 27 मोहल्ला फीलखान में सड़क टूटने और सड़क का स्तर नीचा होने की समस्या बताई गई। इस पर बताया गया कि सड़क का स्थलीय निरीक्षण किया जा चुका है और प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है। इसे कार्ययोजना में शामिल किया जाएगा।

आवास विकास क्षेत्र में सीवर लाइन चोक होने की समस्या भी उठाई गई। इस पर अधिशासी अधिकारी ने बताया कि नगरीय जल निगम की ओर से प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद सीवर लाइन को आवास विकास की मुख्य सीवर लाइन से जोड़कर संचालित कराया जाएगा। आसाम चौराहे पर मंडी समिति की दुकानें नाला निर्माण के कारण नीची हो जाने की समस्या भी व्यापारियों ने उठाई। दुकानों तक आवागमन के लिए रैंप अथवा सीढ़ी बनवाने की मांग की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को मंडी समिति और एनएचएआई से समन्वय कर समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए।

वहीं वार्ड नंबर पांच में अमित चौधरी के मकान से गोपाल शर्मा के मकान तथा श्री रामभुलाई साहनी महिला विद्यालय के पीछे गेट तक नाली और सीसी रोड निर्माण की मांग भी रखी गई। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को इसका स्टीमेट तैयार कराने के निर्देश दिए। आसाम चौराहे के फ्लाईओवर के निकट पेयजल की व्यवस्था और सार्वजनिक शौचालय निर्माण का मुद्दा भी बैठक में उठाया गया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर निकाय को इसके लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। इसी तरह वार्ड नंबर 18 में करीब 50 मीटर गली को तोड़कर छोड़ दिए जाने की शिकायत भी सामने आई। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि उक्त स्थान पर कार्य शुरू करा दिया गया है। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्योग और व्यापार जगत से जुड़ी समस्याओं का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए और स्वीकृत कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाए।

# रक्षाबंधन पर डीएम को छात्राओं ने बांधी राखी, सीमा पर तैनात जवानों के लिए भी भेजीं हस्तनिर्मित राखियां

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर जिले की कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की छात्राओं ने भाई-बहन के स्नेह के साथ देशभक्ति की भावना का भी अनूठा संदेश दिया। जनपद के नौ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की 18 छात्राएं जिला मुख्यालय पहुंचीं और जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह को अपने हाथों से तैयार की गईं राखियां बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। छात्राओं ने भारत-नेपाल सीमा पर देश की सुरक्षा में तैनात जवानों के लिए भी हस्तनिर्मित राखियां भेजीं।

छात्राओं द्वारा अपने हाथों से तैयार राखियां लेकर जिलाधिकारी के पास पहुंचने और उन्हें राखी बांधने के दौरान माहौल आत्मीय हो उठा। वहीं सीमा पर तैनात जवानों के लिए राखियां भेजकर छात्राओं ने यह संदेश दिया कि देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिक भी समाज के लिए परिवार के सदस्यों की तरह हैं। उनकी सुरक्षा और समर्पण के प्रति सम्मान की भावना हर नागरिक के मन में है।





रक्षाबंधन पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की छात्राओं से राखी बंधवाते जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह। –जागरण मोर्चा

राखी बंधवाने के बाद जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने सभी छात्राओं को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्राओं के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की छात्राएं पढ़ाई के क्षेत्र में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। उनकी प्रतिभा और मेहनत को उचित अवसर और मार्गदर्शन मिले तो ये बालिकाएं भविष्य में उच्च पदों पर पहुंचकर समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा और उनके सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ विद्यालयों की मूलभूत आवश्यकताओं और सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले के सभी नौ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को प्रदेश के सबसे सुंदर, बेहतर और सर्वसुविधायुक्त विद्यालयों के रूप में विकसित करने का संकल्प है। विद्यालयों में पढ़ाई का बेहतर माहौल बनाने के साथ छात्राओं की आवश्यक सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान बीएसए, शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्राओं ने जिलाधिकारी के समक्ष विद्यालयों से संबंधित विभिन्न विषय भी रखे। जिलाधिकारी ने छात्राओं से संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई, विद्यालय की व्यवस्थाओं और आवश्यक सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बालिकाओं को मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास जरूरी है। छात्राओं को अपने लक्ष्य निर्धारित कर पूरी लगन के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी ने बीएसए, शिक्षक-शिक्षिकाओं और सभी छात्राओं का आभार व्यक्त किया। रक्षाबंधन के इस कार्यक्रम ने जहां स्नेह और अपनत्व की भावना को मजबूत किया, वहीं सीमा पर तैनात जवानों के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति का संदेश भी दिया।

## संक्षेप समाचार

### संगठन सृजन अभियान के तहत बिलसंडा में कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक



बिलसंडा में संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक में मौजूद पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता। –जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** संगठन सृजन अभियान के तहत शुक्रवार को बिलसंडा में कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। अनिल लॉन में आयोजित बैठक में उड़ीसा से आए पर्यवेक्षक, पूर्व सांसद एवं पूर्व कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य डॉ. रामचंद्र खुटिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक में पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने तथा आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पीसीसी पर्यवेक्षक प्रेम प्रकाश अग्रवाल, कुमुद गंगवार, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा, बिलसंडा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बृजेश वर्मा, डॉ. रविंद्र कुशवाहा, जिला महासचिव नरेश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष पुष्पा गंगवार, एआईसीसी सदस्य एडवोकेट ईश्वर दयाल पासवान, पीसीसी सदस्य अनवर अनीस, डॉ. नागेश पाठक, नवीन सक्सेना, बरखेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष हरीश कुमार सिंह मौर्य, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, करनजीत सिंह, ललौरीखेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष मो. इरफान, यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप गंगवार, पूर्व शहर अध्यक्ष अभिनय गुप्ता गोल्डी, राजू मिश्रा, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष इस्तियाक अहमद, अल्पसंख्यक शहर अध्यक्ष सद्दीक उस्मानी, मनी सिंह, सुखपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। मुख्य अतिथि डॉ. रामचंद्र खुटिया ने कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत करना और अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़कर उन्हें सक्रिय भूमिका देना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा और संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निष्ठा और समर्पण के साथ काम करे। संगठन को केवल जिला या ब्लॉक स्तर तक सीमित न रखते हुए गांव, न्याय पंचायत, मंडल और बूथ स्तर तक मजबूत करने की जरूरत है। डॉ. खुटिया ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे लगातार जनता के बीच रहें और आम लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएं। उन्होंने कहा कि मजबूत जनसंपर्क और सक्रिय कार्यकर्ता ही किसी भी राजनीतिक संगठन की वास्तविक ताकत होते हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के माध्यम से कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से पूरी सक्रियता के साथ अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए बूथ स्तर पर सक्रिय होना होगा। जनता से जुड़े मुद्दों को उठाने और उनके बीच लगातार संवाद बनाए रखने से संगठन की पकड़ और मजबूत होगी। बिलसंडा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजेश वर्मा ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने बूथ स्तर तक कांग्रेस की विचारधारा को पहुंचाने और कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने का संकल्प दोहराया। बैठक के दौरान संगठन के विस्तार, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने, आगामी कार्यक्रमों तथा जनसमस्याओं को लेकर पार्टी की भूमिका पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# न्यूरिया में ज्वेलर्स की दुकान में लाखों की चोरी, मुख्य चौराहे से चंद कदम दूर वारदात

## करीब चार किलो चांदी और साढ़े तीन तोले सोने के आभूषण चोरी होने की बात, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की, सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी टीमें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** थाना न्यूरिया क्षेत्र में चोरों ने पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए मुख्य चौराहे से महज चंद कदम की दूरी पर ज्वेलर्स की दुकान को निशाना बना लिया। 20-21 अगस्त की रात हुई वारदात में चोर दुकान में रखे सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर फरार हो गए। प्रारंभिक जानकारी में करीब चार किलो चांदी और साढ़े तीन तोले सोने के नाक के फूल समेत लाखों रुपये के जेवरात चोरी होने की बात सामने आई है। घटना के बाद व्यापारियों में आक्रोश और अपनी दुकानों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

जानकारी के अनुसार न्यूरिया कस्बे के मोहल्ला ठाकुरद्वारा स्थित मीना बाजार में मुख्तयार अहमद पुत्र अमीर अहमद की ज्वेलर्स की दुकान है। रात में अज्ञात चोरों ने दुकान को निशाना बनाया और उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। सुबह चोरी की जानकारी होने पर व्यापारी और आसपास के लोग मौके पर जुट गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक तौर पर करीब चार किलो चांदी और साढ़े तीन तोले सोने के आभूषण चोरी होने की बात कही जा रही है। हालांकि पुलिस के मुताबिक वादी की ओर से चोरी गए सामान की पूरी सूची अभी उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसे में चोरी हुए जेवरात की वास्तविक मात्रा और कुल कीमत का अंतिम आकलन अभी नहीं हो सका है। न्यूरिया कस्बे के मुख्य चौराहे से बेहद कम दूरी पर ज्वेलर्स की दुकान में हुई चोरी ने पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल खड़े कर दिए हैं। व्यापारियों का कहना है कि बाजार क्षेत्र में ज्वेलर्स की दुकानें होने के बावजूद रात में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रहनी चाहिए। मुख्य बाजार में हुई वारदात से दुकानदारों में भी चिंता बढ़ गई है। व्यापारियों ने बाजार और प्रमुख चौराहों के आसपास रात्रि गश्त बढ़ाने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी की मांग की है।





न्यूरिया में ज्वेलर्स की दुकान में चोरी के बाद घटनास्थल का निरीक्षण करती पुलिस।

घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया और सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर नताशा गोयल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और स्थानीय पुलिस को घटना के शीघ्र अनावरण के निर्देश दिए। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। घटनास्थल से मिले साक्ष्यों को भी जांच का हिस्सा बनाया गया है। आरोपियों की पहचान और उनकी गतिविधियों का पता लगाने के लिए पुलिस टीमें अलग-अलग बिंदुओं पर काम कर रही हैं।थाना न्यूरिया में प्राप्त तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि चोरी की घटना के खुलासे के लिए टीमें लगातार काम कर रही हैं। सीसीटीवी फुटेज और घटनास्थल से प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

पुलिस के सामने अब चोरी गए जेवरात की बरामदगी के साथ ही वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों तक पहुंचने की चुनौती है। मुख्य चौराहे के पास हुई इस चोरी के बाद व्यापारी वर्ग की निगाहें पुलिस की कार्रवाई और घटना के जल्द खुलासे पर टिकी हैं। सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर नताशा गोयल ने बताया, "न्यूरिया कस्बे में 20-21 अगस्त की रात ज्वेलर्स की दुकान में चोरी की घटना सामने आई है। मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए मुकदमा पंजीकृत किया गया है। दुकान और आसपास से मिले सीसीटीवी फुटेज तथा अन्य साक्ष्यों पर काम किया जा रहा है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।"

# हिंदू गौरव दिवस पर गूंजा कल्याण सिंह के आदर्शों का संदेश

## पांचवीं पुण्यतिथि पर 'बाबूजी' को श्रद्धांजलि, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सामाजिक समरसता और राष्ट्रसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने का किया आह्वान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** श्रद्धेय स्वर्गीय कल्याण सिंह 'बाबूजी' की पांचवीं पुण्यतिथि एवं चतुर्थ 'हिंदू गौरव दिवस' के अवसर पर लखनऊ में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे जनप्रतिनिधियों, संत-महात्माओं, समाजसेवियों और लोधी समाज के प्रमुख लोगों ने बाबूजी को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके जीवन, संघर्ष, सिद्धांतों और राष्ट्रसेवा को याद किया।

कार्यक्रम में महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने भी सहभागिता की। उन्होंने कहा कि कल्याण सिंह का जीवन केवल एक राजनेता का जीवन नहीं, बल्कि विचार, सिद्धांत और सामाजिक सरोकारों के लिए समर्पित एक ऐसी यात्रा थी, जिसने उत्तर प्रदेश की राजनीति और सामाजिक चेतना पर गहरी छाप छोड़ी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कल्याण सिंह 'बाबूजी' का संपूर्ण जीवन राष्ट्र, समाज और भारतीय संस्कृति के प्रति समर्पण का उदाहरण है। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में सत्ता को साध्य नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम माना। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबूजी ने सामाजिक समरसता को मजबूत करने और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सम्मान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया। उनका जीवन यह संदेश देता है कि सार्वजनिक जीवन में व्यक्ति को अपने विचारों और मूल्यों के प्रति दृढ़ रहना चाहिए।









लखनऊ में आयोजित हिंदू गौरव दिवस कार्यक्रम में स्वर्गीय कल्याण सिंह 'बाबूजी' को श्रद्धांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज एवं अन्य जनप्रतिनिधि। –जागरण मोर्चा

उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र बन चुका है। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान कल्याण सिंह ने जिस दृढ़ता के साथ अपनी आस्था और संकल्प को प्राथमिकता दी, वह इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि 'हिंदू गौरव दिवस' का उद्देश्य किसी एक व्यक्ति का स्मरण भर नहीं, बल्कि समाज को एकजुट करने वाले विचारों को आगे बढ़ाना है। सामाजिक समरसता, राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक चेतना और वंचित वर्गों के सम्मान के लिए निरंतर प्रयास ही बाबूजी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

वक्ताओं ने कहा कि समाज में जातीय और सामाजिक विभाजन को समाप्त कर सभी वर्गों को समान सम्मान और अवसर देना समय की आवश्यकता है। कल्याण सिंह ने अपने सार्वजनिक जीवन में इसी भावना को आगे बढ़ाने का प्रयास किया। उनके विचार आज भी सामाजिक एकता के लिए प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने राम जन्मभूमि आंदोलन के दौर को याद करते हुए कहा कि कल्याण सिंह ने राजनीतिक दबावों के बावजूद अपने विश्वास और सिद्धांतों को सर्वोपरि रखा। उनके लिए श्रीराम केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों के प्रतीक थे।

वक्ताओं ने कहा कि बाबूजी के जीवन का सबसे बड़ा संदेश यही है कि कठिन परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से विचलित नहीं होना चाहिए।

### बाबूजी के विचारों को आगे बढ़ाना ही सच्ची श्रद्धांजलि : स्वामी प्रवक्तानंद

महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि कल्याण सिंह 'बाबूजी' ने अपने पूरे जीवन में समाज को संगठित और सशक्त बनाने के लिए कार्य किया। उन्होंने कहा कि हिंदू गौरव दिवस समाज को अपनी सांस्कृतिक विरासत, एकता और राष्ट्र के प्रति दायित्वों का स्मरण कराने वाला अवसर है उन्होंने कहा कि बाबूजी ने श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान सत्ता से अधिक अपने सिद्धांतों और प्रभु श्रीराम के प्रति अपनी आस्था को महत्व दिया। उनके संकल्प का परिणाम आज अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के रूप में सामने है। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में श्रीराम मंदिर का सपना साकार हुआ है। साथ ही समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों के कल्याण, सम्मान और सशक्त प्रतिनिधित्व की दिशा में किए जा रहे कार्यों में भी सामाजिक समरसता की भावना दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की खुशहाली, विकास, सुशासन और सामाजिक समरसता के जिस सपने को बाबूजी ने देखा था, उसे आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उनके आदर्श, संघर्ष, त्याग और राष्ट्रसेवा की भावना आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देती रहेगी।

# पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर किया भावपूर्ण स्मरण

## गन्ना राज्यमंत्री के जनसहयोग कार्यालय पर बड़ी संख्या में लोगों ने अर्पित की पुष्पांजलि

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पद्मभूषण से सम्मानित स्वर्गीय कल्याण सिंह की पंचम पुण्यतिथि पर शुक्रवार को उनका भावपूर्ण स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के संजय रॉयल पार्क स्थित जनसहयोग कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और लोधी समाज के लोगों ने स्व. कल्याण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्वर्गीय कल्याण सिंह के राजनीतिक और सामाजिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जनहित के कार्यों, राष्ट्रवादी विचारधारा और संगठन के प्रति समर्पण को याद किया। मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने बाबूजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके द्वारा किए गए जनहित के कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्व. कल्याण सिंह का जीवन समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है।

ललौरीखेड़ा ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बाबूजी भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त और राष्ट्रवादी राजनीति के शिल्पी थे। उन्होंने श्रीराम मंदिर आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यही कारण है कि उनकी पुण्यतिथि को हिंदू गौरव दिवस के रूप में भी याद किया जाता है।

गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के अनुज विजय सिंह गंगवार ने स्व. कल्याण सिंह के जीवन आदर्शों और उनकी अटूट राष्ट्रभक्ति पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबूजी ने अपने सार्वजनिक जीवन में सिद्धांतों और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनके बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने उपस्थित लोगों से उनके विचारों और आदर्शों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि स्व. कल्याण सिंह का राजनीतिक जीवन दृढ़ इच्छाशक्ति, स्पष्ट विचारधारा और राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्धता का उदाहरण रहा। उन्होंने संगठन और समाज के लिए लंबे समय तक कार्य किया और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी। इस अवसर पर गन्ना समिति के चेयरमैन चौधरी दिग्विजय सिंह, सभासद सुरेश लोधी, शिवली, सभासद पति रिंकू लोधी, राज्यमंत्री प्रतिनिधि रमेश वर्मा प्रधान, ओमप्रकाश वर्मा, राकेश लोधी, विपिन त्यागी, राम किशोर लोधी, राजीव मोहन लोधी, बाबूराम लोधी, निहाल लोधी, कमल लोधी, अमर लोधी, अतुल सिंह लोधी, जसवीर सिंह राजपूत, दीनदयाल लोधी, नन्हे लोधी, राजू लोधी, बब्बी लोधी, श्रीकांत वर्मा, भाजपा नगर महामंत्री अमरीष शर्मा (अम्बू), एडवोकेट अमिताभ त्रिपाठी, मनोज मिश्रा, शिव नरायन शर्मा, सचिन गुप्ता (चन्नू), श्रीराम वर्मा और शांति स्वरूप शर्मा, मनोज पटेल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

## एक नजर

### दरवाजे पर गाली-गलौज और मारपीट, तीन पर मुकदमा दर्ज

**बीसलपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर भजा में दरवाजे पर आकर गाली–गलौज करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित रामप्रकाश पुत्र झब्बू लाल कोरी निवासी ग्राम महमूदपुर भजा, थाना बीसलपुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 अगस्त 2026 की शाम लगभग 8 बजे उनके पड़ोस में रहने वाले ऋषि पाल, सन्त ऋषि और पूरन उनके घर के दरवाजे पर आए। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने दरवाजे पर आकर गाली–गलौज शुरू कर दी। जब पीड़ित के पिता झब्बू लाल ने गाली देने से मना किया, तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## संक्षेप समाचार

### घरेलू कलह से नाराज महिला ने खिलाया नशीला पदार्थ, सास, ससुर और पति की बिगडी हालत, तीनों किए रेफर

**घुंघचाई/ पूरनपुर।** महिला ने परिवार से हुए विवाद के बाद अपने पति सास ससुर सहित तीनों लोगों को खाने में नशीला पदार्थ दे दिया। जिससे सुबह उनकी हालत बिगड़ गई और उन्हें पूरनपुर सीएचसी ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर रेफर किया गया। मामले की सूचना पुलिस को मिली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल कर रही हैं। तहसील क्षेत्र के गांव चदुइया कॉलोनी निवासी रोशनी और प्रबीण मंडल ने प्रेम विवाह किया था। आए दिन उसका परिवार से विवाद होता रहता है। गुरुबार को रात्रि में भी परिवार से विवाद हुआ था। विवाद के बाद महिला ने अपने पति प्रवीन मंडल (21) ससुर मोहन मंडल (65) सास नमिता मंडल (45) को खाने में किसी प्रकार का नशीला पदार्थ दे दिया।जिससे उनकी हालत बिगड़ गई सोए हुए परिजन जब सुबह उठे तो उन्हें चक्कर आने लगे और उल्टी होने लगी। इससे खलवली मच गई। बडी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। जिससे अन्य लोगों की मदद से उन्हें उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर वहां से उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक पता लगा है कि रोशनी नाम की महिला का प्रवीण मंडल से प्रेम विवाह हुआ है। इससे पहले भी उसके परिजनों से विवाद होते रहते थे। सूचना पर पुलिस मौकै पर पहुंची। और परिवार से जानकारी जुटाई। कुछ ही देर बाद महिला घुंघचाई थाने पहुंची। और जानकारी पुलिस को दी। मामले में एस ओ राजीव कुमार द्वारा बताया गया कि अभी किसी भी प्रकार की तहरीर नहीं प्राप्त हुई है। हालांकि सूचना पर मौके पर पुलिस गई थी जोकि जांच पड़ताल कर रही है।

### छेड़खानी कर महिला का गला दबाने का आरोपी पकड़ा, 16 और 18 अगस्त को दिया था घटना को अंजाम

**पूरनपुर।** घर में घुसकर महिला से छेडछाड कर जान से मारने की नीयत से गला दबाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को हाईवे से गिरफ्तार कर आरोपी को जेल भेजा है। खुटार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक परिवार के साथ घुंघचाई थाना क्षेत्र के एक गांव में रहता है। 16 अगस्त को शाम करीब सात बजे गांव निवासी सचिन उर्फ छोटू महिला के घर में घुस आया। और महिला से छेडछाड की, 18 अगस्त को शाम करीब छह बजे आरोपी अपने बडे भाई राजेश के साथ घर पर पहुंचा और गंदी गंदी गालियां देने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने हत्या करने की नीयत से महिला का गला दबा दिया। और मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। पुलिस ने आरोपी छोटू उर्फ सचिन व उसके भाई राजेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार चल रहा था। शुक्रबार को पुलिस ने पूरनपुर– बंडा हाईवे पर ढाबा के पास से आरोपी सचिन को दवोच लिया। आरोपी कंही भागने की फिराक में खडा था। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर उसको न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।पुलिस क्षेत्राधिकारी विधि भूषण मौर्या ने बताया कि आरोपियो को गिरफ्ताकर जेल भेज दिया गया है।

### मारपीट कर फायर करने का आरोप, शिकायत

**पूरनपुर।** घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव जितौरिया टांडा निवासी अमर सिंह ने पुलिस को दिए शिकायत पत्र में कहा है कि 20 अगस्त को वह अपने साथी इन्द्रपाल के साथ पडोसी गांव सिमरिया ता. अजीतपुर बिल्हा में चल रही प्लाटिंग पर वह आठ लाख रुपये मांगने गया था। पूरनपुर के मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने प्लाटिंग पर दोनो को कोल्ड ड्रिंग पिलाई। इसके बाद दोनो को नशा होने लगा। पीडित ने अपने रुपये मांगे तो वंहा मौजूद व्यक्ति ने मारपीट करते हुए जातिसूचक गालियां दी। विरोध पर डराधमका कर रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि साथी पर फायर चला दिया। शिकायत पुलिस की गई है।

### बाइक और नकदी न देने पर विवाहिता को निकाला

पूरनपुर। वाइक और पचास हजार की नकदी न देने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। आरोप है कि पति ने परिवार की मदद से दूसरी महिला को भगा ले जाकर शादी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव चांट फिरोजपुर निवासी मनु देवी ने बताया कि उसकी शादी फरवरी 2026 में खुटार थाना क्षेत्र के गांव तिकुनिया निवासी अबनीश कुमार के साथ हुई थी। मायके पक्ष में अपनी सामर्थ के अनुसार दान दहेज दिया था। लेकिन दिए गए दहेज से ससुराल संतुष्ट नहीं थे, शादी के कुछ दिनों बाद विवाहिता के ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज में पचास हजार रुपये की नकदी व वाइक की मांग शुरू कर दी। विवाहिता ने इनकार कर दिया। जिससे उसको आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न करने पर उसको लात घुसों से मारा पीटा और घर से निकाल दिया। माल जेवर भी छीन लिया। आरोप है कि पति ससुरालियो के सहयोग से एक महिला को भगा ले गया। जानकारी लगने पर जब विवाहिता ससुराल पहुंची तो ससुरालियों ने कहा कि पति की दूसरी शादी करा दी है। मामले की तहरीर मिलने पर पुलिस ने पति अवनीश कुमार, जागेश्वर दयाल, कुसुमा देवी, राम सिंह कलवात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कार, बाइक और नकदी न देने मारपीट, मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** थाना क्षेत्र के गांव रामपुर ता. महाराजपुर निवासी संजना देवी ने बताया कि उसकी शादी दो साल पहले खीरी के थाना हेदरावाद क्षेत्र के गांव बुधेली नानकारा निवासी अवनीश कुमार के साथ हुई थी। मायके पक्ष में अपनी सामर्थ के अनुसार दान दहेज दिया था। लेकिन दिए गए दहेज से ससुराल संतुष्ट नहीं थे। कुछ दिनों बाद विवाहिता के ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये की नकदी, कार और वाइक की मांग शुरू कर दी। विवाहिता ने इनकार कर दिया। जिससे उसको आए दिन लाठी डंडे और बेल्टो से मारपीट कर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। ससुराल में पता चला कि पति की शादी पहले एक महिला से हो चुकी थी। जिसको जलाकर भगा दिया था। यह बात ससुरालियों ने नही बताई और विवाहिता की शादी कर ली। विवाहिता ने धोखाधडी कर शादी करने का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत थाने पर की थी। जिसका समझौता भी हो गया था। समझौते के बाद वह ससुराल आई। लेकिन मांग करना बंद नही हुआ। इसके बाद पति उसको उत्तराखंड ले गया। जंहा उसको मारा पीटा। 17 अगस्त को हरिद्वार में जान से मारने की नीयत से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। जान बचाकर वह अपने मायके लोटी। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पीएम आवास योजना में गड़बड़ी के आरोप, जांच की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय




**शेरपुर कलां।** पक्के मकान वालों को लाभ देने और गरीब परिवारों की अनदेखी का आरोप लगा है। गांव निवासी आरिफ वेग पुत्र साजिद वेग ने मुख्यमंत्री को शिकायत पत्र व शपथ पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि आवास सूची में कुछ ऐसे लोगों के नाम शामिल हैं, जिनके पास पहले से पक्के मकान हैं, जबकि गरीब, भूमिहीन, मजदूर, वृद्ध, विधवा और बेसहारा परिवार अब भी कच्चे, जर्जर मकानों, झोपड़ियों व टीनशेड में रहने को मजबूर हैं। शिकायत में ग्राम पंचायत के रोजगार सेवक पर मनरेगा कार्यों में अनियमितता और रिश्तेदारों को लाभ पहुंचाने के भी आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता ने आवास योजना की सूची की जांच, पात्र परिवारों का पुनः सर्वेक्षण, अपात्रों की पात्रता की समीक्षा और दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही रोजगार सेवक को दूसरी जगह स्थानांतरित करने की मांग भी की गई है। शिकायत की प्रतिलिपि शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी और खंड विकास अधिकारी पूरनपुर को भी भेजी गई है। अब मामले में प्रशासनिक जांच और कार्रवाई का इंतजार है।

# अभियोजन कार्यों और एन कार्ड की बैठक में डीएम ने दिए सख्त निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को गांधी सभागार में अभियोजन कार्यों एवं एन कार्ड की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासकीय अधिवक्ताओं के माध्यम से संचालित अभियोजन वादों, जमानत प्रार्थना पत्रों के निस्तारण, दोषमुक्त मामलों में दाखिल अपीलों, समन एवं वारंट की तामीला, गवाहों की स्थिति तथा सत्र न्यायालय में स्वीकृत एवं अस्वीकृत जमानतों सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई।

अभियोजन कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पॉक्सो, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम, गैंगस्टर एक्ट, दुष्कर्म तथा महिला एवं बाल अपराधों से संबंधित मुकदमों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों तथा दुष्कर्म के मामलों की सुनवाई प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाए। साथ ही समन एवं वारंट की तामीला में तेजी लाने तथा न्यायालयों में प्रभावी पैरवी के माध्यम से दोषियों को सजा दिलाने की दिशा में गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक में महिला अपराधों में हुई सजा एवं अन्य कानूनी कार्यवाहियों की भी जानकारी जिलाधिकारी को दी गई। उन्होंने अभियोजन एवं पुलिस अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया, ताकि लंबित मामलों का प्रभावी ढंग से निस्तारण कराया जा सके।

एन कार्ड के अंतर्गत विगत माह में किए गए कार्यों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई करने तथा संबंधित विभागों के बीच आपसी समन्वय स्थापित कर मजबूत सूचना तंत्र विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिक मात्रा में मादक पदार्थों की बरामदगी के साथ-साथ तस्करी के नेटवर्क पर भी प्रभावी कार्रवाई की जाए।

जिलाधिकारी ने औषधि निरीक्षक को जनपद में नशे के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाकर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से सीमावर्ती गांवों में सूचना तंत्र को मजबूत करने को कहा, जिससे मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाया जा सके।

जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए विद्यालयों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा उनके दुष्प्रभावों की जानकारी दी जाएगी।




गांधी सभागार में अभियोजन कार्यों एवं एन कार्ड की समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह। -जागरण मोर्चा

# धिमरपुरा गांव में नदी में तैरता मिला युवक का शव, परिवार में मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धिमरपुरा के पास काटना नदी में शुक्रवार सुबह एक युवक का शव तैरता हुआ मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान नगर के मोहल्ला हबीबुल्लाह खां जानूबी निवासी मोहम्मद उमर उर्फ अल्लाह रखा 30 वर्ष के रूप में हुई है। युवक बीते 6 दिनों से घर से लापता था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। नगर के मोहल्ला हबीबुल्लाह खां जानूवी निवासी स्वर्गीय हबीबुल्लाह शेख का 30 वर्षीय पुत्र मोहम्मद उमर मानसिक रूप से कमजोर था। वह 6 दिन पूर्व बिना बताए घर से कहीं चला गया था। परिजनों ने रिश्तेदारियों और संभावित स्थानों पर उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। शुक्रवार सुबह करीब 10:00 बजे धिमरपुरा गांव के पास काटना नदी में ग्रामीणों ने एक युवक का शव तैरता देखा। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना बीसलपुर कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी संजीव कुमार शुक्ला ने ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला। पहचान के प्रयास करने पर मृतक की शिनाख्त मोहम्मद उमर के रूप में हुई। मौत की खबर जैसे ही परिजनों तक पहुंची, घर में चीख-पुकार मच गई और रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।



मृतक का फाइल फोटो।



सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस। -जागरण मोर्चा

## शराब के नशे में पिता ने बेटी की सिर में गोली मारकर की हत्या

**पीलीभीत/बीसलपुर।** बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामपुरा नौगवां में शुक्रवार शाम एक दिल दहला देने वाली वारदात से सनसनी फैल गई। शराब के नशे में घर पहुंचे पिता ने कथित तौर पर कहासुनी के दौरान अपनी करीब 20 वर्षीय बेटी के सिर में गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल युवती की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी पिता फरार हो गया। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार शाम करीब 6:10 बजे सूचना मिली कि रामपुरा नौगवां गांव में एक व्यक्ति ने अपनी पुत्री को गोली मार दी है। सूचना मिलते ही बीसलपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। परिजनों ने पुलिस को बताया कि अंशिका गंगवार पुत्री अजय पाल गंगवार, उम्र करीब 20 वर्ष, घर पर मौजूद थी। इसी दौरान अजय पाल गंगवार शराब के नशे में घर आया।

# घुंघचाई पुलिस की सराहनीय पहल, टूटने से बचा परिवार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**घुंघचाई/पूरनपुर।** थाना घुंघचाई पुलिस ने एक बार फिर मानवता और संवेदनशीलता की मिसाल पेश की है। पुलिस के प्रयास से पति-पत्नी के बीच लंबे समय से चल रहा आपसी विवाद समाप्त हो गया। जिससे परिवार टूटने से बच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद विवाद इतना बढ़ गया कि पत्नी ने थाना घुंघचाई में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना अध्यक्ष के निर्देशन में पुलिस ने दोनों पति-पत्नी को थाने पर बुलाया। पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग-अलग और फिर एक साथ बैठाकर उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से पहले पुलिस ने काउंसलिंग और आपसी बातचीत के माध्यम से विवाद को सुलझाने का प्रयास किया। पुलिस की समझाइश और मध्यस्थता का सकारात्मक असर हुआ और दोनों के बीच आपसी सहमति से सुलह हो गई। दोनों ने भविष्य में प्रेम और सामंजस्य के साथ रहने का वादा किया। विवाद समाप्त होने के बाद पति-पत्नी ने खुशी जाहिर करते हुए थाना घुंघचाई पुलिस का आभार व्यक्त किया। पुलिस की इस पहल की क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस ने केवल शिकायत का निस्तारण ही नहीं किया, बल्कि एक परिवार को बिखरने से बचा लिया।

**दिक्कत** अधिकारियों ने किया बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का निरीक्षण

# चंदिया हजारा में कटान जारी, दहशत में ग्रामीण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा के समीप नदी में कटान लगातार जारी रहने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। कटान की रफ्तार बढ़ने से ग्रामीणों को गांव और आसपास के इलाकों में खतरा सताने लगा है। ग्रामीण लगातार बाढ़ और कटान की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। शुक्रवार को बाढ़ खंड के अधीक्षण अभियंता ने चंदिया हजारा पहुंचकर मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने नदी के किनारे पहुंचकर चल रहे कटान और बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से भी बातचीत कर कटान से संबंधित जानकारी जुटाई। ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि नदी के कटान के चलते उन्हें लगातार खतरे की चिंता बनी हुई है। अधीक्षण अभियंता ने मौके पर मौजूद बाढ़ खंड के अधिकारियों और कर्मचारियों से भी स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कटान प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई और स्थिति पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने प्रशासन से कटान रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कटान को रोकने के लिए ठोस इंतजाम नहीं किए गए तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। प्रशासनिक अधिकारियों के निरीक्षण के बाद ग्रामीणों को उम्मीद है कि जल्द ही कटान रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल नदी के किनारे लगातार हो रहे कटान को लेकर ग्रामीणों में चिंता बनी हुई है।



बाढ का निरीक्षण करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

## भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत में उमड़ा किसानों का सैलाब

**पीलीभीत।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत शुक्रवार को पीलीभीत मंडी स्थित किसान विश्राम गृह में आयोजित की गई। पंचायत में हजारों की संख्या में किसानों और संगठन के कार्यकर्ताओं की मौजूदगी से किसान विश्राम गृह परिसर में जनसैलाब उमड़ पड़ा। पंचायत की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गुरदीप सिंह गोगी ने की। पंचायत में किसानों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए उनके समाधान के लिए संगठन की ओर से मजबूती के साथ आवाज उठाने की बात कही। किसानों के हितों से जुड़े मुद्दों पर आगे की रणनीति को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान संगठन को और अधिक मजबूत एवं व्यापक बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

# शाम होते ही अंधेरे में डूब जाते हैं देहात क्षेत्र के गांव बिजली शेड्यूल ने बढ़ाई ग्रामीणों की मुश्किलें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** दिनभर कामकाज के बाद जैसे ही शाम ढलती है, लोगों की नजरें बिजली के तारों पर टिक जाती हैं। उम्मीद होती है कि अब घर रोशनी से जगमगाएंगे, बच्चे पढ़ाई करेंगे और परिवार चैन से खाना खाएगा। लेकिन बिजली विभाग का शेड्यूल लोगों की उम्मीदों पर पानी फेर रहा है। शाम के समय जब बिजली की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, उसी समय आपूर्ति गायब हो जाती है और घरों में अंधेरा छा जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति का कोई भरोसा नहीं रह गया है। विभाग की ओर से जारी शेड्यूल और धरातल पर हो रही सप्लाई में काफी अंतर नजर आ रहा है। खासकर रात्रि का शेड्यूल उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। लोगों के मुताबिक कई बार बिजली कुछ देर के लिए आती है और फिर अचानक चली जाती है। पूरे दिन में बमुश्किल दो से चार घंटे ही बिजली मिल पा रही है। खाने के समय अंधेरा, पढ़ाई के समय बिजली गुल ग्रामीणों के लिए सबसे बड़ी परेशानी शाम के समय बिजली कटौती को लेकर है। यही वह समय होता है जब घरों में खाना बनाने की तैयारी होती है। बच्चे पढ़ाई के लिए बैठते हैं और लोग दिनभर के काम निपटाते हैं। लेकिन बिजली नहीं होने से पूरा माहौल अस्त-व्यस्त हो जाता है। कई घरों में मोबाइल की रोशनी और टॉर्च के सहारे काम चलाना पड़ता है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने के साथ ही घरेलू कामकाज भी रुक जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली की जरूरत के समय कटौती और जरूरत खत्म होने के बाद आपूर्ति का क्या मतलब उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली विभाग द्वारा जारी शेड्यूल देखकर लोगों को लगा था कि उन्हें निर्धारित समय पर पर्याप्त बिजली मिलेगी, लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। रात्रि में बिजली आपूर्ति का समय ऐसा है कि उसका लोगों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि विभाग शाम और रात के समय आपूर्ति का शेड्यूल लोगों की जरूरत के मुताबिक निर्धारित करे तो काफी राहत मिल सकती है। लोगों की मांग है कि शाम के समय नियमित बिजली दी जाए, ताकि बच्चे पढ़ सकें और परिवार बिना परेशानी के खाना खा सके।

## बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग-11 घोषित

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार से दक्षिण मैके में शुरू हो रहे सीरीज के दूसरे और आखिरी टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन का एलान कर दिया है। मैथ्यू रेनशॉ की एकादश में वापसी हुई है। वह ट्रेविस हेड के साथ पारी शुरूआत करेंगे। मार्नस लाबुशेन और नाथन लियोन भी प्लेइंग इलेवन में जगह बचाने में कामयाब रहे हैं। रेनशॉ फरवरी 2023 के बाद अपना पहला टेस्ट खेलेंगे। वह अपना आखिरी टेस्ट भारत के खिलाफ ही दिल्ली में खेले थे। उस समय वह नियमित ओपनर डेविड वार्नर के लिए कनकशन सब्स्टीट्यूट के तौर पर आए थे।

रेनशॉ ने 14 टेस्ट मैचों की 24 पारियों में एक शतक और तीन अर्धशतक लगाते हुए 645 रन बनाए हैं। उनका सर्वाधिक स्कोर 184 है। रेनशॉ को पिछले मैच की दोनों पारियों में असफल रहे सलामी बल्लेबाज जेक वेदराल्ड की जगह टीम में शामिल किया गया है। मार्नस लाबुशेन लंबे समय से बड़ा स्कोर नहीं कर पा रहे हैं। डार्विन में खेले गए पिछले टेस्ट में भी दोनों पारियों में वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके थे। इसके बावजूद मैके टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन में उनकी जगह बरकरार है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान निश्चित रूप से इस बल्लेबाज से मैके टेस्ट में बड़े स्कोर की उम्मीद करेंगे।

# बांग्लादेश की उम्मीदों को लगेगा झटका! टलेगा भारतीय टीम का दौरा?

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष तमीम इकबाल ने इस बात के संकेत दिए हैं कि भारत का बांग्लादेश दौरा एक बार फिर टल सकता है। हालांकि, तमीम का कहना है कि इस सीरीज को लेकर दोनों क्रिकेट बोर्ड के बीच बातचीत जारी है।

बांग्लादेश को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) एक बार फिर तगड़ा झटका दे सकता है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष तमीम इकबाल ने इस बात के संकेत दिए हैं कि भारतीय टीम का बांग्लादेश दौरा एक बार फिर टल सकता है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, तमीम का कहना है कि सीरीज को लेकर फिलहाल बीसीबी और बीसीसीआई के बीच बातचीत जारी है। तय कार्यक्रम के अनुसार, भारत को पिछले साल अगस्त में बांग्लादेश का दौरा करना था, लेकिन इसे सितंबर 2026 तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। बीसीबी ने जनवरी में बताया था कि भारतीय टीम ढाका और चट्टोग्राम में तीन वनडे और इतने ही टी20 मैचों की सीरीज खेलेगी। हालांकि, इस दौरे को लेकर अब तक बीसीसीआई की ओर से आधिकारिक घोषणा नहीं की गई।




रिपोर्ट के मुताबिक, पहला वनडे तीन सितंबर से होना है। लेकिन इससे दो सप्ताह पहले तक इस बात पर संशय बना हुआ है कि सीरीज होगी भी या नहीं। ढाका में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान तमीम ने एक आयु ग्रुप टूनार्मेंट, द गेम डवलपमेंट ट्रॉफी की घोषणा की। बोर्ड ने टूनार्मेंट का कार्यक्रम भी जारी किया जिसके अनुसार सभी मुकाबले शेर-ए बांग्ला नेशनल स्टेडियम में 28 अगस्त से नौ सितंबर के बीच खेले जाएंगे।

जब यह पूछा गया कि क्या इस टूनार्मेंट का यह मतलब है कि भारत बांग्लादेश नहीं आएगा? इस पर तमीम ने कहा कि कार्यक्रम में थोड़ा बदलाव हो सकता है। तमीम ने कहा, दोनों क्रिकेट बोर्ड इस सीरीज को लेकर चर्चा कर रहे हैं। इसकी तारीख में कुछ बदलाव हो सकता है। यह टूनार्मेंट मीरपुर में होना है, लेकिन इसे दो मिनट में बासुंधरा ग्राउंड में शिफ्ट किया जा सकता है। अगर भारत का दौरा फाइनल होता है तो हम उस हिसाब से शेड्यूल रखेंगे।

भारत और बांग्लादेश के बीच रिश्तों में उस समय खटास पैदा हो गई जब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर कर दिया। इसके बाद अमीनुल इस्लाम की अगुआई वाली बीसीबी ने ळ20 विश्व कप के लिए टीम भेजने से इनकार कर दिया, जिसकी सह-मेजबानी भारत ने की थी। रिश्तों में सुधार तब आया जब बीसीबी के नए अध्यक्ष तमीम ने इस महीने की शुरूआत में भारत की यात्रा की।

## भारत के खिलाफ कोलंबो टेस्ट के लिए श्रीलंका को करना पड़ा बदलाव

**एजेंसी न्यूज**

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने भारत के खिलाफ रविवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच के लिए टीम की घोषणा कर दी है। 14 सदस्यीय टीम में ऑलराउंडर सहन अराचिगे और बल्लेबाज कामिल मिशारा को शामिल किया गया है। पहले टेस्ट के दौरान चोटिल हुए दिनेश चांदीमल दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उनके रिप्लेसमेंट रहे पासिंदु सूयाबंदारा को भी टीम से बाहर रखा गया है। दूसरे ओपनर निशान मदुशंका को जगह नहीं मिली, जबकि गेंदबाजी ऑलराउंडर रमेश मेंडिस और तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका भी टीम में जगह नहीं बना सके।

अराचिगे को भारत ए के खिलाफ उनके शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। अराचिगे ने भारत ए के खिलाफ हाल ही में श्रीलंका ए क्रिकेट टीम की कप्तानी की थी और बेहतरीन बल्लेबाजी की थी। अराचिगे ने पहले मैच में 72 और दूसरे मैच में 127 रन की पारी खेली थी। दो अनाधिकारिक मैचों की सीरीज में भारतीय बल्लेबाज साई सुदर्शन के बाद अराचिगे दूसरे श्रेष्ठ स्कोरर रहे थे। अराचिगे को टेस्ट डेब्यू का इंतजार है।

मिशारा लंका प्रीमियर लीग 2026 में शानदार फॉर्म में थे। उन्होंने हाल के सीजन में नौ पारियों में 411 रन बनाए थे। उन्होंने गॉल गैलेंट्स के खिलाफ शतक भी बनाया था। वे मेजर क्लब्स टी20 टूनार्मेंट में शानदार फॉर्म में थे और महज 72 गेंदों पर 145 रन की पारी खेली थी।

# दूसरे टेस्ट से पहले शुभमन गिल कर रहे खास तैयारी, बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ जमकर बहा रहे पसीना

**एजेंसी न्यूज**

**कोलंबो।** दूसरे टेस्ट से पहले कप्तान शुभमन गिल ने बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ खास अभ्यास किया। पहले टेस्ट में प्रभात जयसूर्या के खिलाफ दो बार आउट होने वाले गिल ने नेट्स में रवींद्र जडेजा और मानव सुथार का सामना किया, जबकि कुलदीप यादव और केएल राहुल ने अभ्यास नहीं किया।

श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने अपनी एक कमजोर कड़ी पर खास ध्यान दिया है। गिल ने शुक्रवार को यहां सिंहली स्पोर्ट्स क्लब के नेट्स पर बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ लंबे समय तक बल्लेबाजी का अभ्यास किया। भारत और श्रीलंका के बीच दूसरा टेस्ट 23 अगस्त से खेला जाएगा। गॉल में खेले गए पहले टेस्ट मैच में गिल का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था। वह दोनों पारियों में बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या का शिकार बने। गिल ने पहली पारी में 16 जबकि दूसरी पारी में सिर्फ आठ रन बनाए थे। हालांकि, भारत ने यह मुकाबला 165 रन से जीतकर सीरीज में बढ़त बना ली थी।

**बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ गिल का रिकॉर्ड चिंता बढ़ाने वाला**

गिल को बाएं हाथ के पारंपरिक स्पिनरों के खिलाफ सही लाइन और लेंथ का अनुमान लगाने में परेशानी होती रही है।

टेस्ट क्रिकेट में 42 मैचों के दौरान वह बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ 11 बार अपना विकेट गंवा चुके हैं।

इसी कमजोरी को ध्यान में रखते हुए गिल ने शुक्रवार को नेट्स में बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ खासा समय बिताया।



उन्होंने मानव सुथार, रवींद्र जडेजा और कुछ स्थानीय गेंदबाजों का सामना किया।

इसके उलट ऑफ स्पिन और लेग स्पिन के खिलाफ गिल का रिकॉर्ड बेहतर है।

इन दोनों तरह के स्पिनरों के खिलाफ उनका संयुक्त बल्लेबाजी औसत 61 का है, जबकि सभी प्रकार के स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ उनका करियर औसत 48 है।

पहले टेस्ट में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव भी अभ्यास सत्र में टीम के साथ मौजूद थे। हालांकि, उन्होंने नेट्स में न तो गेंदबाजी की और न ही बल्लेबाजी की।

दूसरी ओर ऑफ स्पिनर सारांश जैन ने ऋषभ पंत और शुभमन गिल को कुछ ओवर गेंदबाजी की। उन्होंने पंत को दो मौकों पर परेशानी में भी डाला। हालांकि, दूसरे टेस्ट में कुलदीप यादव की जगह सारांश जैन को मौका मिलेगा या नहीं, इस पर अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी।

कुलदीप पहले टेस्ट में संघर्ष करते नजर आए थे। उन्होंने 25 ओवर में 103 रन खर्च किए और सिर्फ एक विकेट हासिल किया। उनका एकमात्र विकेट शुभमन गिल के शानदार कैच की बदौलत आया था।

भारतीय टीम के उप-कप्तान और सलामी बल्लेबाज केएल राहुल शुक्रवार के नेट अभ्यास में नजर नहीं आए। वहीं मध्यक्रम के बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने कुछ समय तक बल्लेबाजी का अभ्यास किया। पहले टेस्ट में राहुल और जुरेल दोनों ने अर्धशतक लगाए थे और भारत की 165 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। अब भारतीय टीम की नजरें दूसरे टेस्ट पर हैं, जहां गिल के प्रदर्शन के साथ-साथ यह भी देखना दिलचस्प होगा कि टीम प्रबंधन स्पिन गेंदबाजी संयोजन में कोई बदलाव करता है या नहीं।

# रक्षाबंधन पर देश में लगभग 25 हजार करोड़ रुपये का हो सकता है

**एजेंसी न्यूज**

**मुंबई।** इस वर्ष रक्षाबंधन के अवसर पर देशभर में लगभग 25 हजार करोड़ रुपये का व्यापार का अनुमान है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 45 प्रतिशत अधिक है जबकि उपहार, मिठाई, वस्त्र एवं अन्य त्योहारी उत्पादों को मिलाकर कुल व्यापार 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक तक पहुंच सकता है।

रक्षाबंधन का पर्व केवल भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी उत्पादों के प्रति बढ़ते विश्वास और राष्ट्रभावना का भी उत्सव बन गया है। देशभर के बाजारों में स्वदेशी राखियों की अच्छी मांग देखी जा रही है और विभिन्न राज्यों में तैयार की गई विशिष्ट भारतीय राखियां उपभोक्ताओं का विशेष आकर्षण बनी हुई हैं।

कॉन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय मंत्री शंकर ठक्कर ने कहा कि इस वर्ष रक्षाबंधन के अवसर पर देशभर में लगभग 25 हजार करोड़ रुपये का व्यापार का अनुमान है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 45 प्रतिशत अधिक है



जबकि उपहार, मिठाई, वस्त्र एवं अन्य त्योहारी उत्पादों को मिलाकर कुल व्यापार 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक तक पहुंच सकता है।पिछले वर्ष राखी का व्यापार देश भर में लगभग 17 हजार रुपए का हुआ था वहीं वर्ष 2023 में यह व्यापार 12 हजार करोड़ रुपये का हुआ था।

कैट के अनुसार देशभर के बाजारों में इस वर्ष भी चीनी राखियों की कोई मांग नहीं है। व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं ने पूरी तरह स्वदेशी राखियों को अपनाया है और बाजारों में केवल भारतीय निर्मित राखियां ही उपलब्ध हैं। कैट देश के विभिन्न शहरों में विशेष स्वदेशी मेले आयोजित करने जा रहा हैं, जहां महिला उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित राखियों एवं अन्य उत्पादों की बिक्री की जाएगी।

## 'इथेनॉल के कारण नहीं महंगी हुई चीनी': सरकार ने खारिज किए दावे, जमाखोरी और कम उत्पादन को बताया जिम्मेदार

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** त्योहारी सीजन से ठीक पहले चीनी की कीमतों में आई अचानक तेजी ने बाजार और आम उपभोक्ताओं में चिंता बढ़ा दी है। इस बीच यह दावा किया जा रहा था कि पेट्रोल में मिश्रण के लिए चीनी को इथेनॉल उत्पादन की ओर डाइवर्ट किए जाने से घरेलू बाजार में इसकी कीमतें बढ़ रही हैं। हालांकि, खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को एक आधिकारिक



बयान जारी कर इस दावे को पूरी तरह खारिज कर दिया। सरकार ने स्पष्ट किया है कि कीमतों में बढ़ोतरी का संबंध इथेनॉल से नहीं, बल्कि कम घरेलू उत्पादन, आगामी त्योहारी सीजन की मांग और जमाखोरी से है। सरकार ने त्योहारों में कीमतों को काबू में रखने के लिए शुल्क-मुक्त आयात और स्टॉक सीमा जैसे कड़े नीतिगत कदम भी उठाए हैं। आधिकारिक बयान में कहा गया कि एथेनॉल उत्पादन के लिए उपयोग हो रही चीनी का शेयर 2025-26 में कम होकर करीब 9 प्रतिशत हो गया है, जो कि 2022-23 में करीब 12 प्रतिशत था। साथ ही, कहा कि मौजूदा समय में देश में एथेनॉल के उत्पादन के लिए मक्के का उपयोग हो रहा है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, केवल एक महीने के भीतर चीनी की खुदरा कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। बीते 20 जुलाई को खुदरा चीनी की औसत कीमत 48.18 रुपये प्रति किलोग्राम थी, जो 20 अगस्त को बढ़कर 55.70 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। मंत्रालय ने इस बढ़ोतरी के लिए कम घरेलू उत्पादन, आगामी त्योहारी सीजन की बढ़ी मांग, मौसम के कारण फसलों को नुकसान, तंग वैश्विक आपूर्ति और बाजार के कुछ हिस्सों में सट्टेबाजी व जमाखोरी को जिम्मेदार ठहराया है।

# चीन की हिस्सेदारी नियम में ढील: भारत को मिले 4,895 करोड़ रुपये के 29 एफडीआई प्रस्ताव

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के एक महत्वपूर्ण निर्णय के बाद देश में विदेशी निवेश में तेजी आई है। मई 2026 में नियमों में ढील दिए जाने के बाद 20 अगस्त, 2026 तक 29 एफडीआई प्रस्तावों की सूचना मिली है। इन प्रस्तावों के तहत कुल 4,895.65 करोड़ रुपये, जो 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है, का प्रस्तावित निवेश भारत में आएगा। यह जानकारी वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में दी।

पहले, भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले किसी भी देश की मामूली हिस्सेदारी वाली विदेशी कंपनियों को निवेश के लिए सरकारी मंजूरी लेनी पड़ती थी। हितधारकों की मांग पर सरकार ने इन नियमों में संशोधन किया। संशोधित नियमों के अनुसार, जिन विदेशी कंपनियों में चीन या हांगकांग की 10 फीसदी तक हिस्सेदारी है, वे स्वचालित मार्ग से भारत में निवेश कर सकती हैं, बशर्ते वे क्षेत्रीय शर्तों का पालन करें। हालांकि, यह छूट चीन, हांगकांग या भारत से भूमि सीमा साझा करने वाले अन्य देशों में




पंजीकृत संस्थाओं पर लागू नहीं होगी। भारत से भूमि सीमा साझा करने वाले देशों में चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, म्यांमार और अफगानिस्तान शामिल हैं। वित्त मंत्रालय ने 1 मई, 2026 को फेमा के तहत इन बदलावों को अधिसूचित किया था।

ये 29 निवेश विभिन्न क्षेत्रों में फैले हुए हैं। इनमें सूचना प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सूचना और संचार, विनिर्माण, फार्मास्यूटिकल्स, डेटा केंद्र और परिवहन सेवाएं जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल हैं। इन निवेशों की रिपोर्ट मॉरीशस, संयुक्त राज्य अमेरिका, कोरिया, जापान, सिंगापुर, लक्जमबर्ग और केमैन आइलैंड्स जैसे देशों के निवेशकों या संस्थाओं से मिली है। यह दशार्ता है कि भारत वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बना हुआ है। सरकार की नीतिगत बदलावों ने विदेशी पूंजी को आकर्षित करने में मदद की है।

# मामूली बढ़त के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी, पश्चिम एशिया की चिंताएं बाजार पर हावी

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन उतार-चढ़ाव के बाद सपाट बंद हुए। पश्चिम एशिया में बनी अनिश्चितताओं के कारण प्रमुख सूचकांकों की तेजी सीमित रही। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही मामूली बढ़त के साथ बंद हुए।

तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 3.11 अंक बढ़कर 77,540.83 पर लगभग अपरिवर्तित रहा। दिन के कारोबार में यह 77,725.67 के उच्च और 77,445.86 के निम्न स्तर पर रहा। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 20.15 अंक या 0.08 फीसदी की मामूली बढ़त के साथ 24,252 पर बंद हुआ।

विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में उछाल ने निवेशकों को बड़े निवेश से रोका। कच्चे तेल की लगातार ऊंची कीमतें भी इसका एक कारण रहीं। एचएसटी वेल्थ के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरिसिल्वन राधाकृष्णन ने कहा।




निवेशक सप्ताहांत से पहले सतर्क रहे। अमेरिका और ईरान के बीच जारी गतिरोध से ऊर्जा बाजारों में भू-राजनीतिक जोखिम बना हुआ है। इससे भारत जैसी प्रमुख आयातक अर्थव्यवस्था के लिए तेल की कीमतें असहज स्तर पर हैं। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफएफआई) ने गुरुवार को 583.36 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

बाजार को किन कारकों ने प्रभावित किया?

कच्चे तेल की ऊंची कीमतें बाजार पर दबाव का मुख्य कारण रहीं। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव के कारण वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 93.84 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर रहा। अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में वृद्धि ने भी अनिश्चितता बढ़ाई। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा। बढ़ती कच्चे तेल की कीमतें और लगातार मुद्रास्फीति का डर बाजार में चिंता का कारण बना हुआ है।

सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व और एशियन पेंट्स प्रमुख लाभ में रहे। वहीं, ट्रेंट, मारुति, इंटरग्लोब एविएशन और एचसीएल टेक नुकसान में रहे। गुरुवार को सेंसेक्स 628.04 अंक या 0.82 फीसदी उछलकर 77,537.72 पर बंद हुआ था। निफ्टी भी सात दिनों की गिरावट के बाद 153.55 अंक या 0.64 फीसदी बढ़कर 24,231.85 पर पहुंचा था।

## सोना-चांदी तीन महीने के उच्चतम स्तर पर, कमजोर डॉलर से सुरक्षित निवेश की बढ़ी होड़

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में शुक्रवार (21 अगस्त) को सोने और चांदी की कीमतें तीन महीने से अधिक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में इन कीमती धातुओं में तेजी दर्ज की गई। कमजोर डॉलर और मजबूत वैश्विक रुझानों ने निवेशकों को सुरक्षित निवेश की ओर आकर्षित किया।




99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने का भाव 1,200 रुपये बढ़कर 1,63,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसमें सभी कर शामिल हैं। पिछली क्लोजिंग प्राइस 1,62,300 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। यह कीमती धातु 19 मई को 1,63,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर थी। चांदी ने भी तेजी का रुझान दिखाया। यह 5,000 रुपये उछलकर 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। यह 15 सप्ताह का उच्चतम स्तर है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
जन-जन की आवाज
शोक संदेश, बधाई संदेश, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नोटिस एवं टेन्डर के विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें।
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद एवं उत्तराखंड में प्रसारित
मो. नं.- 7579849555, 9627739857

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।